# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




**45** दिन में 66.21 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**63** देशों के राजनयिकों ने भी किया पुण्य स्नान

# अद्भुत...अभूतपूर्व 'संपूर्ण' हुआ महाकुंभ

## प्रयागराज में 45 दिन में जुटे श्रद्धालुओं की संख्या दुनिया के 231 देशों की आबादी से ज्यादा

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

45 दिन से चल रहा महाकुंभ महा-शिवरात्रि पर संपूर्ण हो गया। महाकुंभ में कई रिकॉर्ड बने हैं। बीते 45 दिनों में 66.21 करोड़ से ज्यादा भक्तों ने महाकुंभनगरी पहुंचकर संगम में डुबकी लगाई है। 63 देशों के राजनयिकों ने पुण्य स्नान किया। अगर संख्या के लिहाज से बात करें तो यह भारत की कुल आबादी का 50 फीसदी से ज्यादा है।

यानी आधे से ज्यादा भारत इस बार महाकुंभ में डुबकी लगा चुका है। इतना ही नहीं इस महाकुंभ में इस बार और भी कई रिकॉर्ड बने हैं। दुनिया के कुछ सबसे बड़े जुटावों में 2025 के महाकुंभ मेले से पहले 2019 को प्रयागराज में हुआ अर्ध कुंभ, 2013 में प्रयागराज में हुआ कुंभ और 2010 में हरिद्वार में हुआ कुंभ शामिल है। ▸▸ पढ़ें पेज 09 भी



### दुनिया में कहीं इतनी भीड़ नहीं जुटी

चौंकाने वाली बात यह है कि दुनिया में किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या अन्य आयोजनों में इतनी भीड़ नहीं जुटी है। उदाहरण के लिए सऊदी अरब में हर साल होने वाले हज में करीब 25 लाख मुस्लिम मक्का में एकत्रित होते हैं। दूसरी तरफ इराक में हर साल होने वाले अरबईन में दो दिन में 2 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री जुटते हैं। प्रयागराज में 45 दिन में जुटे श्रद्धालुओं की संख्या दुनिया के 231 देशों की आबादी से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी ही ▸▸ शेष पेज 4 पर

### ये भी बने बड़े रिकॉर्ड

- 24 फरवरी के दिन करीब 15 हजार स्वच्छता कर्मियों ने 10 किलोमीटर क्षेत्र में एक साथ सफाई का रिकॉर्ड बनाया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इसे लेकर 28 फरवरी को फैसला दे सकता है।
- 14 फरवरी को नदी स्वच्छता का रिकॉर्ड बना गया था। उस दिन 300 कर्मचारियों ने नदी की सफाई का रिकॉर्ड बनाया था। गिनीज बुक ने इसे रिकॉर्ड में शामिल किया है।
- मेले में मंगलवार को हैंड प्रिंटिंग पेंटिंग का भी कीर्तिमान बना। 10,109 हजार लोगों ने महज आठ घंटे में अपने पंजे का छापा लगाकर महाकुंभ के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने के साथ विश्व रिकॉर्ड भी बनाया।
- प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर करीब 7.6 करोड़ लोगों ने डुबकी लगाई।
- महाकुंभ के लिए प्रयागराज से 15 हजार से अधिक ट्रेनें चलीं।




10 Layer PLASTO GOLD

पीने का पानी रखे सुरक्षित

Call: 9130076939, 9130027278, 9130076942

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### दिल्ली के सिनेमा घर में आग लगने से हड़कंप

**नई दिल्ली।** सेलेक्ट सिटी मॉल के एक सिनेमा घर में बुधवार को एक फिल्म के प्रदर्शन के दौरान आग लग गई।



एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मॉल में पीवीआर सिनेमा के एक कोने में शाम करीब 4:15 बजे आग लगने से दर्शकों में दहशत फैल गई। उस समय सिनेमाघर में 'छावा' फिल्म दिखाई जा रही थी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें शाम 5.42 बजे आग लगने की सूचना मिली और तुरंत दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। एक अन्य दर्शक ने बताया कि हॉल में 'फायर अलार्म' बजते ही सभी लोग बाहर भागने लगे।

### बागेश्वर धाम में हुआ 251 जोड़ों का सामूहिक विवाह, राष्ट्रपति मुर्मू ने उपहार देकर की सुखमय जीवन की कामना

251 बेटियों में से 108 बेटियां जनजातीय समुदाय की

# सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए संत समाज 'प्रयास' करे

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देश वुमेन लेड डेवलपमेंट को लेकर अग्रसर है। बेटियों के सशक्त होने से परिवार, समाज और देश सशक्त होगा



नव दंपतियों को भेंट स्वरूप दिए जाएंगे 51-51 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू बुधवार को छतरपुर जिले के बागेश्वरधाम में 251 जोड़ों के सामूहिक विवाह महोत्सव मे शामिल हुईं। इसमें 251 बेटियों में से 108 बेटियां जनजातीय समुदाय की हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि समकालीन समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और समाज को जागरूक करने के लिए पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पहल सराहनीय है। गुरुनानक देवजी, संत रविदास, कबीरदास, मीरा बाई जैसे कई संतों ने अपने उपदेशों ▸▸ शेष पेज 4 पर

पं. धीरेंद्र शास्त्री ने मंदिरों की दान पेटियों की राशि गरीब परिवारों की बेटियों के उत्थान में लगाने का किया आह्वान



मुर्मू ने कहा-समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करना जरूरी

### राष्ट्रपति ने उपहार स्वरूप भेंट भी दी

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू के सम्मुख जोड़ों की वरमाला रस्म संपन्न हुई, उन्होंने प्रतीक स्वरूप 3 जोड़ों को उपहार भेंट किए। राष्ट्रपति मुर्मू के बागेश्वरधाम पहुंचने पर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने अंगवस्त्रम और तुलसी की माला भेंट कर उनका अभिनंदन किया। राष्ट्रपति को पं. शास्त्री ने हनुमान यंत्र, बालाजी सरकार का विग्रह, धाम से जुड़ा साहित्य और स्मृति चिन्ह भी भेंट किए।

### दान पेटियों की राशि को गरीब बेटियों के उत्थान में लगाने का आव्हान

पं. धीरेंद्र शास्त्री ने समाज से मंदिरों की दान पेटियों की राशि को गरीब परिवारों की बेटियों के उत्थान में लगाने का आव्हान किया। समारोह में लगभग 20 देश के एनआरआई, देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्य संत, वर-वधु के परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल सहित अन्य जन-प्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### सामाजिक बुराइयों को दूर करने का निरंतर कार्य किया : डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के मप्र पधारने पर अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि बागेश्वर धाम में सामाजिक बुराइयों को दूर करने का निरंतर कार्य हो रहा है। समाज में विद्यमान जातिगत दीवारों को तोड़ना आज के समय की आवश्यकता है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री के प्रयासों से जातिगत बाधाएं टूटी हैं और अलग-अलग जातियों के दूल्हे एक साथ घोड़ी पर बैठे हैं। जातिगत विषमताओं के खिलाफ लड़ते हुए समाज के सामने, शासन-सत्ता और संत की त्रिवेणी की मौजूदगी में सामूहिक विवाह आयोजित कर बागेश्वर धाम नए कीर्तिमान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने ऐसे संकल्पों के लिए पंडित धीरेंद्र शास्त्री को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पर हम सबको गर्व है, उनके दूरदर्शी निर्णय सामाजिक हित और राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामूहिक विवाह में परिणय सूत्र में बंध रही बेटियों को राज्य सरकार की ओर से 51-51 हजार रुपए की राशि उपहार स्वरूप दी जाएगी।*

### महाशिवरात्रि पर अयोध्या में महासैलाब



# 12 लाख से अधिक भक्तों ने रामलला के दर्शन किए

शिव बारात के रास्ते में बदलाव किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या

अयोध्या में महाशिवरात्रि पर भारी भीड़ उमड़ी। लगभग 12 लाख श्रद्धालु, जिनमें से कई महाकुंभ से आए थे, रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचे। स्थानीय और आसपास के जिलों के श्रद्धालुओं ने नागेश्वर नाथ और क्षीरेश्वर नाथ मंदिरों में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना की। अयोध्या में महाशिवरात्रि को लेकर भीड़ को देखते हुए रात 9 बजे के बाद शिव बारात के रास्ते में बदलाव किया गया। शिव और पार्वती के विवाह की रस्में वैदिक परंपरा के अनुसार निभाई गई। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इसके अलावा



स्थानीय और आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में स्नान पूजन के लिए सरयू तट और नागेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे। इसके अतिरिक्त हनुमान गढ़ी, कनक भवन, दशरथ महल सहित सभी प्रमुख मंदिर में श्रद्धालुओं की अपार संख्या दर्शन पूजन के निमित्त पहुंची।

### सैम पित्रोदा का दावा : प्रसारित की अश्लील सामग्री

# ट्रिपलआईटी रांची में भाषण के दौरान किसी अज्ञात ने हैक कर लिया लिंक

यूजर्स ने कहा- इससे लोकतंत्र का क्या लेना-देना?

एजेंसी ⏭ रांची

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने आरोप लगाया कि आईआईआईटी रांची में छात्रों से ऑनलाइन चर्चा के दौरान किसी ने उनके भाषण के लिंक को हैक कर अश्लील सामग्री प्रसारित की, जिसके कारण कार्यक्रम को बंद करना पड़ा। कई सोशल मीडिया यूजर्स उनके दावों पर सवाल उठाए गए। सैम के साथ संवादः उथल-पुथल के दौर में गांधी की



प्रासंगिकता विषय पर ऑनलाइन चर्चा के दौरान पित्रोदा ने यह दावा किया। इस चर्चा को उन्होंने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया था। पित्रोदा ने कहा कि हाल ही में मैं आईआईटी रांची के करीब 100 छात्रों से (ऑनलाइन) बात कर रहा था। अचानक किसी ने इसे हैक कर दिया और अश्लील सामग्री दिखाना शुरू कर दिया। हमारे पास इसे बंद करने के लिए अलावा कोई विकल्प नहीं था। वीडियो में पित्रोदा ने गलती से भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) रांची को आईआईटी रांची कह दिया।

पित्रोदा ने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया कि क्या उन्होंने इस मामले में कोई शिकायत दर्ज कराई या नहीं। सैम ने इस घटना को लेकर लोकतंत्र पर सवाल उठाए हैं। यूजर्स ने कहा- इससे लोकतंत्र का क्या लेना-देना?

### पूरे प्रदेश में बढ़ा दिन-रात का तापमान, तीन दिन जारी रहेगी बढ़त

दो मार्च को आएगा नया पश्चिमी विक्षोभ

# मौसम के तीन रंग : सुबह बादल, दोपहर में हवा तेज और शाम से 'गुलाबी सर्दी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के साथ प्रदेशभर में बुधवार को दिन से शाम तक मौसम के तीन रंग दिखे। भोपाल सहित पूरे में सुबह हल्के से मध्यम बादल, दोपहर में धूप के साथ मध्यम से तेज हवाओं के साथ शाम से गुलाबी सर्दी का मौसम रहा। इधर, भिंड, मुरैना सहित चंबल संभाग के कुछ आंचलिक हिस्सों में बूंदाबांदी भी दर्ज हुई। गुरुवार तक रीवा, सतना, पन्ना और मैहर आदि जिलों में भी बौछारें पड़ने की उम्मीद है। मौसम ▸▸ शेष पेज 4 पर

## इससे पहले कुछ जिलों में छाएंगे बादल



सुभाष नगर

### यहां छाए बादल, आज बौछारें

*बुधवार सुबह से भोपाल सहित पश्चिमी मप्र के सीहोर, रायसेन, खंडवा, रतलाम, शाजापुर, राजगढ़, ग्वालियर, चंबल संभाग के जिलों में बादलों का आना जाना रहा। शुक्ला के अनुसार गुरुवार को राजस्थान से लगे हिस्सों के साथ ही रीवा, सतना, पन्ना और मैहर आदि जिलों में भी बौछारें पड़ने की उम्मीद है।*

### कहां-कितना बदला तापमान?

*भोपाल में दिन का पारा 1.8 डिग्री बढ़कर 31.2 डिग्री रहा, जबकि रात का पारा एक डिग्री बढ़कर 12.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.3 डिग्री कम है। बैतूल, धार, ग्वालियर, इंदौर, खंडवा, रतलाम, उज्जैन, मंडला, नौगांव, सागर, सिवनी, उमरिया और मलाजखंड में दिन का पारा एक से 3 डिग्री तक बढ़ा। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 30 डिग्री रहा, जबकि रात के औसत तापमान में एक डिग्री की घट-बढ़ के साथ औसत न्यूनतम पारा 12 डिग्री रहा। सबसे ज्यादा रात के तापमान में कमी सागर में 4.6 की रही। यहां पारा 11.5 डिग्री रहा। सबसे कम रात का तापमान पचमढ़ी में 6.8 डिग्री रहा।*







महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार को भोजपुर शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। फोटो जर्नलिस्ट जसप्रीत सिंह

# महाशिवरात्रि...भोलेनाथ बने दूल्हा, मां गौरा को ब्याहने डमरू की धुन पर नाचते निकली भूत-पिशाचों की बारात

## राजधानी में 60 से अधिक स्थानों से निकली बारातें, बड़वाले महादेव मंदिर में हुआ मुख्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की सड़कों पर जहां तक देखो श्रद्धालुओं की भीड़, चांदी के रथ में सिर पर सेहरा बांधे भगवान भोले और रथ के पीछे नाचते गाते बाराती। चारों ओर शिव के नाम की गूंज, कहीं आसमान में उड़ती गुलाल तो कहीं मस्ती का गुबार। यह नजारा बुधवार को पुराने शहर के बड़वाले महादेव मंदिर से निकली शिव बारात का था।

श्री बड़वाले महादेव मंदिर से बाबा श्री बटेश्वर सुबह 10 बजे नगर भ्रमण पर निकले। मां भवानी को ब्याहने दूल्हा बने बाबा श्री बटेश्वर की पूजा-अर्चना करने के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रथ खींचकर शिव बारात की शुरुआत की। इसके पहले सुबह श्री बटेश्वर महाराज की विधि-विधान से पूजा की। चांदी की पालकी में विराजे बाबा बटेश्वर की प्रदेश व देश की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। इस मौके पर सांसद आलोक शर्मा मंदिर समिति के संयोजक संजय अग्रवाल, प्रमोद नेमा आदि मौजूद थे। बारात सिंधी मार्केट, जवाहर चौक जुमेराती, हनुमानगंज, सावरकर चौक, लखेरापुरा से होते हुए मां भवानी मंदिर सोमवारा पहुंची। जहां मंदिर समिति ने बारात की अगवानी की।



पूर्व सीएम शिवराज समेत सांसद अलोक शर्मा ने रथ खींच कर की बारात की शुरुआत



### पशुपतिनाथ मंदिर से निकली कलश यात्रा



नेपाली समाज द्वारा गोविंदपुरा के पशुपति नाथ मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। माता मंदिर से शुरू हुई यात्रा 12 बजे पशुपतिनाथ मंदिर पहुंची जहां पशुपतिनाथ का अभिषेक किया गया।



### गुफा मंदिर में महंतश्री के सानिध्य में हुई पूजा

गुफा मंदिर में भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह यहां शिव महिमा शिव तांडव, रूद्री पाठ पंडितों द्वारा किया गया। महंत रामप्रवेश दास के सानिध्य में भगवान शंकर विशेष रुद्राभिषेक हुआ। मंदिर परिसर में दिनभर सुबह चार बजे से मंदिर में दर्शन करने भक्त पहुंचने लगे थे। यहां चारों प्रहर भगवान भोले का अभिषेक किया गया।

### भोजपुर में लगा मेला, फूलों से सजाया शिवालय, 200 जवान सुरक्षा में रहे तैनात

**मंडीदीप।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भोजपुर शिवधाम में भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भोजपुर मंदिर में शिवलिंग को गेंदा, गुलाब, धतूरा, बेलपत्र, मोंगरा व अन्य सुगंधित करीब 4 क्विंटल फूलों से सजाया गया। ब्रह्म मुहूर्त में हवन-पूजन कर भस्म आरती की। महाशिवरात्रि पर्व पर राजधानी, विदिशा, रायसेन, सीहोर समेत दूरदराज के क्षेत्रों से लोग परिवार सहित भोजपुर पहुंचे, जहां भोले बाबा की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। वहीं प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। एसडीओपी शीला सुरैना ने बताया कि मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों की गिनती तो नहीं की गई, लेकिन अनुमान है कि लगभग एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के दर्शन किए। इस दौरान करीब 200 पुलिस जवान सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे। 6 स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। इस कारण किसी तरह की अव्यवस्था नहीं हुई।

### शिव अभिषेक में दिया स्वच्छता का संदेश



*श्री मनसापूर्ण महादेव मंदिर शिव रॉयल पार्क फेस 2 सलैया में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ से लाए गंगाजल से रुद्राभिषेक किया गया। आयोजन प्रताप सिंह यादव प्रदेश संयोजक भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सोशल मीडिया ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग निर्माण और भोले बाबा का श्रृंगार किया गया। इस मौके पर खीर का प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद जो दोना प्लेट भक्तों द्वारा यहां-वहां फेंक दी थी। लेकिन समिति सदस्यों द्वारा ओर से स्वच्छता का संदेश देते हुए तत्काल सफाई की गई।*

### अवधपुरी के महादेव नगर में 5 करोड़ से बन रहा 132 फीट ऊंचा शिवलिंग



*अवधपुरी के महादेव नगर में करीब 5 करोड़ की लागत से विश्व का सबसे बढ़ा शिवलिंग बनाया जा रहा है। जो 132 फीट ऊंचे रहेगा। इस एक शिवलिंग में 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन हो सकेंगे। इसे जयपुर के कारीगर बनाएंगे। मंदिर के संस्थापक पक्ष खाम्बरा ने बताया कि गत वर्ष महाशिवरात्रि पर भूमि पूजन किया गया था। तब से 20 फीट तक खुदाई हो चुकी है। इसका निर्माण पूरा होने में 3 साल लगेंगे। महाशिवरात्रि पर्व पर रुद्राभिषेक किया गया। चारों पहर की पूजन के बाद रात 11 बजे पूर्ण आहूति दी गई। इस दौरान भक्तों को प्रसादी वितरण किया गया।*

### साढ़े 5 फीट ऊंचा बर्फ का शिवलिंग बनाकर किया अभिषेक

*श्री महा कालका युवा उत्सव समिति लालघाटी की ओर से इस बार महाशिवरात्रि पर साढ़े 5 फीट ऊंचा बर्फ का शिवलिंग बनाया गया। इस बर्फ से निर्मित शिवलिंग को देखने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रही।*

### भस्म आरती के साथ किया अभिषेक

छोला विश्राम घाट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की भस्म आरती के साथ अभिषेक किया गया। इस दौरान सुबह से मंदिर में शिव भक्तों का आना शुरू हो गया था और देर रात तक शिव पूजा-अर्चना का दौर चला।

### कोलार में खीर वितरित



कोलार में महाशिवरात्रि पर खीर का वितरण किया गया। इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र रविंद्र, संतोष विश्वकर्मा, भगवान दास विश्वकर्मा मौजूद रहे। मनीष पटेल ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली।



### प्रयागराज त्रिवेणी के पवित्र जल से लाखों भक्तों ने किया आचमन

ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजिस्टर्ड की ओर से महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मंडल का 22 वा विशाल भंडारा भोजपुर में आयोजित किया गया। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि इस भंडारे लगभग डेढ़ लाख भक्तों को प्रसादी की व्यवस्था की गई, जो भक्त किसी कारण वश प्रयागराज महाकुंभ में शामिल नहीं हो पाए थे। उनके लिए मंडल द्वारा प्रयागराज त्रिवेणी से लाए गए पवित्र जल को अस्थाई कुंड में डाला गया था, जिसमें एक लाख से ज्यादा भक्तों द्वारा जल से आचमन किया गया ।

# भारत की एकता और अखंडता का मिला परिचय

## प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है




**भोपाल।** प्रयागराज महाकुंभ महाशिवरात्रि के अवसर पर आखिरी शाही स्नान के साथ समापन हो गया। इस मौके पर देश सहित विदेश से करोड़ों की संख्या भक्तों ने मां गंगा में स्नान कर पुण्य लाभ लिया। भोपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कुंभ स्नान करने पहुंचे। उनसे हरिभूमि ने बातचीत कर उनके अनुभव जाने। श्रद्धालुओं ने महाकुंभ स्नान को अद्भुत बताते हुए वहां के इंतजाम के बारे में बताया।

### अलौकिक दिव्य शक्ति के साथ होने का एहसास हुआ



कुंभ स्नान का बहुत ही अच्छा अनुभव रहा, मैं अपने आप को सौभागशाली मानता हूं कि मुझे तीर्थ राज कुंभ में स्नान करने का मौका मिला। यहां पहुंचने पर एहसास होता है कि हम एक अलौकिक दिव्य शक्ति के करीब हैं। वहीं भारत की एकता और अखंडता का परिचय प्रयागराज में देखने को मिलता है। यहां पर कोई ऊंच -नीच नहीं, कोई छोटा बड़ा नहीं, कोई जात-पात का भेद नहीं, कोई गरीब अमीर नहीं। यहां हर रोज लाखों की संख्या में भक्ति भाव से श्रद्धालु गंगा स्नान कर रहे हैं। भक्तों के अंदर सिर्फ ओर सिर्फ एक इच्छा थी कि संगम घाट पहुंचकर गंगा मैया में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ ले।

**सुमन पुरोहित**, एडवोकेट, समाज सेविका

### महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में स्नान एक सुखद अनुभूति



कुंभ मेले के आयोजन का मुख्य रूप से उद्देश्य श्रद्धालुओं को आत्म शुद्धि का अवसर देना है। मान्यता है कि इस मेले के दौरान गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती नदी के त्रिवेणी संगम में स्नान करने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मैने पिताजी के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। यहां पर महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, तमिलनाडु, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, बिहार, उडीसा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आदि के छोटे-बड़े वाहनों से श्रद्धालु आ रहे है। ऐसा लगा जैसे पूरा भारत एक स्थान पर इकट्ठा होकर इस आयोजन को बहुरंगी बना रहा है।

**प्रताप सिंह यादव**, प्रदेश संयोजक भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, सोशल मीडिया

### एक अविश्वसनीय अनुभव रहा इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकते



महाकुंभ स्नान कर जो खुशी व अनुभूति हुई। इसको बया करने के लिए शब्द नहीं है। एक अविश्वसनीय एहसास है। मां गंगा में स्नान कर व महाकुंभ में शामिल होने पर मुझे सनातन धर्म में पैदा होने पर गर्व महसूस हुआ। जब से हमने महाकुंभ के बारे में सुना था, हम यहां आने के लिए उत्सुक थे, लेकिन दूसरे शाही स्नान के बाद कुंभ को लेकर तरह-तरह की बातें सामने आ रही थीं, लेकिन वह सब अफवाह थी। मुझे यहां पहुंचने पर किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई। सफर के दौरान थोड़ी बहुत थकान थी, स्नान के बाद वह खत्म हो गई।

**जगदीश यादव**, व्यापारी व समाज सेवी





नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

भोपाल, गुरुवार 27 फरवरी 2025 ■ फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष : 11, अंक : 334 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 29 न्यून. 16 haribhoomi.com




# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## बाबा महाकाल मंदिर में उमड़ी भारी भीड़, रात 2.30 बजे खुले पट, होता रहा जयघोष

# नमः पार्वतीपतये...हर-हर महादेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

देशभर में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। उज्जैन में महाकालेश्वर (महाकाल मंदिर) के पट मंगलवार रात 2.30 बजे खुले। सुबह 4 बजे मंगला आरती की गई। अगले 44 घंटे तक भक्त बिना अनुमति के भगवान महाकाल के दर्शन कर सकेंगे। इस दौरान नमः पार्वतीपतये...हर-हर महादेव का जयघोष होता रहा। महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार सुबह बाबा महाकाल की विशेष भस्मआरती हुई।

शिव पार्वती विवाह के महापर्व महाशिवरात्रि पर ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर की रौनक दिखी। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने महाशिवरात्रि पर 250 रुपए की शीघ्र दर्शन व्यवस्था को स्थगित करने का निर्णय लिया है। भक्तों को केवल कर्कराज पार्किंग मार्ग से एक समान व्यवस्था से दर्शन कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सपत्नीक श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन ▶▶ शेष पेज 4 पर

### महाकाल के दर पर पहुंचे सीएम डॉ. मोहन यादव





### ओंकारेश्वर मंदिर: 24 घंटे खुले पट लाखों भक्तों की उमड़ी भीड़

खंडवा। महाशिवरात्रि पर्व के दौरान यहां के सभी मंदिर 24 घंटे खुले रहे। वहीं ज्योतिर्लिंग मंदिर रात्रि में भी खुला रहा। पर्व के दौरान आने वाली अत्याधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए, यहां जल एवं फूल, बिल्व पत्र, प्रसादी आदि सामग्री को मंदिर के बाहर ही एकत्रित कर लिया गया। सुबह 3 बजे से ही मंदिर के पट खोल दिए गए। जिसके बाद लाइन से दर्शन कराए गए। वहीं प्रोटोकाल एवं ऑनलाइन टिकट वाले भक्तों को दर्शन, विशेष दर्शन गेट से कराए गए। पर्व के दौरान वीआईपी दर्शन भी पूरी तरह से प्रतिबंधित रहा।

## बाबा विश्वनाथ के भक्तों पर आसमान से पुष्पवर्षा



वाराणसी। भगवान शिव की नगरी काशी में इस बार महाशिवरात्रि का पर्व बेहद खास रहा। बुधवार को योगी सरकार ने श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराकर इस अवसर को और भी भव्य बना दिया। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम और गंगा घाटों पर हुई इस पुष्पवर्षा ने श्रद्धालुओं को आनंदित कर दिया। इस दौरान विभिन्न अखाड़ों की शोभायात्राएं निकाली गईं, जिसमें साधु-संतों के साथ-साथ देश भर से आए श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

## भोजपुर शिवधाम में रात से ही भक्तों की लंबी कतारें



भोजपुर। रात्रि 12 बजे से ही पूजा-अर्चना और हल्दी की रस्में प्रारंभ हो गईं। सुबह 4 बजे भगवान शिव का अभिषेक और महाआरती संपन्न हुई। शाम से अगले तीन दिनों तक भोजपुर महोत्सव चलेगा। एसडीओपी शीला सुराणा के नेतृत्व में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। 200 पुलिस जवानों के अलावा कोटवार और राजस्व विभाग के कर्मचारी तैनात रहे। दोपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए 6 अलग-अलग पार्किंग बनाई गई हैं। यातायात ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### नींद में युवक को आया साइलेंट अटैक, मौत

भोपाल। मंगलवार रात को बैरागढ़ क्षेत्र में एक युवक खाना खाकर सोया था, फिर सुबह उठा ही नहीं। मृतक का नाम अमित मालवीय था। बुधवार सुबह हमीदिया अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। डॉक्टरों ने परिजन को बताया कि अमित को साइलेंट अटैक आया। मौत के सही कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।



### धौलपुर में बाइक सवारों पर ही पलटा ट्रक, 2 मरे

धौलपुर। राजस्थान के धौलपुर में एक ओवरस्पीड ट्रक बाइक सवार युवकों पर लहराते हुए पलट गया। ट्रक के नीचे दबने और बाइक में आग लगने से दोनों की मौत हो गई। ट्रक को हाइड्रा मशीन से हटाकर दोनों को बाहर निकाला गया। हादसा मंगलवार शाम धौलपुर-बाड़ी रोड़ पर हुआ। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पुलिस ने बताया कि बाइक सवार भोगीराम नगर के रहने वाले थे।



### स्विगी इंस्टामार्ट ने पर्व पर डिलिवरी रोकी

नई दिल्ली। स्विगी इंस्टामार्ट ने बुधवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर पुणे, दिल्ली, हैदराबाद और अहमदाबाद जैसे चुनिंदा शहरों में डिलिवरी के लिए अंडे, मांस और मछली सहित मांसाहारी सामग्रियों को हटा लिया। हालांकि कुछ शहरों में शाम तक डिलिवरी बहाल कर दी गई। त्वरित वाणिज्य मंच के एप में यह प्रदर्शित हुआ। निर्णय धार्मिक भावनाओं का सम्मान के लिए ऐसा किया गया।



### तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि 6.2 % का अनुमान

मुंबई। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक वृद्धि के लिहाज से ऐसा लगता है कि बुरा दौर समाप्त हो गया है। जर्मनी की ब्रोकरेज कंपनी की एक रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 % पर आ गई। दिसंबर तिमाही में वृद्धि दर 6.2% रहने का अनुमान है। विश्लेषकों ने कहा कि भारत का खराब दौर समाप्त हो गया।




### केंद्र का नया मास्टर स्ट्रोक : यह स्कीम स्वैच्छिक और अंशदायी होगी

# यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने की तैयारी रोजगार की नहीं होगी शर्त, होगा फायदा

इससे असंगठित क्षेत्र के मजदूर छोटे व्यापारी और स्वरोजगार करने वाले लोग पेंशन लाभ उठा सकेंगे




*यह योजना प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन और राष्ट्रीय पेंशन योजना जैसी मौजूदा योजनाओं को एकीकृत कर सकती है जिससे सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया जाएगा।*

यूनिवर्सल पेंशन स्कीम को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के तहत बनाया जा रहा

अभी भारत की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था मुख्य रूप से भविष्य निधि, वृद्धावस्था पेंशन और गरीब वर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा तक सीमित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने पर विचार कर रही है। यह स्वैच्छिक और अंशदायी होगी। इस पेंशन योजना के लिए रोजगार कोई शर्त नहीं होगी यानी इसमें आम नागरिक भी योगदान कर सकेंगे और फिर पेंशन पा सकेंगे। इस योजना का मकसद पारंपरिक रोजगार से परे सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करना है।

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने इस प्रस्तावित समग्र योजना पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया है, जो मौजूदा पेंशन योजनाओं को एकीकृत करने की दिशा में बढ़ेगी।

### यूनिवर्सल पेंशन स्कीम में क्या होगा ?

- इस योजना को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत बनाया जा रहा है। इसके अंतिम प्रारूप को तैयार करने के बाद अलग-अलग हितधारकों की राय ली जाएगी। नई योजना स्वैच्छिक होगी, यानी कोई भी इसमें शामिल हो सकेगा, चाहे उसके पास कोई नौकरी हो या नहीं। इससे असंगठित क्षेत्र के लोग, जैसे कि छोटे व्यापारी, स्वरोजगार करने वाले भी योजना में शामिल हो सकेंगे। इसमें प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन और राष्ट्रीय पेंशन योजना जैसी मौजूदा पेंशन योजनाओं को मर्ज किया जा सकता है।
- ये योजनाएं रिटायरमेंट के बाद 3,000 की मासिक पेंशन प्रदान करती हैं, जिसमें 55 रु. से 200 रु. तक का योगदान किया जाता है, और सरकार भी इसमें बराबर का योगदान देती है।
- अटल पेंशन योजना को भी इस नए ढांचे में शामिल करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है।

### किन लोगों को मिलेगा फायदा?

यह योजना खासकर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, छोटे व्यापारियों, स्वरोजगार करने वालों और अन्य नागरिकों के लिए बनाई जा रही है। इसमें 18 साल या उससे अधिक उम्र के वे लोग शामिल हो सकेंगे, जो 60 साल के बाद पेंशन लाभ पाना चाहते हैं। केंद्र सरकार राज्यों को भी इस योजना में अपनी पेंशन ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भारत में वृद्ध आबादी का बढ़ता दबाव

मौजूदा अनुमानों के अनुसार 2036 तक भारत में वरिष्ठ नागरिकों (60 साल और उससे अधिक) की संख्या 22.7 करोड़ तक पहुंच सकती है। यह कुल आबादी का 15 फीसदी होगी। वहीं, 2050 तक यह आंकड़ा 34.7 करोड़ तक पहुंच सकता है, जो कुल जनसंख्या का 20 फीसदी होगा। इसके उलट अमेरिका, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भारत में मौजूदा सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था

अभी भारत की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था मुख्य रूप से भविष्य निधि, वृद्धावस्था पेंशन और गरीब वर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा तक सीमित है। इस प्रस्तावित यूनिवर्सल पेंशन योजना का उद्देश्य इन योजनाओं के दायरे का विस्तार करना और एक समावेशी और सतत पेंशन प्रणाली तैयार करना है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा मिल सके।

### पुणे में हैवानियत

## सुनसान में खड़ी बस में महिला से रेप, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ दरिंदा

अंधेरे का फायदा उठाकर दिया वारदात को अंजाम फिर हुआ फरार




एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे शहर में एक सीरियल अपराधी ने स्वारगेट बस डिपो में खड़ी महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस में 26 वर्षीय महिला के साथ रेप किया।

यह घटना मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे की बताई जा रही है, जब पीड़िता अपने गृहनगर सतारा जिले के लिए बस पकड़ने के इंतजार में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### परिवहन मंत्री ने 23 सुरक्षा कर्मियों को काम से हटाया

महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाई ने सुरक्षा में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कड़ा कदम उठाया है। 23 सुरक्षाकर्मियों को काम से हटा दिया गया है और गुरुवार से नए सुरक्षाकर्मी तैनात करने के आदेश दिए गए हैं। इसके साथ ही, परिवहन विभाग के कंट्रोलर और डिपो मैनेजर की जांच के आदेश दिए गए हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया है कि एक हफ्ते के भीतर जांच रिपोर्ट जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### महाशिवरात्रि पर हुई घोषणा

## श्रद्धालुओं के लिए 2 मई से खुलेंगे श्री केदारनाथ धाम के 'कपाट'



■ बाबा केदार की पंचमुखी डोली 28 अप्रैल को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेगी

एजेंसी ▶▶ देहरादून

महाशिवरात्रि के अवसर पर बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने घोषणा की कि केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को सुबह 7 बजे भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे। साथ ही घोषणा हुई कि बाबा केदार की पंचमुखी डोली 28 अप्रैल को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेगी। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि का निर्णय ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में धार्मिक परंपराओं और पंचांग गणना के आधार पर लिया गया। इस अवसर पर केदारनाथ ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भगवंत मान सरकार का नया फरमान

## पंजाब के सभी स्कूलों में अब पंजाबी पढ़ना हुआ अनिवार्य

आदेश में कहा भले राज्य का वह स्कूल किसी भी बोर्ड का हो



एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

भगवंत मान सरकार ने पंजाब के सभी स्कूलों में पंजाबी भाषा पढ़ना अनिवार्य कर दिया है। सरकार के आदेश में कहा गया है कि भले राज्य का वह स्कूल किसी भी बोर्ड का हो, पंजाबी पढ़ना अब अनिवार्य होगा। सीबीएसई के साल में दो बार बोर्ड एग्जाम आयोजित कराने वाले ड्राफ्ट पर आपत्ति के बीच पंजाब सरकार ने बड़ा फैसला ले लिया है। नए निर्देश के तहत, सभी स्कूलों को चाहे वे पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (पीएसईबी), केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) या भारतीय विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) से संबद्ध रखते हों अपने सिलेबस में अब पंजाबी भाषा को शामिल करना अनिवार्य होगा।

बता दें कि राज्य सरकार ने यह फैसला ऐसे समय लिया है जब राज्य के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने केंद्र ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बोर्ड ने सफाई में क्या कहा था?

सीबीएसई ने अपनी सफाई में कहा था कि मसौदा तिथि पत्र में शामिल अन्य विषयों और भाषाओं की सूची केवल सांकेतिक है और वर्तमान में पेश किए गए सभी विषय और भाषाएं 2025-2026 के लिए भी पेश की जाती रहेंगी और इस सूची में पंजाबी भाषा भी शामिल है।

### हाल ही में तेलंगाना में ये भाषा की गई थी अनिवार्य

इससे पहले खबर आई थी कि तेलंगाना में अब तेलुगु को अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा। तेलंगाना सरकार ने सीबीएसई, आईसीएसई, आईबी और राज्य के अन्य बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में तेलुगु को अनिवार्य विषय के रूप में लागू करने का आदेश जारी किया था।

### गोविंदा के वकील ने कहा...

## छह महीने पहले ही गोविंदा को तलाक देना चाहती थीं सुनीता

गोविंदा और उनकी पत्नी अलग-अलग नहीं रहते



एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के रिश्ते में दूरियां आने की खबरें चल रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि दोनों तलाक लेने वाले हैं। इस तरह की खबरों पर गोविंदा के वकील ने चुप्पी तोड़ी है। उनके वकील ललित बिंदल ने कहा कि सुनीता ने छह महीने पहले ही तलाक के लिए अर्जी दाखिल कर दी थी।

हालांकि, फिलहाल, दोनों के रिश्ते मजबूत हैं। ललित बिंदल ने इस बात को भी खारिज कर दिया कि गोविंदा और उनकी पत्नी अलग-अलग अपार्टमेंट में रहते हैं। उन्होंने बताया कि गोविंदा ने सांसद बनने के बाद अपने आधिकारिक इस्तेमाल के लिए यह बंगला खरीदा था और यह उस फ्लैट के ठीक सामने है, जिसमें वे अपनी शादी के बाद से रह रहे हैं। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### महाशिवरात्रि पर कुबेरेश्वर धाम पहुंचे करीब दो लाख श्रद्धालु

## कुबेरेश्वर धाम के लिए सीहोर स्टेशन पर 11 जोड़ी ट्रेनों का अस्थाई स्टॉपेज

वाहनों की पार्किंग के लिए 14 स्थानों पर लगभग 100 एकड़ में व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष महोत्सव के दूसरे दिन महाशिवरात्रि पर करीब दो लाख श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचे। रविवार रात हो धाम पर बने सभी पंडाल और डोम श्रद्धालुओं से भर गए थे।

वाहनों की पार्किंग के लिए 14 स्थानों पर लगभग 100 एकड़ में व्यवस्था की गई है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने भोजनशाला में हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कराया। महोत्सव में 27 फरवरी और 1 मार्च को प्रसिद्ध भजन गायक प्रस्तुति देंगे। बस स्टैंड से 25 रुपए और रेलवे स्टेशन से 30 रुपए ऑटो किराया लिया जा रहा है। इंदौर-भोपाल मार्ग को भोपाल की ओर से आने वाले वालों वाहनों को क्रिसेंट चौराहे से भाउखेड़ी होते हुए डायवर्ट किया है। महाशिवरात्रि मेले के दौरान सीहोर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की ▶▶ शेष पेज 4 पर



सीहोर में रेलवे स्टेशन से कुबेरेश्वरधाम तक भक्तों की कतारें

### दस लाख से अधिक श्रद्धालुओं के ठहरने और भोजन के इंतजाम

कुबेरेश्वर धाम में मंगलवार से सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव का आगाज हो गया है। यह महोत्सव 3 मार्च तक चलेगा। इसके लिए विठ्ठलेश सेवा समिति और प्रशासन ने इस आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं। कुबेरेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि महाशिवरात्रि पर भगवान शंकर को एक लोटा जल और बेल पत्र जरूर चढ़ाएं। परिवार के सभी सदस्य घर के मंदिर में जरूर पहुंचे। समिति ने दस लाख से अधिक श्रद्धालुओं के ठहरने और भोजन के इंतजाम किए हैं।

एक देश, एक चुनाव समिति के सदस्य डॉ. नितेश शर्मा बोले

# एक राष्ट्र, एक चुनाव बार-बार होने वाले चुनाव चक्र और विकास कार्यों में बाधा डालने वाले व्यवधानों को कम कर देश के धन, समय, संसाधनों की करेगा बचत



एक राष्ट्र, एक चुनाव सकल घरेलू उत्पाद का 1.5% बचा सकता है

अप्रत्याशित प्रचार खर्च भी कम हो सकेंगे

हरिभूमि चर्चा

**भोपाल।** एक देश, एक चुनाव के मुद्दे को लेकर पूरे देश में चर्चा है। कई दल पक्ष में हैं और कुछ दल विरोध में। इसको लेकर हरिभूमि ने एक देश, एक चुनाव समिति के सदस्य डॉ. नितेश शर्मा से सवाल कर इसके बारे चर्चा की। पेश हैं बातचीत के प्रमुख अंश...

**सवालः** एक राष्ट्र, एक चुनाव क्या है?

**जवाबः** एक राष्ट्र, एक चुनाव अर्थात वन नेशन, वन इलेक्शन भारत में चुनाव प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए आम और राज्य चुनाव एक साथ आयोजित करने की व्यवस्था है।

**सवालः** भारत में क्या पहले कभी एक राष्ट्र, एक चुनाव हुआ है?

**जवाबः** जी हां, 1951 से लेकर 1967 तक एक साथ चुनाव भारत में भी कराए गए, लेकिन पृथक चुनाव की शुरुआत नए राज्यों की स्थापना और अल्पमत सरकारों के कारण शुरू हुई। एक साथ एक चुनाव में 1967 के समय कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा एवं आम चुनाव के माध्यम से उस समय की सरकारों ने व्यवस्था में अवरोध का कार्य किया। 1983 में चुनाव आयोग ने एक साथ एक चुनाव के विचार को पुनर्जीवित किया।

**सवालः** क्या एक राष्ट्र, एक चुनाव विश्व के अन्य देशों में भी होता है?

**जवाबः** हां, विश्व के विकासशील एवं विकसित राष्ट्र जैसे अमेरिका, ब्राजील, जर्मनी, जापान, स्वीडन, बेल्जियम, इंडोनेशिया, फिलीपींस, दक्षिण अफ्रीका जैसे देश मेपहले से ही एक राष्ट्र, एक देश के आधार पर चुनाव आयोजित करते हैं।

**सवालः** भारत में एक राष्ट्र, एक चुनाव की आवश्यकता क्यों है?

**जवाबः** एक राष्ट्र, एक चुनाव बार-बार होने वाले चुनाव चक्र और विकास कार्यों में बाधा डालने वाले व्यवधानों को कम कर देश के धन, समय और संसाधनों की बचत करेगा, इसलिए भारत में इसकी अत्यंत आवश्यकता है।

**सवालः** इसमें आर्थिक और सामाजिक पक्ष क्या है?

**जवाबः** बार-बार चुनाव में 4 से 7 लाख करोड़ रुपए खर्च होते हैं। एक राष्ट्र, एक चुनाव सकल घरेलू उत्पाद का 1.5% बचा सकता है। 4.5 लाख करोड़ रुपए के बराबर सरकार के स्वास्थ्य देखभाल व्यय का 50% और शिक्षा व्यय का 33% है। इसमें आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, अप्रत्याशित प्रचार खर्च कम होंगे और चुनाव के बाद मुद्रास्फीति में कमी होगी तथा मनमाने खर्च पर रोक लगेगी। चुनाव खर्चों पर कड़ी नजर से काले धन और भ्रष्टाचार को कम किया जा सकता है।

**सवालः** उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट में क्या कहा गया है?

**जवाबः** एनडीए सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। समिति ने 62 राजनीतिक दलों को सुझाव के लिए आमंत्रित किया, जिसमें 47 दलों ने समिति के समक्ष अपनी राय दी। 32 ने एक राष्ट्र, एक चुनाव का समर्थन किया तथा 15 दलों ने इसका विरोध किया। भारत के चार चीफ जस्टिस ने समर्थन किया। उच्च न्यायालय के 12 मुख्य न्यायाधीश में से 9 ने समर्थन किया। देश के चार मुख्य चुनाव आयुक्तों ने समर्थन किया। जो सुझाव मांगे गए, उनमें 83 प्रतिशत सुझाव समर्थन में आए हैं तथा 17 प्रतिशत सुझाव विरोध में आए हैं।

**सवालः** भाजपा का एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर क्या मत है?

**जवाबः** भारतीय जनता पार्टी ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की नीति को 1984 में पुनः लागू करने का वादा किया। 1999 में विधि आयोग की रिपोर्ट। न्यायमूर्ति बीपी जीवन रेड्डी ने भी एक साथ चुनाव कराने की वकालत की। 2015 में स्थाई समिति। 79वीं संसदीय समिति की रिपोर्ट में एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया गया। नीति आयोग ने इसे 2017 में दोहराया। भाजपा ने अपने 2019 और 2024 के घोषणा पत्र में एक राष्ट्र, एक चुनाव को शामिल किया। 2019 की सर्वदलीय बैठक एनडीए सरकार ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिए आयोजित की। 2023 में उच्च स्तरीय समिति ने 6 महीने के विचार-विमर्श के बाद अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। दिसंबर 2024 को संवैधानिक संशोधन के लिए एनडीए सरकार ने संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक और संविधान (129 संशोधन) विधेयक पेश किया। दोनों को व्यापक विचार विमर्श के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया है।

## दमोह सहित मप्र के 10 जिले कृषि उत्पादन में पंजाब को पीछे छोड़ेंगे

# 51 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा पथरिया बायपास हायर सेकंडरी विद्यालय का नाम केसी सुदर्शन होगा

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव** दमोह जिले के अजब धाम में पूज्य जय-जय सरकार के वार्षिक उत्सव में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बुंदेलखंड अंचल की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना मंजूर की गई है। इसके क्रियान्वयन से दमोह सहित प्रदेश के 10 जिले लाभान्वित होंगे। बुंदेलखंड अंचल के 8 लाख हेक्टेयर से अधिक इलाके को सिंचाई के लिए जल और पेयजल सहित उद्योगों के लिए भी पानी की आपूर्ति का कार्य हो सकेगा। मप्र का यह क्षेत्र कृषि उत्पादन में पंजाब को भी पीछे छोड़ देगा। यहां पानी का सूखा खत्म होगा और किसान खुशहाल होंगे।

मुख्यमंत्री बुधवार की शाम दमोह जिले के पथरिया के निकट अजबधाम में पूज्य जै-जै सरकार के वार्षिक उत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय निवासियों को अपने स्वामित्व की भूमि का विक्रय नहीं किया जाना चाहिए। यह भूमि बहुमूल्य सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर 51 करोड़ रुपए की लागत से पथरिया बायपास निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में हायर सेकंडरी स्कूल का नाम राष्ट्रवादी विचारक केसी सुदर्शन के नाम से करने और मटकोलेश्वर सीतानगर बांध में पर्यटन की दृष्टि से 'नौकायन' प्रारंभ करने की घोषणा भी की।

### खास बातें

- 8 लाख हेक्टेयर से अधिक इलाके को सिंचाई के लिए जल और पेयजल मिलेगा
- मटकोलेश्वर सीतानगर बांध में पर्यटन की दृष्टि से 'नौकायन' प्रारंभ करने की घोषणा



### दुग्ध उत्पादन पर बोनस मिलेगा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। मप्र की धरती पर नदी जोड़ो जैसी परियोजनाएं क्रियान्वित करने की पहल हुई है, वहीं राज्य सरकार ने कृषि के साथ पशुपालन को बढ़ावा देते हुए दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी होने का संकल्प लिया है। इसके लिए 10 गायों के पालन पर सब्सिडी प्रदान करने और दुग्ध उत्पादन पर बोनस देने की रणनीति बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने विवाह समारोहों में फिजूलखर्ची रोकने का आह्वान भी किया।*

### सीएम डॉ. मोहन ने कहा, दमोह जिले के इस पावन स्थल पर आने का अवसर मिला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि महाशिवरात्रि के अवसर पर दमोह जिले के इस पावन स्थल पर आने का अवसर मिला है। यहां निकट ही मड़मोलेश्वर धाम है, जहां सुनार, कोपरा और जूड़ी नदियों का संगम है। भगवान भोलेनाथ की विशाल पिंडी श्रद्धा का केंद्र है। बुंदेलखंड में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के विकास के प्रयास बढ़ाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में विक्रमोत्सव का शुभारंभ हुआ है। महाराजा विक्रमादित्य से विक्रम संवत प्रारंभ हुआ था।

### मंदिर परिसर में अनेक साधु-संत जन से भी भेंट की फतेहपुर गांव का नाम बदलकर अजब धाम किया

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अजब धाम मंदिर परिसर में अनेक साधु-संत जन से भी भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंच से रिमोट का बटन दबाकर फतेहपुर गांव का नाम बदलकर अजब धाम किया। पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने सभा में कहा कि मेरे छोटे से आग्रह पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव अजब धाम कार्यक्रम में पधारे और पर्याप्त समय दिया। उन्होंने 20 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजन यज्ञ और 27 कुंडीय यज्ञ में पधारे सभी धर्म प्रेमियों का अभिनन्दन किया। राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री का आशीर्वाद और प्रेम हम सब पर है, हमारी छोटी सी मांग को स्वीकार करते हैं।*

## मुख्यमंत्री ने सपत्नीक की बाबा महाकाल की पूजा



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सपत्नीक महाशिवरात्रि महापर्व पर महाकाल मंदिर में बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने भगवान बाबा श्री महाकाल का जल, दुग्ध अभिषेक भी किया।

# भोपाल समेत 4 संभागों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी एक मार्च से होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर इंदौर, उज्जैन, भोपाल, नर्मदापुरम संभाग में एक मार्च से किसानों से अच्छी गुणवत्ता की फसल की खरीदी होगी। यह 18 अप्रैल तक चलेगा, जबकि बाकी संभागों में 17 मार्च से होगी। यह 5 मई तक चलेगा।

इस मामले में कोताही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस वर्ष करीब 80 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन का अनुमान खाद्य विभाग ने लगाया है। खाद्य विभाग का कहना है कि उसी अनुसार गेहूं की खरीदी भी की जाएगी। गेहूं खरीदी आदि को लेकर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने निर्देश दिए कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 के गेहूं उपार्जन की अवधि के दौरान उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिए सभी पर्याप्त सुविधाएं होनी चाहिए। इसमें लापरवाही मिलने पर उपार्जन कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। खाद्य मंत्री राजपूत ने यह निर्देश मंत्रालय में रबी उपार्जन नीति की समीक्षा के दौरान दिए।

### किसानों के लिए छाया की सुविधा के लिए शेड लगवाएं जाएं

*मंत्री राजपूत ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिए छाया की सुविधा के लिए शेड लगवाएं जाएं। उनके पीने के पानी, प्रतीक्षा कक्ष आदि का पर्याप्त प्रबंध करें। प्रमुख सचिव खाद्य रश्मि अरूण शमी ने बताया कि अभी तक 2 लाख 91 हजार से अधिक किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है। आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा ने बताया कि गेहूं उपार्जन में स्लाट बुकिंग के लिए लघु और सीमांत किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी।*

### खबर संक्षेप



#### वीर सावरकर को दवे ने अर्पित की पुष्पांजलि

**भोपाल।** वीर सावरकर सामाजिक सांस्कृतिक एवं खेल समिति के वीर सावरकर बाल उद्यान कोटरा सुल्तानाबाद में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सहसंयोजक दक्षिण-पश्चिम विधानसभा प्रभारी महेंद्र दवे ने वीर सावरकर की प्रतिमा माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

#### मप्र के पूर्व विधायकों को फ्री फास्टेग सुविधा मिले

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री, प्रदेश कांग्रेस के सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष तथा पूर्व विधायक मंडल के उपाध्यक्ष भगवान सिंह यादव ने प्रदेश के पूर्व विधायकों को राष्ट्रीय मार्गों के टोल नाकों पर निःशुल्क फास्टेग सुविधा प्रदान किए जाने के लिए रूल (नियम)-11 के अन्तर्गत सूची में प्रावधान कराने के लिए केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी, मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से आग्रह किया है, ताकि पूर्व विधायकों को राहत मिल सके।

एमपी टूरिज्म के अफसरों ने राशि समायोजन की लगाई आपत्ति

# पलाश रेजीडेंसी की कुर्की रोकी 36 लाख के लिए थमाया था नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पर्यटन विकास निगम की टीटी नगर स्थित होटल पलाश रेजीडेंसी की कुर्की नगर निगम ने फिलहाल रोक दी है। दरअसल, नगर निगम ने 36 लाख रुपए की प्रॉपर्टी टैक्स समेत अन्य वसूली के लिए नोटिस थमाया था, लेकिन पर्यटन निगम ने आपत्ति ले ली।

अब यह मामला वरिष्ठ अफसरों तक पहुंच गया है, जिसके बाद नगर निगम ने कुर्की की कार्रवाई रोक दी है। नगर निगम ने कुछ दिन पहले पलाश रेजीडेंसी के मुख्य गेट पर नोटिस चस्पा किया था, जिसमें बकाया राशि 24 फरवरी तक जमा नहीं होने की स्थिति में उसे कुर्क करने की बात लिखी गई थी। इसी दौरान भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भी हुई। ऐसे में यह मामला चर्चा में आ गया। जिसके बाद पर्यटन के अफसरों ने भी वसूली पर आपत्ति ली, जो निगम के रेजीडेंसी में होने वाले कार्यक्रम की बकाया राशि को लेकर है।

### संपति समेत अन्य टैक्स शामिल

*जोन-21 के जोनल अधिकारी शैलेष चौहान का कहना है कि पलाश रेजीडेंसी को 36 लाख रुपए की बकाया राशि का नोटिस थमाया था, जिसमें संपति समेत अन्य टैक्स शामिल हैं, 24 फरवरी को कुर्की करना थी। इस दौरान समायोजन की आपति आई है। जिसको लेकर कुर्की रोकी गई है। होटल के शुरू होने से ही राशि बकाया है।*

# जीआईएसः मध्य प्रदेश टेक्नोलॉजी हब बनने की ओर अग्रसर आईटी क्षेत्र में 64 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) जैसा आयोजन राज्य के डिजिटल भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

इस समिट ने राज्य को टेक्नोलॉजी के नए केन्द्र के रूप में स्थापित किया। समिट में दुनिया के टेक लीडर्स, उद्योग विशेषज्ञों, निवेशको, इनोवेटर्स और स्टार्ट-अप्स आदि ने भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोपाल में कहा कि देश के विकास में 3टी-टैक्सटाइल, टूरिज्म, टेक्नोलॉजी की विशेष भूमिका रहेगी। मप्र अब पारंपरिक औद्योगिक राज्य नहीं, बल्कि भारत में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का हब बनने की ओर अग्रसर है। जीआईएस में पहली बार आईटी एवं टेक्नोलॉजी समिट का आयोजन किया गया। राज्य को आईटी क्षेत्र में 64 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे प्रदेश में 1.8 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### थोलोन्स, एलसीना, श्रीटेक, केन्स कंपनियों ने किया निवेश

रोजगारों में युवाओं की भागीदारी सर्वाधिक रहेगी। टेक कंपनियों जैसे डिजिटल कन्वर्जेंस टेक्नोलॉजीज, थोलोन्स, एलसीना, श्रीटेक, केन्स टेक्नोलॉजी और बियॉन्ड स्टूडियोज आदि ने राज्य में निवेश किया है। ग्लोबल टेक कंपनियों ने भी मप्र में निवेश की रूचि दिखाई, जिनमें आईबीएम, माइक्रोसॉफ्ट, बारक्लेज जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। राज्य के तकनीकी इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए इन कंपनियों से एमओयू भी किए गए।

### पहली बार 6 विभागीय समिट का आयोजन

*जीआईएस में पहली बार 6 विभागीय समिट हुई। आईटी एवं टेक्नोलॉजी समिट में उद्यमियों एवं स्टार्ट-अप के लिए 4 विशेष सत्र आयोजित किए गए। समिट में सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग के साथ उद्योगों के विशेषज्ञों ने संवाद किया, राज्य की नीतियों पर चर्चा की और निवेश के नए अवसरों की रूपरेखा तय की।*

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में दी सहमति, यहां लगेंगे 450 नए उद्योग

सतगढ़ी में दी गई 185 एकड़ जमीन

# औद्योगिक कलस्टर के लिए एक हजार एकड़ जमीन होगी आवंटित, भोपाल के 40 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में रखी गई ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के बाद भोपाल और आसपास जिलों के युवाओं में रोजगार को लेकर उम्मीद बढ़ गई है। हालांकि इन उद्योगों के धरातल पर आने में समय लगेगा, लेकिन आगे चलकर युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

राजधानी के इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में आयोजित समिट के बाद शहर के आसपास एक हजार एकड़ जमीन तलाशना शुरू कर दिया गया है। हालांकि इसी क्रम में कोलार के सतगढ़ी में 450 उद्योगों के लिए 185 एकड़ जमीन आवंटित कर दी है।

### उद्योगों का सेटअप होगा तैयार, सड़क व ट्रेन की सुविधा होगी



#### उद्योग कलस्टर के प्रस्तावों पर देंगे जमीन

राजधानी के आसपास उद्योग कलस्टर बनाए गए हैं, जिसके तहत सतगढ़ी में जमीन भी आवंटित कर दी गई है। अन्य जगहों के प्रस्ताव आने पर जमीन आवंटन का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा।

**कौशलेंद्र विक्रम सिंह**, कलेक्टर

#### व्यापार के लिए शहर के कारोबारी भी ले सकेंगे जगह

इस प्रोजेक्ट से उद्योग जगत को फायदा होगा। इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में फैक्ट्री लगेंगी। यहां कलस्टर बनने से तैयार सामान को सड़क या फिर ट्रेन से आसानी से अन्य राज्यों में भेजा जा सकेगा। इंटीग्रेटेड कलस्टर में अलग-अलग साइज के प्लॉट होंगे। ऐसे में शहर के कारोबारियों को भी अपने कारोबार को बढ़ावा देने का मौका मिलेगा।

### नई इंडस्ट्री को बढ़ावा देने जमीन देने की प्रक्रिया शुरू

*अगले एक साल में यहां उद्योगों का सेटअप तैयार कर लिया जाएगा, जिससे करीब 40 हजार युवाओं को रोजगार मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। कोलार एसडीएम रविशंकर राय का कहना है कि सतगढ़ी में औद्योगिक विभाग को जमीन आवंटित कर दी गई है, जिसका पजेशन भी जल्द ही सौंप दिया जाएगा। इस जमीन पर औद्योगिक कलस्टर बनाया जाना है। उद्योग विभाग के अफसरों का कहना है भोपाल के आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं, जिसको देखते हुए नई इंडस्ट्री को बढ़ावा देने जमीनें देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसमें लकड़ी, स्टील, खुर्जा की क्रॉकरी इंडस्ट्री, गारमेंट्स, बेकरी प्रोडक्ट में ब्रेड, पाव व अन्य खाद्य सामग्री की फैक्ट्री और प्लांट लगाए जाएंगे।*

## आरजीपीवी प्रबंधन से वेतनमान की भी मांग

# स्थाई नियुक्ति के लिए तेरह दिन से धरने पर बैठे अस्थाई कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का धरना 13वें दिन भी जारी है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच की इकाई आरजीपीवी कर्मचारी समिति के बैनर तले यह आंदोलन किया जा रहा है।

कर्मचारियों का कहना है कि जब तक आरजीपीवी प्रशासन उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेता है, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे का कहना है कि यह धरना 12 फरवरी से कुलसचिव कार्यालय के सामने शुरू किया गया है। धरना प्रदर्शन में अमर अहिरे, जगदीश शर्मा और शाजली इजहार सहित कई कर्मचारी शामिल हैं।

### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

*दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थाई करना। श्रेणी परिवर्तन कर अर्धकुशल और कुशल श्रमिक का दर्जा देने के साथ ही स्थाई कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देना प्रमुख मांगों में शामिल हैं।*





# खाना छोड़ा, नींद छोड़ी, परिवार छोड़ा पर ड्यूटी नहीं छोड़ी

## *कर्तव्य पथ पर तैनात रहे महाकुंभ में पहुंची बेशुमार भीड़ के 'हीरो'*






रीवा के चाकघाट पर लगे जाम में इस तरह फंस गए थे महाकुंभ में प्रयागराज जा रहे तीर्थ यात्री।

### *महाकुंभ की भीड़ में फंसे लोगों के भोजन-पानी से लेकर उनकी सुरक्षा तक का रखा ध्यान*

### *पुलिस-प्रशासन के साथ रेलवे तक के अधिकारी-कर्मचारी बने जाम में फंसे लोगों का सहारा*

मप्र-उप्र की बॉर्डर से मनोज रजक

उन लोगों की तारीफ हमेशा की जानी चाहिए जो लोग खाना-पीना छोड़कर, आधी नींद सो कर लोगों को सुकून पहुंचाते हैं। महाकुंभ की भीड़ में फंसे लोगों को खाना खिलाना, उनकी सुरक्षा का ध्यान रखना और उन्हें कुशल गंतव्य तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करना, यह ऐसे लोगों से ही संभव हो सका है। सतना, मैहर, रीवा और कटनी में हरिभूमि ने ऐसे अधिकारियों और समाजसेवियों को पूरी कर्मठता के साथ कार्य करते देखा, जो आज नजीर बन गए हैं।

### न नींद आती थी, न भूख लगती थी बस काम दिखता था: मतीन



पश्चिम मध्य रेलवे के सतना रेलवे जंक्शन के मैनेजर अब्दुल मतीन ने महाकुंभ के अंतिम दिन तक दिन-रात रेलवे स्टेशन में ही गुजारे। वे बमुश्किल ही घर जा पाए और थोड़ा बहुत खाकर और नाम मात्र की नींद लेकर उन्होंने काम चलाया। भीड़ को समझाते-चिल्लाते उनका गला बैठ गया है। वे बताते हैं कि सुबह से ही रेलवे स्टेशन आ जाते थे और रात करीब 10 बजे घर जाने को मिला। फिर रात में ही 2 बजे फिर स्टेशन आ जाते थे। उन्होंने कहा कि उनका सिर्फ एक की मक्सद रहा कि श्रद्धालु ठीक से अपने गंतव्य तक पहुंच जाएं।

### समाजसेवी बड़ेरिया ने निभाया इंसानियत का फर्ज



सतना के समाजसेवी सुरेश बरेडिया ने महाकुंभ की भीड़ को देखते हुए इंसानियत का फर्ज निभाया। एक दशक से ज्यादा हो गया उन्होंने अपने सहयोगियों को साथ 'सेवा संकल्प' नाम से एक संस्था बनाई जो आज भी सरकारी अस्पताल में लोगों को निशुल्क को भोजन करा रही है। कोरोना कल में भी उन्होंने भूखे प्यासे लोगों को खाने और पानी का इंतजाम कराया। इस बार भी वह कुंभ की भीड़ में जाम में फंसे तमाम लोगों को निशुल्क भोजन कराते नजर आए।

### श्रद्धालुओं को समस्या न हो सीएसपी राजीव ने रखा ध्यान



मैहर के नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक की मेहनत भी महाकुंभ के दौरान साफ नजर आई है। जिस कदर भीड़ हाईवे और मंदिर में उमड़ी, उसे देखकर लोग दांतों तले उंगली दबा लेते हैं, लेकिन इस भीड़ को वे धैर्य के साथ नियंत्रित करते देखे गए।

### मैहर रेलवे स्टेशन के मैनेजर ने की कठिन ड्यूटी

पश्चिम मध्य रेलवे का मैहर रेलवे स्टेशन काफी भीड़ वाला है। यहां के स्टेशन मैनेजर नरेंद्र सिंह कहते हैं कि नवरात्रि के अवसर पर लगने वाले मेले में जितनी भीड़ होती है, उससे कई गुना ज्यादा भीड़ महाकुंभ में देखने को मिली। लेकिन माता की कृपा से हम लोग लोगों की सेवा करने से नहीं थके और निरंतर सेवा में जुटे रहे।

### जहां जरूरत पड़ी, हमेशा हाजिर हुए सीएसपी महेंद्र



सतना के नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान ने जिस तरीके से महाकुंभ की भीड़ में अपने कर्तव्य का पालन किया। नेशनल हाईवे हो या स्टेट हाईवे, जहां भी उन्हें सूचना मिलती वे वहां पहुंचकर व्यवस्था बनाने में कड़ी मेहनत करते नजर आए। इतना ही नहीं, रेलवे स्टेशन की भीड़ को नियंत्रित करने में भी उन्होंने दिन रात एक कर दिया।

### आरपीएफ के साथ पूरे समय अलर्ट पर रहे थाना प्रभारी बब्बन लाल



रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) की सतना पोस्ट के थाना प्रभारी बब्बन लाल अपनी फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था में पूरे तरीके से अलर्ट नजर आए। महाकुंभ प्रारंभ होने के पहले दिन से ही उन्होंने इस तरह की रूपरेखा तैयार की, जिससे किसी भी यात्री को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### यातायात थाना प्रभारी अनिमा को नहीं मिला घर वालों से बात करने का मौका

रीवा की यातायात थाना प्रभारी अनिमा शर्मा ने भी भीड़ को नियंत्रित करने में कड़ी मेहनत की है। वे कहती हैं, कुंभ की भीड़ को नियंत्रित करने में खाना खाना, सोना और घर वालों से बात करने का समय ही नहीं मिलता था। अनिमा का कहना है कि श्रद्धालुओं की सेवा करके मन को शांति मिली है।

### जाम खुलवाने में सुहागी थाना प्रभारी शुक्ला ने की कड़ी मेहनत

रीवा के सुहागी में हाईवे में जाम लगने की घटना पूरे देश में चर्चा का विषय रही। यहां महाकुंभ के यात्री जाम में फंसे, जिन्हें सुरक्षित निकालकर गंतव्य तक पहुंचाने में सुहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने भी कड़ी मेहनत की है।



### पूरे संभाग में दौरा करके व्यवस्था का कमिश्नर-डीआईजी ने लिया जायजा

रीवा के कमिश्नर बीएस जामोद और डीआईजी साकेत प्रकाश पांडे पूरे जोन में दौरा करके व्यवस्था का जायजा लेते रहे। इनकी जिम्मेदारी तब बढ़ गई, जब मौनी अमावस्या और दिल्ली रेलवे स्टेशन में भगदड़ हो गई। दोनों अधिकारियों ने पूरे संभाग में व्यवस्था का जायजा लिया और व्यवस्था दुरुस्त करने में लगातार जुटे रहे।

### प्रयास रहा कि किसी को तकलीफ न हो: एसडीएम राहुल

राष्ट्रीय राजमार्ग पर व्यवस्था देखने भीड़ नियंत्रित करने और रेलवे स्टेशन पहुंचकर भीड़ नियंत्रित करने का हमारा फर्ज था। सतना के रघुराज नगर एसडीम राहुल सिलाडिया ने बताया कि सभी को एक बात समझनी चाहिए कि कहीं जाना हो तो जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। जान से बढ़कर कोई चीज नहीं है। हर जगह अनुशासन होना चाहिए। भीड़ में फंसे ट्रक ड्राइवरों के पास खाने के पैसे नहीं थे, हम उन लोगों की तारीफ करते हैं जो लोग लोगों को खाना खिलाते हैं और उनका पता भी नहीं रहता कि वे कौन हैं। वीआईपी कल्चर खत्म होना चाहिए।

### हाईवे से लेकर माता के मंदिर तक शैलेंद्र ने देखी व्यवस्था



मैहर के अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह बेजोड़ मेहनत के लिए जाने जाते हैं। महाकुंभ के दौरान हर जगह उनकी मौजूदगी देखी गई। मैहर में हाईवे से लेकर माता के मंदिर में हो रही भीड़ को नियंत्रित करने वे अपने सहयोगियों के साथ नजर आए। खास बात तो यह है कि महाकुंभ के दौरान मैहर में भी इस कदर भीड़ हुई कि यहां थोड़ी देर भी बैठने की फुरसत अधिकारियों को नहीं मिली।

### फुल टाइम भीड़ को समझाने में लगे रहे एसडीएम विकास सिंह



मैहर के एसडीएम विकास सिंह महाकुंभ के दौरान मैहर में होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने अपनी टीम को लेकर पूरी शिद्दत के साथ जुटे रहे। हाल ही में जब हाईवे पर जाम लगा था, तब कई दिनों तक वह सुबह से लेकर देर रात तक जाम खुलवाने में लगे रहे और जब समय मिला तो उन्होंने माता के मंदिर में भीड़ को नियंत्रित करने में पूरा समय गुजारा।

### महिला टीआई वर्षा सोनकर ने भी किया कर्तव्यों का पालन

रीवा में मंनगवा थाने में पदस्थ टीआई वर्षा सोनकर ने अधिकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कड़ी मेहनत की और श्रद्धालुओं को सुरक्षित तरीके से गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दिन-रात स्टेट और नेशनल हाईवे पर जमकर मेहनत की। वे कहती हैं कि हम कब घर जाते थे, कब खाते थे, कब सोते थे पता नहीं चला। कई दिन और रात सड़क पर ही गुजर गए।

### टीआई अनिमेष द्विवेदी ने की 24 घंटे की ड्यूटी



वैसे तो मैहर थाने में जिसकी भी पदस्थापना की जाती है, उसे पूरा समय भक्तों की सेवा में देना पड़ता है। लेकिन इस बार मंदिर से लेकर सड़क तक जाम में फंसे लोगों की सेवा करना, जाम खुलवाकर उन्हें आगे के लिए रवाना करना, इस तरह की कड़ी मेहनत इन दिनों नगर निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी ने की है। इस काम को अंजाम देने वे कई कई दिन तक पूरे 24 घंटे ही सेवा में जुटे रहे।

### महाकुंभ में कटनी सीएसपी और दो थाना प्रभारी तत्परता से जुटे



महाकुंभ प्रयागराज जाने के लिए कटनी में बढ़ते यातायात दबाव को व्यवस्थित करने में और यात्रियों को तकलीफ न हो इसके लिए नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा यातायात टीआई राहुल पांडे जिले के 100 किलोमीटर के बायपास परिधि में रोजाना एक्टिव रहे और यात्रियों को सुरक्षित चलने का मैसेज भी देते रहे। जिनका वीडियो वायरल भी हुआ। वहीं कोतवाली थाना टीआई आशीष शर्मा बायपास में राजमार्ग के साथ-साथ स्टेशनों पर भी तत्परता बनाए रखी, क्योंकि सड़क मार्ग पर हाईवे में जाम को लेकर लोगों को अवेयर करना सहित स्टेशन पर भारी भीड़ को नियंत्रित करने जैसी सेवाएं वे लगातार देते रहे।

### जब देखा तब स्टेशन पर नजर आए जीआरपी चौकी प्रभारी राजेश



महाकुंभ में रेलवे स्टेशन में जिस तरह की इस बार भीड़ देखने को मिली है, आने वाले दिनों में शायद ही कभी देखने को मिलेगी, लेकिन सभी लोगों के साथ मिलकर राजकीय रेलवे पुलिस जीआरपी ने भी अपने काम को बखूबी अंजाम दिया है। जीआरपी चौकी के प्रभारी राजेश राज रेलवे स्टेशन से बमुश्किल 100 मीटर की दूरी पर रहते हैं। वे बस कुछ देर के लिए दैनिक कार्यों से निवृत होने घर जाते थे और पूरे समय रेलवे स्टेशन पर अपनी टीम के साथ नजर आते रहे। वह कब और कितना सो सके, उन्हें खुद नहीं पता। बस हमेशा यही चिंता रही कि कहीं कोई अप्रिय वारदात न हो जाए।




## जैकेट का शेष

### दुनिया में कहीं इतनी...

प्रयागराज पहुंचे लोगों की संख्या से ज्यादा रही। जहां भारत की अनुमानित आबादी 145 करोड़ है, वहीं चीन की अनुमानित जनसंख्या 141 करोड़ है। इसके बाद नंबर आता है अमेरिका का, जहां की आबादी महज 34 करोड़ है। यानी महाकुंभनगर में पहुंचे लोगों के मुकाबले सिर्फ आधी। महाकुंभ में अमेरिका की दोगुनी से ज्यादा, पाकिस्तान की ढाई गुना से अधिक और रूस की चार गुनी से ज्यादा आबादी के बराबर श्रद्धालु यहां अब तक आ चुके हैं। यही नहीं, जापान की पांच गुना आबादी, यूके की 10 गुना से ज्यादा आबादी और फ्रांस की 15 गुना से ज्यादा आबादी ने यहां आकर त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई है।

### सामाजिक समरसता...

से छुआछूत जैसी कुरीतियों को दूर करने और महिलाओं को समाज में उचित स्थान दिलाने का संदेश दिया है। समाज को सन्मार्ग दिखाने की संत परंपरा के इस उद्देश्य को बागेश्वरधाम प्रभावी रूप से आगे बढ़ा रहे है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देश वुमेन लेड डेवलपमेंट को लेकर अग्रसर है। बेटियों के सशक्त होने से परिवार, समाज और देश सशक्त होगा। राष्ट्रपति ने पं. शास्त्री और श्री बागेश्वर धाम सेवा समिति के कराए जा रहे सामूहिक कन्या विवाह समारोह की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीन जैसी उपयोगी वस्तुएं भी उपहार में दी जा रही हैं। राज्यपाल पटेल ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के स्वयं उपस्थित होकर प्रदेश के वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया।युवा संत पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पिछले छह वर्षों से बागेश्वरधाम में दलित, जनजातिय समेत सभी समाजों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इसमें पूरी व्यवस्था पं. शास्त्री कराते हैं। गरीब परिवारों की बेटियों का विवाह कराने के साथ ही पं. शास्त्री उनकी देखभाल भी करते हैं। उनके इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने खुद राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू पहुंची तो पूरा कार्यक्रम और भव्य बन गया। इस मौके पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मौजूद थे। समारोह में खजुराहो सांसद वीडी शर्मा मौजूद थे।

### मौसम के तीन रंग ...

केंद्र के अनुसार अभी 3 दिन तापमान में मामूली बढ़त बनी रहेगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी उत्तरी पाकिस्तान और उससे सटे भारतीय हिमालय पर ट्रफ के रूप में सक्रिय है। बुधवार को भी ऐसे ही तापमान में बढ़ोतरी हुई, जो 2 मार्च तक जारी रहेगी। 2 मार्च को नया पश्चिमी विक्षोभ आएगा, जिससे 3 मार्च से हवाओं के साथ मौसम फिर बदलेगा।

## पेज एक का शेष

### नमः पार्वतीपतये...

हेतु पहुंचे। उन्होंने नंदी मंडपम में आयोजित आरती में भाग लिया। इस अवसर पर महेश पुजारी, आकाश पुजारी व आशीष पुजारी ने पूजन संपन्न करवाया।

### भोजपुर शिवधाम में ...

व्यवस्था के तहत भोपाल से आने वाले बड़े वाहनों को बंगरसिया चौराहे पर रोका जा रहा है। ये वाहन सीधे चिकलोद की ओर भेजे जा रहे हैं। आशापुरी से आने वाले बड़े वाहनों को भी रोका जा रहा है।

### किन लोगों को ...

योजनाओं को विलय करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। इससे पेंशन अंशदान को एक जगह लाया जा सकेगा। इससे पेंशन भुगतान में वृद्धि होगी। साथ ही, एक शख्स को अधिक पेंशन का लाभ लेने से भी रोका जा सकेगा।

### भारत में वृद्ध ...

कनाडा, यूरोप, रूस और चीन जैसे देशों में पहले से ही सामाजिक सुरक्षा प्रणाली मौजूद है। इसमें पेंशन, स्वास्थ्य सेवाएं और बेरोजगारी भत्ता शामिल हैं। डेनमार्क, स्वीडन, नॉर्वे, नीदरलैंड्स और न्यूजीलैंड जैसे देशों में यूनिवर्सल पेंशन योजनाएं पहले से ही लागू हैं।

### सुनसान में खड़ी ...

थी। स्वारगेट पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि आरोपी की पहचान दत्ता गाडे के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ पहले से ही चोरी और चैन स्नेचिंग के कई मामले दर्ज हैं। पीड़िता के अनुसार, वह मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे स्वारगेट बस स्टैंड के एक प्लेटफॉर्म पर पैठण जाने वाली बस का इंतजार कर रही थी। तभी आरोपी ने उसे यह कहकर गुमराह किया कि उसकी बस दूसरे प्लेटफॉर्म पर खड़ी है। संदिग्ध ने उसे डिपो में खड़ी राज्य परिवहन निगम की शिवशाही बस में चढ़ने को कहा। महिला उसकी बातों में आ गई और उसके साथ वहां तक चली गई, जहां एक बस सुनसान जगह पर खड़ी थी। स्वारगेट बस स्टैंड पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान की गई। पुणे पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ के लिए कई टीमें गठित की हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### श्रद्धालुओं के ...

धाम के रावल भीमाशंकर लिंग, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सीईओ विजय प्रसाद थपलियाल, पंचगई समिति के पदाधिकारी और सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पंजाब के सभी ...

सरकार और सीबीएसई पर यह आरोप लगाया था कि बोर्ड की साल में दो बार परीक्षाएं आयोजित कराने वाले ड्राफ्ट में से कथित रूप से पंजाबी भाषा को हटा दिया गया है। हालांकि बैंस के इन आरोपों पर बोर्ड ने भी सफाई दे दी थी।

### छह महीने ...

उन्होंने कहा कि गोविंदा कभी-कभी मीटिंग में शामिल होते हैं और कभी-कभी बंगले में सोते भी हैं। लेकिन, उनकी शादीशुदा जिंदगी सही है। वे और सुनीता साथ रहते हैं। सोशल मीडिया पर कुछ लोग गोलीकांड से भी इस घटना को जोड़कर देख रहे हैं।

### कुबेरेश्वर धाम ...

अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए वहां से गुजरने वाली 11 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेनों का 02 मिनट का अस्थाई ठहराव दिया गया है। यह ठहराव 25 फरवरी, 2025 से 03 मार्च, 2025 तक दिया जाएगा।


## कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर

फोन नं. 07582-220840 ईमेल आईडी. cepwdsagar@nic.in
एनआईटी नं-13/2024-25/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर दिनांक 20/02/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वार्षाकाल सहित) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025 _PWDRB _402279_ 1 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग खुरई के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य लं. 6. 50 कि.मी. अनु. लागत 1- बीकोरकलां पहले पार क्रेसर के बाजू से सिमरिया गमिरिया मुख्य मार्ग (रिपटा सहित) का निर्माण कार्य लं. 3.00 कि.मी. विद्युतीकरण कार्य सहित अनुमानित लागत 374.05 लाख 2- फोरलेन मार्ग से चनारी मार्ग नं. 3.50 कि.मी. का निर्माण कार्य अनुमानित लागत 303.78 लाख | सागर | 677.82 | 677820 | 20000 | 08 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 2025_PWDR1B _402280_1 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग खुरई के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य लं. 8. 10 कि.मी. विद्युतीकरण कार्य सहित अनु लागत 754.83 लाख 1- सरखड़ी प्राथमिक स्कूल से सिलारपुर तिगड्डा (बरघाट तिगड्डा) से बरघाट मंदिर तक नं. 3.00 कि.मी. विद्युतीकरण कार्य सहित अनुमानित लागत 301.49 लाख 2- खुरई सिंगपुर मार्ग से बरोदिया बामन तलापार मार्ग लं. 3.50 कि.मी. विद्युतीकरण कार्य सहित अनु लागत 358.16 लाख 3- बरोदिया नैनागिर मार्ग से तोड़ा काछी नैनागिर मार्ग लं. 1.10 कि.मी. का निर्माण कार्य अनु. लागत 95.29 लाख | सागर | 754.93 | 754930 | 20000 | 10 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 3 | 2025_ PWDRB _ 402281_1 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग खुरई के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य लं. 7. 00 कि.मी. विद्युतीकरण कार्य सहित अनु लागत 649.26 लाख 1- बलोम टपरा से वलोप धर्मपुर जनराहो मार्ग ल. 4.00 कि.मी. का निर्माण कार्य अनु लागत 353.14 लाख 2- गोदू विजयपुरा मुख्य मार्ग से झौलसी इनायतपुर मुख्य मार्ग लं. 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य अनु लागत 162.67 लाख 3- मंगूस से परसोन (डबूसा रामछायरी) मार्ग लं. 1.50 कि.मी. का निर्माण कार्य अनु. लागत 133.44 लाख | सागर | 649.26 | 649260 | 20000 | 08 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| | | | | 2082.01 | | | | |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बैक्साईड http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 21/02/2025 समय 10:30 से दिनांक 07/03/2025 समय 17:30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वैबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाइट पर ही बर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि सागर परिक्षेत्र सागर

जी - 23523/24 स्वच्छता ही सेवा



## कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल भोपाल (म.प्र.)

(Office-0755-2742263, Fax-0755-2742250,Email-Jscjbpl@mp.gov.in)

पत्र क्रं 148 / निर्वाह/2025 भोपाल, दिनांक 25/02/2025

:: ई-निविदा (द्वितीय) आमंत्रण सूचना ::
वित्तीय वर्ष 2025-26

म.प्र. जेल पूर्ति नियम, 1968 एवं मध्य प्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम-2015 (यथा संशोधित-2022) के अधीन केन्द्रीय जेल भोपाल हेतु बंदियों की चिकित्सीय जांचे, विद्युत सामग्री एवं गौवंशों के लिए भूसा आदि की आपूर्ति के लिए वार्षिक ई-निविदा विज्ञप्ति निम्नानुसार जारी की जाती है:-

ई-निविदा कार्यक्रम का विवरण

| क्रं. | विवरण | दिनांक व समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्री-बिड मीटिंग | 11.03.2025 दोपहर 12:00 बजे | कार्यालय, जेल अधीक्षक, केंद्रीय जेल भोपाल |
| 2 | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि | 24.03.2025 शाम 06 बजे तक | निविदा फार्म वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकेंगे। |
| 3 | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 24.03.2025 शाम 06 बजे तक | निविदा वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन प्रस्तुत की जावेगी। |
| 4 | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि (उक्त दिनांक को नमूनों का गुणवत्ता परीक्षण भी किया जावेगा) | 25.03.2025 दोपहर 12 बजे तक | कार्यालय, जेल अधीक्षक, केंद्रीय जेल भोपाल |
| 5 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 26.03.2025 दोपहर 12 बजे तक | कार्यालय, जेल अधीक्षक, केंद्रीय जेल भोपाल |
| 6 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 29.03.2025 दोपहर 12 बजे तक | कार्यालय, जेल अधीक्षक, केंद्रीय जेल भोपाल |

ई-निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। तिथि परिवर्तन की सूचना www.mptenders.gov.in पर अपलोड कर एवं जेल के सूचना पटल पर लिखित में चस्पा कर दी जाएगी, संशोधन की सूचना पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

जेल अधीक्षक
केंद्रीय जेल भोपाल

G-23534/24 " स्वच्छता ही सेवा "



आवश्यकता है खरीदना है बेचना है व्यापार चिकित्सा ज्योतिष डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

### आवश्यकता

नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 8981475043, 7439736348
. R-27-02-25 to 17-03-2025 not 4,6,7-03-25

### प्रॉपर्टी

खरीदना है सागर शहर के आसपास या ग्रामीण एरिया 100 एकड़ से 1500 एकड़ सस्ती जमीन खरीदना है सम्पर्क करें- 9827951230, 9131508711
. BLS-22 to 28-02-2025

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम मुमाताज़ा बी ( MUMATAJA BI ) था जो कि अब बदल कर मुमताज़ बी ( MUMTAZ BEE ) हो गया अतः अब भविष्य में मुझे मुमताज़ बी ( MUMTAZ BEE ) के नाम से जाना एवं पहचाना जाए पत्नि गनी मोहम्मद पता : 139 मनोहर यादव कॉलोनी उज्जैन मध्य प्रदेश 456006
मोबाइल न.9399556641

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम किशवर जहाँ ( KISHWAR JAHAN ) था जो कि अब बदल कर किशवर बेग ( KISHWAR BAIG ) हो गया अतः अब भविष्य में मुझे किशवर बेग ( KISHWAR BAIG ) के नाम से जाना एवं पहचाना जाए पत्नि अतिक बेग पता : 98 अतिक काम्प्लेक्स होटल नसीब चौकी इमामबाड़ा भोपाल मध्य प्रदेश 462001
मोबाइल न.8770093412

### नाम परिवर्तन

मैं राजमल अहिरवार आत्मज श्री बद्रीप्रसाद, आयु वयस्क, निवासी ग्राम सुलतानपुरा, चरनाल, जिला-सीहोर, म.प्र. 466665 आधार नं- 5912 9959 1102 मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही नाम अनुज अहिरवार (Anuj Ahirwar) दर्ज है। जो कि सत्य व सही है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम शरद (Sarad) दर्ज है। जो कि त्रुटीवश दर्ज हो गया है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार उसके आधार कार्ड में उसक नाम अनुज अहिरवार (Anuj Ahirwar) दर्ज करवाना चाहता हूँ। जो सही एवं सत्य है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरे पुत्र को अनुज अहिरवार (Anuj Ahirwar) के नाम से जाना व पहचाना जावे ।शपथ पत्र क्रमांक BF539875

### नाम परिवर्तन

मैं. आशीष मीना आत्मज श्री रतिराम मीना, आयु वयस्क, निवासी म.नं- 207, ग्राम-कालापानी, आई.बी.डी. हॉलमार्क सिटी, हुजूर, भोपाल, म.प्र. 462040 मतदान पहचान नं- UKL1800796 आधार नं 5001 6541 2401 यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवासरत हूँ। मेरे मतदान पहचान पत्र में मेरा नाम सही नाम आशीष मीना (ASHISH MEENA) अंकित है। जो कि सत्य व सही है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम कैलाश मीना (KAILASH MEENA) दर्ज है। जो कि त्रुटीवश दर्ज हो गया है। मैं अपने मतदान पहचान पत्र के अनुसार मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम आशीष मीना ASHISH MEENA) दर्ज करवाना चाहता हूँ। जो सही एवं सत्य है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम आशीष मीना (ASHISH MEENA) के नाम से जाना व पहचाना जावे ।शपथ पत्र क्रमांक BF539880

### नाम परिवर्तन

मैं, चंद्रेश आत्मज श्री कल्यान, आयु वयस्क, निवासी- म.नं 11, जोतपुर, ग्रामत बेरखेडी गुसांई जैसी नगर, एसओ. सागर, म.प्र. 470125 मतदान पहचान नं- NDU621730 आधार नं- 4979 9310 2472 मेरे मतदान पहचान पत्र में मेरा नाम सही नाम चंद्रेश (CHANDRESH) अंकित है। जो कि सत्य व सही है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रामनारायण (RAMNARAYAN) दर्ज है। जो कि त्रुटीवश दर्ज हो गया है। मैं अपने मतदान पहचान पत्र के अनुसार मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम चंद्रेश (CHAMBRESH) दर्ज करवाना चाहता हूँ। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम चंद्रेश (CHANDRESH) के नाम से जाना व पहचाना जावे ।शपथ पत्र क्रमांक BF539879

### नाम परिवर्तन

मैं, महेन्द्र आत्मज श्री नेतराम, आयु वयस्क, निवासी म.नं-43, सेमरी खूबचन्द ग्राम सेमरी खूबचन्द पांगरा काशीराम बरेली जिला रायसेन.. म.प्र. 464668 मतदान पहचान नं- RLO3987955 आधार नं- 5001 6541 2401 मेरे मतदान पहचान पत्र में मेरा नाम सही नाम महेन्द (MAHENDRA) अंकित है। जो कि सत्य व सही है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम निखिल (NIKHIL) दर्ज है। जो कि त्रुटीवश दर्ज हो गया है। मैं अपने मतदान पहचान पत्र के अनुसार मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम मह (MAHENDRA) दर्ज करवाना चाहता हूँ। ।जो सही एवं सत्य है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम महेन्द (MAHENDRA) के नाम से जाना व पहचाना जावे ।शपथ पत्र क्रमांक BF539881

### नाम परिवर्तन

मैं, धन्नालाल आत्मत गुलाब सिंह, आयु वयस्क, निवासी ग्राम छतरी, जिला सीहोर, म.प्र. 466661 आधार नं- 9816 2684 8374 मेरी पुत्री सोनाली के जन्म प्रमाण पत्र तथा कक्षा 10वी की अंकसूची में उसका सही नाम सोनाली (SONALI) दर्ज है। जो कि सत्य व सही है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम सोनाक्षी (Sunakaxi) दर्ज है। जो कि त्रुटीवश दर्ज हो गया है। मैं मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र तथा कक्षा 10वी की अंकसूची के अनुसार उसके आधार कार्ड में उसका नाम सोनाली (SONALI) दर्ज करवाना चाहता हूँ। जो सही एवं सत्य है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरी पुत्री का नाम सोनाली (SONALI) के नाम से जाना व पहचाना जावे ।शपथ पत्र क्रमांक BF539877

### नाम परिवर्तन

मैं. महेश कुमार आत्मज श्री राजाराम कुर्मी, आयु वयस्क, निवासी ग्राम मढदेवरा, तह राहतगढ़, जिला-सागर, म.प्र. 470119 आधार नं 8992 3271 2141 मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही नाम अर्पित कुर्मी (ARPIT KURMI) दर्ज है। जो कि सत्य व सही है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम कमल सिंह (Kamal Singh) दर्ज है। जो कि त्रुटीवश दर्ज हो गया है। मैं मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार उसके आधार कार्ड में उसक नाम अर्पित कुर्मी (ARPIT KURMI) दर्ज करवाना चाहता हूँ। जो सही एवं सत्य है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरे पुत्र को अर्पित कुर्मी (ARPIT KURMI) के नाम से जाना व पहचाना जावे ।शपथ पत्र क्रमांक BF539877

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-14/02/25 to 18/4/25- not-fab, 16,23,26 not= march-2,9,14,16,23,30,31, April- 6,10,13,14

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक


हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस


## राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला:** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु:** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन:** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5791



**बाएँ से दाए-**
2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

मंगल सैनाचा, बैंगलोर

### शब्द पहेली -5790 का हल



## सूडोकू नवताल - 5801

★★★✫✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5800 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## टीडीएस-टीसीएस में गड़बड़ी पर इनकम टैक्स विभाग का बड़ा अभियान

# 40 हजार करदाताओं पर आयकर विभाग की नजर...,सोलह सूत्रीय योजना बनाई

एजेंसी.नई ▶▶ दिल्ली




इनकम टैक्स डिपार्टमेंट देशभर में एक बड़ा अभियान चलाने की तैयारी में है। अधिकारियों का कहना है कि अभियान उन लोगों और कंपनियों के खिलाफ होगा जिन्होंने टीडीएस-टीसीएस नहीं काटा है या जमा नहीं किया है।

लगभग 40,000 ऐसे टैक्सपेयर्स जांच के दायरे में हैं। यह कार्रवाई वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 में काटे गए टैक्स के आधार पर हो रही है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने टीडीएस डिफॉल्टर्स को पकड़ने के लिए 16 सूत्रीय योजना बनाई है। इसके अलावा डेटा एनालिटिक्स टीम ने जांच के लिए ऐसे टैक्सपेयर्स की एक पूरी लिस्ट तैयार की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 'हमारे पास एनालिटिक्स टीम का डेटा है। अगर किसी ने टैक्स जमा नहीं किया है तो हम पहले उन्हें इस बारे में सूचित करेंगे। अधिकारी बार-बार नियम तोड़ने वालों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। वे उन मामलों की जांच करेंगे जहां टैक्स कटौती और एडवांस टैक्स भुगतान में बड़ा अंतर है। जिन मामलों में कटौती करने वाले के नाम में बार-बार बदलाव और सुधार हुए हैं, उनकी भी जांच होगी। साथ ही उन कंपनियों की भी जांच होगी जिन्होंने ऑडिट में बीमार इकाइयों या घाटे वाली कंपनियों का यूज किया है।

### जानबूझकर डिफॉल्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की होगी

*अधिकारी ने कहाकि ईमानदार करदाताओं के लिए टीडीएस अनुपालन में ढील दी गई है। लेकिन जानबूझकर डिफॉल्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे टैक्स सिस्टम निष्पक्ष और न्यायसंगत बनेगा। इस अभियान से सरकार को उम्मीद है कि टैक्स चोरी कम होगी और राजस्व बढ़ेगा। साथ ही, ईमानदार करदाताओं को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।*

### दरों की संख्या और टीडीएस कटौती की सीमा को कम किया

बोर्ड ने आकलन अधिकारियों से कहा है कि वे आयकर अधिनियम की धारा 40(ए)(आईए) के तहत बड़ी अस्वीकृति वाले मामलों की रिपोर्ट करें। यह धारा उन मामलों में कटौती की अनुमति नहीं देती है जहां टीडीएस नहीं काटा गया है या सरकार के पास जमा नहीं किया गया है। कर अधिकारी ऐसे मामलों पर भी कड़ी नजर रखेंगे जहां टीडीएस रिटर्न में कई बार संशोधन किया गया है और डिफॉल्ट की राशि में काफी कमी आई है। बोर्ड ने फील्ड अधिकारियों से कहा है कि वे कटौती करने वालों द्वारा दायर की गई शिकायतों पर भी ध्यान दें। टीडीएस भुगतान में पैटर्न और अनियमितताओं की पहचान करने के लिए डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करें। अधिकारी ने कहा कि विभाग के पहले के अभियानों की तरह इसमें भी किसी को परेशान नहीं किया जाएगा। इस साल के बजट में, केंद्र सरकार ने टीडीएस और टीसीएस दरों को युक्तिसंगत बनाने की घोषणा की है। दरों की संख्या और टीडीएस कटौती की सीमा को कम किया गया है।

## मप्र बनेगा देश का सबसे बड़ा लॉजिस्टिक हब

# भोपाल, जबलपुर, इंदौर, रतलाम और कटनी में बड़े लॉजिस्टिक सेंटर होंगे विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश का देश में सबसे बड़ा लॉजिस्टिक हब बनने का रास्ता साफ हो गया है। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल, जबलपुर, इंदौर, रतलाम और कटनी में बड़े लॉजिस्टिक सेंटर को विकसित किया जाएगा। राजधानी भोपाल में मंडीदीप के पास विश्वस्तरीय सुविधाओं वाला लॉजिस्टिक पार्क जल्द ही आकार लेने जा रहा है। करीबन 34 एकड़ भूमि पर डेवलप होने वाले इस लॉजिस्टिक हब में हर माह करीबन 90 हजार टन माल की लोडिंग हो सकेगी। उधर दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे के पास रतलाम में भी एक बड़ा लॉजिस्टिक हब बनाने की तैयारी की जा रही है।

### भोपाल के इटायाकलां में मार्च से शुरू होगा काम

*राजधानी भोपाल से जल्द ही देश के किसी भी कोने में माल को पहुंचाना आसान होगा। भोपाल से सटे मंडीदीप के पास इटायाकलां में जल्द रेलवे द्वारा लॉजिस्टिक पार्क विकसित किया जा रहा है। इसका काम मार्च से शुरू हो जाएगा। इसके लिए रेलवे 98 करोड़ की राशि पहले ही मंजूर कर चुका है। इस लॉजिस्टिक हब की खासियत यह होगी कि यहां से देश के किसी भी कोने में लोड और अनलोड करना आसान हो जाएगा। इस स्थान का चयन भी इसलिए किया गया क्योंकि यह देश के सेंटर में स्थित है।*

### लॉजिस्टिक पार्क बदलेंगे मप्र की तस्वीर

मध्यप्रदेश में भौगोलिक स्थिति को देखते हुए मध्यप्रदेश में कई स्थानों पर लॉजिस्टिक पार्क विकसित किए जाने की तैयारी है। मध्यप्रदेश के मुंबई दिल्ली एक्सप्रेस वे पर रतलाम के पास भी बड़े लॉजिस्टिक पार्क की तैयारी की जा रही है। इसके लिए मंजूरी मिल चुकी है। यहां से मुंबई-दिल्ली तक माल पहुंचाने के अलावा गुजरात, राजस्थान सहित दक्षिण के राज्यों तक माल लोडिंग-अनलोडिंग की व्यवस्था आसान होगी। इसी तरह मध्यप्रदेश के जबलपुर, कटनी में भी लॉजिस्टिक पार्क डेवलप किया जाएगा।

## कोटा में कोटा केयर्स के तहत कोचिंग स्टूडेंट्स के हित में कई घोषणाएं

# 4 हजार हॉस्टल्स ने एकजुट होकर स्टूडेंट्स को राहत देने के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट

एजेंसी ▶▶ कोटा




कोटा में जिला प्रशासन ने 'कोटा केयर्स' अभियान के तहत कोचिंग स्टूडेंट्स के हित में व्यापक सुधार के लिए कई घोषणाएं की है। ये सुधार कोटा में स्टूडेंट्स हित में हो रहे बदलाव के क्षेत्र में कोटा के दृष्टिकोण को प्रदर्शित करेंगे। कोटा के हॉस्टल एसोसिएशन और कोचिंग के साथ मिलकर, जिला प्रशासन के सहयेग से हुई इन घोषणाओं में आवास, सुरक्षा मापदण्ड और सपोर्ट सिस्टम में बड़े बदलाव हैं जो कोटा में केयरिंग के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगे।

कोटा में दिसम्बर 2024 में कोटा केयर्स अभियान की शुरुआत की गई थी जो कि स्टूडेंट सपोर्ट और शैक्षिक उत्कृष्टता से परे जाकर केयरिंग के लिए एक नया इकोसिस्टम विकसित करने के उद्देश्य से थी। यह पहल जिला प्रशासन, कोचिंग संस्थानों, हॉस्टल एसोसिएशन्स और स्थानीय नागरिकों को एकजुट करके स्टूडेंट्स के लिए समन्वित प्रयास है। जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी ने कहा कि कोटा केयर्स ऐसे स्टूडेंट्स के लिए प्रयास है जो सपने पूरे करने के लिए कोटा आते हैं। इन सुधारों के माध्यम से कोटा में एक सपोर्ट सिस्टम तैयार किया जा रहा है, जो छात्र जीवन के हर पहलू को कवर करता है। सस्ते आवास से लेकर मानसिक स्वास्थ्य और मनोरंजन की जरूरतों तक सब कुछ इसमें शामिल किया गया है। यह कोटा को एक ऐसा शहर बनाने का प्रयास है जो केयरिंग के लिए पहचाना जाए। यह एक सामूहिक प्रयास है, जिसमें जिला प्रशासन व कोचिंग संस्थानों के साथ अन्य सभी भागीदार आगे आए हैं।

## राज्य में शुरू हो रही 1 मार्च से गेहूं की सरकारी खरीदी

# 81 लाख गेहूं किसानों को एमएसपी से 175 रुपए अधिक मिलेगा दाम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश सरकार ने गेहूं के दाम को एमएसपी से 175 रुपए प्रति क्विंटल अतिरिक्त देने की घोषणा की है। इस फैसले से राज्य के 81 लाख से अधिक किसानों को फायदा मिलेगा।

राज्य में 1 मार्च से गेहूं की सरकारी खरीदी शुरू हो रही है। मध्य प्रदेश सरकार ने गेहूं के दाम को एमएसपी से 175 रुपए प्रति क्विंटल अतिरिक्त देने की घोषणा की है। इस फैसले से राज्य के 81 लाख से अधिक किसानों को फायदा मिलेगा। राज्य में 1 मार्च से गेहूं की सरकारी खरीदी शुरू हो रही है। राज्य में गेहूं का औसत रकबा 75 लाख हेक्टेयर है और कुछ इलाकों में कटाई भी शुरू हो चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार इस वर्ष गेहूं किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीदी करेगी। यानी एमएसपी से 175 रुपए प्रति क्विंटल अधिक दाम मिलेगा। राज्य सरकार ने बीते साल 125 रुपए का बोनस गेहूं किसानों को दिया था और किसानों को प्रति क्विंटल अधिकतम भाव 2400 रुपए मिला था, लेकिन, इस बार किसानों को अधिक दाम देने की घोषणा की गई है ।

### किसानों को 48 घंटे में भुगतान

*मध्यप्रदेश में 1 मार्च से गेहूं की खरीद शुरू होगी। गेहूं खरीदी के बाद किसानों को 48 घंटे में भुगतान उनके बैंक अकाउंट में पहुंच जाएगा। मध्य प्रदेश सरकार ने गेहूं की सरकारी खरीदी शुरू करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने गेहूं किसानों को बड़ा तोहफा देते हुए उपज खरीद के दाम को बढ़ा दिया है। गेहूं खरीदी के लिए केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल तय कर रखा है, लेकिन राज्य सरकार एमएसपी से ज्यादा दाम किसानों को देगी।*

# शक्ति ग्रुप ने रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में 1700 करोड़ रु. का किया निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सोलर पम्पस और मोटर्स के अग्रणी निर्माता और आपूर्तिकर्ता शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के सीएमडी प्रदीप पाटीदार ने मध्य प्रदेश में 1700 करोड़ रुपए के महत्वपूर्ण निवेश की घोषणा की।

पीथमपुर में लगभग 64 हेक्टयर इंडसट्रियल लैंड पर होने जा रहे इस विस्तार में रिन्यूएबल एनर्जी सोलर वेफर से सोलर सेल, सोलर पंपिंग सिस्टम और इलेक्ट्रिक व्हीकल कम्पोनेंट्स के लिए अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स स्थापित होंगी, जिससे प्रदेश में रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे। इन प्रोजेक्ट्स में प्रोडक्शन शुरू होने पर शक्ति पम्पस देश की पहली कंपनी होगी जिसके पास सोलर पम्पिंग इंडस्ट्री की सारी जरूरतें जैसे पम्पस, मोटर्स, सोलर पैनल, स्ट्रक्चर, वीएफ़डी, इन्वर्टर आदि बनाने की क्षमता होगी। 1982 में स्थापित शक्ति पंप्स की भारतीय बाजार में 40 से अधिक वर्षों की समृद्ध विरासत है। कंपनी ने लगातार मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और लाभप्रदता का प्रदर्शन किया है। शक्ति पंप्स, सोलर पम्पस के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की पीएम कुसुम योजना का एक चैनल पार्टनर भी है, जो रिन्यूएबल एनर्जी सोलुशंस के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। पाटीदार के अनुसार यह कंपनी 1200 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश के साथ वेफर से सोलर सेल के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगी।

## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि पर शेयर और मुद्रा बाजार बंद

**मुंबई।** महाशिवरात्रि त्योहार के अवसर पर शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में अवकाश रहा। जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका।देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है।

### ईडीआईआई का 16वां सम्मेलन आयोजित

**अहमदाबाद।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद का 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन बुधवार से संस्थान के परिसर में शुरू हुआ। उद्यमिता पर आधारित तीन दिवसीय सम्मेलन 28 फरवरी को समापन होगा। यह सम्मेलन शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और अभ्यासकर्ता के लिए एक मंच है ताकि वे उद्यमिता विकास के विभिन्न क्षेत्रों में अपने शोध अध्ययन और निष्कर्ष साझा कर सकें। ईडीआईआई 1994 से उद्यमिता पर द्विवार्षिक सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। डॉ. सुनील शुक्ला, डायरेक्टर जनरल, ईडीआईआई ने कहा कि द्विवार्षिक सम्मेलन लगातार दुनिया भर के शोधकर्ताओं और शिक्षकों को एक मंच प्रदान करता है।

### ओओएच की वृद्धि छूने जा रही आसमान

**मुंबई।** आउट ऑफ होम विज्ञापन दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचने और उन्हें आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। बोल्ड स्टेटमेंट बनाने और सार्थक तरीकों से उपभोक्ताओं से जुड़ने की चाहत रखने वाले ब्रांडों के लिए, ओओएच विज्ञापन एक निवेश के लायक है। एक प्रमुख प्रवृत्ति है डिजिटल आउट-ऑफ-होम का उभार, जो 2024 में 12-15फीसदी बढ़ा, विशेष रूप से बड़े शहरों में तकनीकी प्रगति के कारण। यह बात ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड के सीएमडी डॉ. योगेश लखानी ने कही।

## बिजनेस न्यूज

### पेट्रोलियम मंत्री ने दिए संकेत, पेट्रोल में 20 फीसदी से ज्यादा होगी एथनॉल ब्लेंडिंग



**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि भारत पेट्रोल में एथनॉल मिलाने के अपने लक्ष्य को बढ़ाकर 20 फीसदी से ज्यादा करने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस पर विचार करने के लिए नीति आयोग के तहत एक समिति गठित की गई है।'एडवांटेज असम 2.0 व्यापार शिखर सम्मेलन' में पुरी ने कहा कि 19.6 प्रतिशत सम्मिश्रण पहले ही हासिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हम 20 फीसदी से ज्यादा जैव ईंधन ब्लेंडिंग पर विचार कर रहे हैं। नीति आयोग समूह का गठन पहले ही किया जा चुका है और वे इस पर विचार कर रहे हैं। हरदीप पुरी ने कहा कि भले ही भारत के सामने विकास संबंधी चुनौतियां है लेकिन सभी जीवाश्म ईंधन उत्पादन कंपनियां 2045 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल कर लेंगी।

### होंडा कार्स ने बोल्ड एवं स्टाइलिश होंडा एलिवेट की 1 लाख गाड़ियां बेचीं



**नई दिल्ली ।** प्रीमियम कार बनाने वाली कंपनी होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने अपने वैश्विक एसयूवी मॉडल होंडा एलिवेट की 1 लाख गाड़ियां बेचने की उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता का श्रेय घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में मिली इसकी लोकप्रियता को जाता है। एलिवेट विशेष रूप से मेड इन इंडिया कार है और इसका उत्पादन कंपनी के तापुकारा, राजस्थान स्थित फैक्ट्री में किया जाता है। कंपनी ने जनवरी 2025 तक भारत में एलिवेट की 53,326 कारें बेची हैं और जापान, दक्षिण अफ्रीका, नेपाल और भूटान सहित कई देशों में 47,653 गाड़ियां निर्यात की होंडा एलिवेट को पहली बार सितंबर 2023 में भारत में लॉन्च किया गया था और यह जल्दी ही एचसीआईएल के लिए एक मजबूत व्यावसायिक स्तंभ बन गया। इस नई गाड़ी ने प्रतिस्पर्धी घरेलू एसयूवी बाजार में अपनी जगह बनाई और 20 से ज्यादा प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल उद्योग पुरस्कार जीते। इसमें प्रमुख मीडिया संस्थानों से मिले कार ऑफ द ईयर, व्यूअर्स च्वॉइस इस कार ऑफ द ईयर, एसयूवी ऑफ द ईयर जैसे बड़े पुरस्कार भी शामिल हैं। यह गाड़ी अपने ग्राहकों से अच्छी तरह से जुड़ी हुई है और गाड़ी के लिए ग्राहकों से बहुत अच्छी सिफारिशें मिलती हैं। एलिवेट होंडा कार्स के लिए सबसे बड़ा निर्यात योगदान देने वाला मॉडल है। 2023 में होंडा एलिवेट के निर्यात की शुरुआत के बाद से, इसने कंपनी को वित्त वर्ष 2023-24 में अपने निर्यात व्यवसाय को 65 फीसदी और चालू वित्त वर्ष (अप्रैल 2024-जनवरी 2025 अवधि) में 92 फीसदी से अधिक बढ़ाने में मदद की है। होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग एवं सेल्स के वाइस प्रेसिडेंट,कुणाल बहल ने कहाकि एलिवेट की 1 लाख गाड़ियों को बेचने की उपलब्धि हम सभी के लिए गर्व का क्षण है, जिसने भारत के घरेलू एसयूवी बाजार और भारत से मजबूत निर्यात व्यवसाय में होंडा की उपस्थिति को मजबूत किया है।

### बजाज बना 'बीमा-एएसबीए' सुविधा शुरू करने वाला पहला बीमाकर्ता

**पुणे।** भारत के प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक बजाज एलियांज लाइफ, बीमा-एप्लिकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट (बीमा-एएसबीए) सुविधा शुरू करने वाला पहला बीमाकर्ता बन गया है। यह उपलब्धि भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) की उस पहल के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य संचालन को आसान बनाना, पॉलिसीधारकों की सुविधा बढ़ाना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और बीमा प्रीमियम भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाना है। बीमा-एएसबीए प्रीमियम भुगतान को आसान और ग्राहक अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इरडाई की इस पहल के तहत पॉलिसीधारक यूपीआई के वन-टाइम मैंडेट (ओटीएम) का विकल्प चुन सकते हैं। इसके जरिए वे अपने बैंक खाते में एक तय राशि (2 लाख रुपए तक) ब्लॉक करने की अनुमति देते हैं। यह पैसा तब तक खाते में ही रहेगा जब तक बीमा कंपनी अंडरराइटिंग प्रक्रिया पूरी कर प्रस्ताव को स्वीकार नहीं कर लेती। अगर 14 दिनों के भीतर आवेदन पूरा नहीं होता या प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया जाता है, तो यह राशि अपने आप ग्राहक के खाते में वापस आ जाती है। बजाज एलियांज लाइफ के एमडी और सीईओ तरुण चुघ ने कहा, '2047 तक 'सबके लिए बीमा' के लक्ष्य के अनुरूप, इरडाई पारदर्शिता, भरोसे और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए बेहतरीन कदम उठा रहा है। ये उपाय ग्राहकों को और अधिक लाभ पहुंचाने और समूची बीमा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए किए गए हैं। बीमा-एएसबीए इस दिशा में एक अहम पहल है, जिसका हम स्वागत करते हैं।



### मेघालय सरकार ने किया 15 मीट्रिक टन अदरक दुबई को निर्यात



**नई दिल्ली।** मेघालय सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने इतिहास रच दिया है। पहली बार 15 मीट्रिक टन मेघालय अदरक को समुद्री मार्ग से दुबई के लुलु ग्रुप को निर्यात किया गया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि एपीडा के सहयोग से और ईस्टर्न री-भोई ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी (एपीसी ) की मदद से संभव हुई। यह कदम न सिर्फ मेघालय के कृषि निर्यात को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि राज्य के किसानों को भी अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ेगा। इस ऐतिहासिक अवसर को शिलांग में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान मनाया गया, जिसमें एपीडा आर्थिक मामलों के मंत्रालय और आईएफएडी के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। एपीडा के अध्यक्ष ने कहाकि भारतीय उत्पादों के लिए बहुत उत्साह है और हमें अगले संस्करण के लिए भागीदार देश के रूप में आमंत्रित किया गया है। मैं हितधारकों से आग्रह करता हूं कि वे गल्फ फूड 2026 (26-30 जनवरी) में जल्द से जल्द भागीदारी की योजना बनाएं और भारतीय अदरक को प्रमुखता से प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि जैविक टैग से 30-40 फीसदी अधिक कीमत प्राप्त होती है। एपीडा जैविक प्रमाणीकरण में हितधारकों का समर्थन करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और मेघालय के अपने प्रमाणन निकाय के साथ, यह प्रक्रिया अब आसान हो जाएगी। आईएफएडी के कंट्री डायरेक्टर अब्देलकरीम स्मा ने टिकाऊ आजीविका बनाने में किसान नेतृत्व वाली सहकारी समितियों के महत्व पर बात की। किसान सहकारी समितियों के मालिक हैं और ये सहकारी समितियां उन्हें सुरक्षा और भविष्य के लिए उम्मीद प्रदान करती हैं। इस अवसर पर ईस्टर्न री-भोई ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के मुख्य कार्यकारी निदेशक रेविस्टार खारुमनुइड, बागवानी निदेशक बी. माइलीम उमलोंग ने भी अपने विचार रखें।

## एफसीआई लेगा 40 हजार करोड़ रुपए का कर्ज

# स्टॉक के सुरक्षित भंडारण और रख-रखाव सहित वित्तीय जरूरतों पर करेगा खर्च

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास 360 लाख टन चावल एवं 148.50 लाख टन गेहूं के साथ कुल 508.50 लाख टन खाद्यान्न का स्टॉक मौजूद है और करीब 330 लाख टन चावल का अतिरिक्त स्टॉक प्राप्त होने वाला है, जिसके समतुल्य धान का स्टॉक उपलब्ध है।

अतः इस विशाल स्टॉक के सुरक्षित भंडारण, रख-रखाव तथा वितरण आदि पर निगम को भारी धनराशि खर्च करनी पड़ रही है। अपनी गतिविधियों के लिए वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए खाद्य निगम द्वारा 40 हजार करोड़ रुपए तक का अल्पकालीन ऋण लिए जाने की संभावना है।

### दैनिक खर्चों के लिए अल्पकालीन ऋण लेगा

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार अब तक चालू वित्त वर्ष के लिए शेष सब्सिडी की राशि तथा अगले वित्त वर्ष की कुल सब्सिडी के कुछ भाग की रकम जारी नहीं होती तब तक निगम को अपने दैनिक खर्चों के लिए अल्पकालीन ऋण लेना पड़ सकता है। अगले वित्त वर्ष के लिए खाद्य सब्सिडी में से लगभग 5900 करोड़ रुपए की राशि खर्च नहीं हुई थी। जिसे वित्त वर्ष 2024-25 की खाद्य सब्सिडी में शामिल कर लिया गया। इसके बावजूद 10,000 करोड़ रुपए की कमी पड़ जाएगी,जिसमें खाता बही के सेटलमेंट के बाद प्राप्त होने वाला 6000 करोड़ रुपए भी सम्मिलित है। निगम के खर्च का दायरा काफी बढ़ गया है।

### खाद्य सब्सिडी के बाद भी धनराशि की जरूरत

*जानकारी के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-मार्च) के लिए खाद्य निगम को अब तक 1.26 लाख करोड़ रुपए की राशि वित्त मंत्रालय से आवंटित हो चुकी है जो कुल अनुमानित खाद्य सब्सिडी 1.34 लाख करोड़ रुपए की 95 प्रतिशत है, लेकिन फिर भी निगम को विशाल धनराशि की जरूरत है। जिसके लिए उसे बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों से कर्ज लेना पड़ सकता है। आमतौर पर वित्त मंत्रालय खाद्य सब्सिडी का व्यय का 5 प्रतिशत भाग आवश्यक लेखा परीक्षण के बाद जारी करता है।*

केनरा बैंक Canara Bank
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)
SyndicateBank

क्षेत्रीय कार्यालय नागपुर- प्रथम तल, चंदक भवन उत्तरी अंबाझरी रोड, शंकर नगर स्क्वायर, नागपुर-440010
ईमेल: recoveryrongp@canarabank.com

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए मेगा ई-नीलामी बिक्री सूचना**

**वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ा जाए।**

आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/भारित है, जिसका कब्जा केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे "जहां है जैसी है" "जो है जैसी है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा : भार सहित शर्त, यदि कोई हो। (बैंक की जानकारी में कोई भार नहीं है) नीचे उल्लिखित संबंधित ऋणकर्ता/गारंटर से केनरा बैंक के नीचे उल्लिखित बकाए की वसूली के लिए **03.04.2025** को दोपहर 12.00 बजे से 1.00 बजे के बीच।

**ई नीलामी दिनांक 03.04.2025 ईएमडी तिथि 02.04.2025**

| अ. क्र. | ऋणकर्ताओं/ जमानतदार का नाम और पता | अचल सम्पत्तियों का विवरण | बकाया देयता राशि (रु.) | बोली जमा तिथि | प्रतीकात्मक/ भौतिक कब्जा | आरक्षित मूल्य (रु.) ईएमडी (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **शाखा:- लॉ कॉलेज चौक शाखा 1. मेसर्स. सोना फ्लोर और फुड प्रायवेट लिमीटेड (ऋणकर्ता) इनके द्वारा: (1) श्री. रामराव जी. खाडे (2) श्रीमती द्वारका खाडे (3) श्री. रुपेश आर. खाडे (गारंटर) 2. श्री. रामराव जी खाडे 3. श्रीमती. द्वारका खाडे (गारंटर) 4. श्री. रुपेश आर. खाडे (गारंटर) सब 1 से 4 पता:** प्लॉट नं. 100, भाऊसाहेब सुर्वे नगर, जयताला रोड, नागपूर, महाराष्ट्र 440022 | लीजहोल्ड फैक्ट्री भूमि और भवन पीएच क्रमांक 30, सेटलमेंट क्रमांक 111 लीज डीड, ए1 कोसमी औद्योगिक क्षेत्र, बैतूल - 460001, मध्य प्रदेश में स्थित है, क्षेत्रफल 80,000 वर्ग फीट है। निम्नानुसार सीमाएं : उत्तर: चौड़ी सड़क और खुला क्षेत्र, दक्षिण: कोसमी रोड की चौड़ी सड़क, पूरब: मेसर्स ग्रेनाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड को आवंटित भूमि, पश्चिम: चौड़ी सड़क और मेसर्स सोना फ्लोर एंड फूड प्राइवेट लिमिटेड की भूमि। | 23.02.2025 तक रु. 4,40,85,178.89 + ब्याज लागू और अन्य शुल्क | 02.04.2025 को सायं 5.00 बजे तक या उससे पहले | भौतिक कब्जा | आरक्षित मूल्य रु. 4,60,23,000/- ईएमडी रु. 46,02,300/- |
| | | लीजहोल्ड फैक्ट्री भूमि और भवन पीएच क्रमांक 25/30, सेटलमेंट क्रमांक 111 लीज डीड, ए1 कोसमी औद्योगिक क्षेत्र, बैतूल – 460001, मध्य प्रदेश में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1,34,000 वर्ग फीट है। निम्नानुसार सीमाएं : उत्तर: प्रस्तावित 60 फीट चौड़ी कच्ची सड़क, दक्षिण: कोसमी कच्ची सड़क, पूरब: प्रस्तावित 60 फीट चौड़ी कच्ची सड़क, पश्चिम: मेसर्स सोना फ्लोर एंड फूड प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित भूमि। | | 8956540350, 7774022695, 7774069649 | | आरक्षित मूल्य रु. 9,68,97,000/- ईएमडी रु. 96,89,700/- |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया केनरा बैंक की वेबसाइट (www.canarabank.com) में दिए गए लिंक "ई-नीलामी" को देखें या किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान प्रबंधक, केनरा बैंक, संपर्क 7774069649, 8318294515 से संपर्क करें। ई-नीलामी का पोर्टल: सामान्य वेब पोर्टल - मेसर्स पीएसबी अलायंस (बैंकनेट), संपर्क नंबर 8291220220, support.baanknet@psballiance.com; https://baanknet.com/
कोई भी व्यक्ति जो सफल बोलीदाता लाता है, वह संपत्ति के वास्तविक मूल्य का 1% या संविदात्मक देयता, जो भी कम हो, पाने का हकदार होगा।

स्थल : नागपूर
तारीख : 26 / 02 / 2025
(अंग्रेजी मूल पाठ स्वीकार किया जाएगा)
प्राधिकृत अधिकारी
केनरा बैंक,

## चिंतन

# सनातन व सामाजिक एकता का जनोत्सव बना महाकुंभ

महाशिवरात्रि पर अंतिम स्नान के साथ महाकुंभ का समापन हो गया। इस बार करीब 66 करोड़ लोगों ने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया, जनोत्सव का विश्व रिकार्ड बना। उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ को सफल बनाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया। टेंट में आग लगने की घटना और भगदड़ के दौरान श्रद्धालुओं की मौत के चलते सरकार के इंतजाम पर जरूर सवाल उठे, लेकिन समग्रता में महाकुंभ का आयोजन सफल माना जा सकता है। उत्तर प्रदेश सरकार के मेला प्रशासन अगर सजग रहते तो भगदड़ जैसी घटना नहीं होती। समस्त हिंदू आबादी के आधे लोगों का एक माह के दौरान संगम में जाकर स्नान करना सनातन जागृति का बड़ा सबूत है। देश व विदेश के करोड़ों सनातनी श्रद्धालु प्रयाग के संगम तट पर पहुंचे, इनमें आमजन से लेकर फिल्मी सितारे, उद्योगपति, राजनेता सभी शामिल रहे। हिंदू पौराणिक कथाओं के मुताबिक, समुद्र मंथन में भगवान शिव ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। समुद्र मंथन से अमृत कलश निकला और इसकी बूंदें जहां-जहां गिरीं, वहां-वहां कुंभ मेले का आयोजन होता है। महाकुंभ मेले के छह स्नान पर्वों में तीन स्नान पर्व अमृत स्नान के थे और ये 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और तीन फरवरी को बसंत पंचमी पर संपन्न हुए। सभी 13 अखाड़े अमृत स्नान करके मेले से विदा हो चुके थे। महाकुंभ विश्व का सबसे बड़ा अनूठा सांस्कृतिक आयोजन बना। महाकुंभ संस्कृति, आस्था, सामाजिक समरसता और आर्थिकी सबका संगम साबित हुआ। भारतीय समाज विभिन्न स्तर पर विभाजित है, धर्म, जाति, भाषा व क्षेत्र आदि। महाकुंभ के दौरान जाति, क्षेत्र, भाषा आदि सभी दीवार टूटती दिखी, सभी ने सनातन की छतरी के नीचे संगम में आस्था की डुबकी लगाई। महाकुंभ में भारतीय संस्कृति की ताकत दिखी, सनातन का प्रभाव और आस्था के जागरण का उत्सव दिखा। सभी वर्ग के लोगों में कुंभ स्नान के लिए जाने की ललक सांस्कृतिक एकता व जागरण को दर्शाती है। महाकुंभ उत्तर प्रदेश सरकार के लिए आर्थिक उपलब्धि के तौर पर भी साबित हुआ। यूपी सरकार ने महाकुंभ के आयोजन में करीब 7500 करोड़ रुपये खर्च किए थे, लेकिन एक माह में करीब 3 लाख करोड़ रुपये लोगों ने खर्च किए, जिससे सरकार को बड़ा राजस्व भी मिला, प्रयागराज समेत स्थानीय लोगों का व्यापार बढ़ा। रेलवे, बस व विमानन क्षेत्र की आमदनी बढ़ी। केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद से देश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिला है। उज्जैन में महाकाल कोरिडोर, काशी में बाबा विश्वनाथ कोरिडोर, नेपाल के लुंबिनी से बिहार के गया तक भगवान बुद्ध गलियारा समेत देश में अनेक मंदिरों के आसपास बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाया है। देश में कनेक्टिविटी बढ़ाई गई है। संगम तट पर महाकुंभ की सफलता से उत्साहित महाराष्ट्र सरकार ने नासिक में वर्ष 2027 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। भारतीय अर्थव्यवस्था में महाकुंभ जैसे आयोजन बड़ा योगदान दे रहे हैं। इससे सामाजिक दीवारें भी टूट रही हैं। आजादी के करीब सात दशक बाद भारत ने अपनी सनातन संस्कृति की शक्ति को पहचाना है और सरकार के स्तर पर इसे बढ़ावा दिया जा रहा है। महाकुंभ में उमड़ा जनसैलाब देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण व सनातन के उदगार का ही नजारा है। कार्ल मार्क्स ने धर्म को अफीम कहा था, लेकिन महाकुंभ व हज जैसे आस्था के उत्सव सामूहिक सांस्कृतिक जागृति, सामाजिक एकता और मानवता-करुणा के संदेश को आगे बढ़ाते हैं।



**पुण्य स्मरण**
डॉ. मोहन यादव

आज हम राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की 15वीं पुण्यतिथि पर उनका स्मरण कर रहे हैं। एकात्म मानवदर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के सखा और सहचर नानाजी ने इस भारतीय दर्शन को धरातल पर उकेरने का बीड़ा उठाया था। लगभग 6 दशकों में उनके द्वारा स्थापित दीनदयाल शोध संस्थान ने ग्रामीण विकास के अनुकरणीय मॉडल तैयार किए हैं। इस विशुद्ध देशज मॉडल के लिए मोदी सरकार ने 2019 में नानाजी को भारत रत्न से सम्मानित किया।

# स्वावलंबन व स्वाभिमान के प्रतीक नानाजी

मध्य प्रदेश का सौभाग्य है कि गोंडा और बीड के बाद भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट को नानाजी ने अपनी कर्मभूमि बनाया। उन्होंने संपूर्ण समाज जीवन को समग्र दृष्टि से देखा। पंडित जी ने एकात्म मानवदर्शन में यही कल्पना की थी। हम आज अपने महान भारत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में परम वैभव के पथ पर तेजी से अग्रसर होते देख रहे हैं।

डीआरआई के संस्थापक नानाजी देशमुख ने 1990 के दशक में संस्थानका जो चित्रकूट मॉडल देश के सामने रखा था उसका नामकरण ही स्वावलंबी ग्रामीण व्यवस्था से किया था। उन्होंने कहा कि स्वावलंबी समाज ही स्वाभिमानी हो सकता है। नानाजी कहते थे कि हमें गांधी जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अनुसरण करते हुए एक देशानुकूल व युगानुकूल व्यवस्था का निर्माण करना है और इन व्यवस्थाओं का केंद्र बिंदु होंगे हमारे देश के गांव। देश का ग्रामीण अंचल ही पूरे देश के विकास चक्र की धुरी होगा।

डीआरआई ने समग्र विकास का जो मॉडल खड़ा किया है उसमें सामाजिक व आर्थिक व्यवस्था के सभी आयामों व पहलुओं को साथ में लिया है। कृषि, कृषि-आधारित उद्योग, कौशल विकास, शिक्षा, चिकित्सा, आदि सभी पहलुओं पर काम कर रहे हैं संस्थान के सैंकड़ों कार्यकर्ता। सचमुच, यह मॉडल देश के अन्य भागों में भी अनुकरणीय है। स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार उनका क्रम व प्राथमिकताएंअलग हो सकती हैं। लेकिन मूल अवधारणा वही रहेगी। हां, स्थानीय कौशल व प्राकृतिक स्थानीय संसाधनों के समुचित मेल के साथ-साथ स्थानीय बाज़ार भी तलाशने होंगे। देशभर के ग्रामीण अंचलों में स्थानीय कौशल, स्थानीय संसाधन, स्थानीय उत्पाद और स्थानीय बाज़ार के माध्यम से आत्मनिर्भर कैसे बना जा सकता है, इसे नानाजी ने अपने प्रयोगों का आधार बनाया।

हम सबका सौभाग्य है कि हमें देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व मिला है। समग्र विकास का जो प्रतिमान उन्होंने खड़ा किया है, वह पूरी दुनिया के लिए अजूबा बन गया है। जनकल्याण की अनेक नीतियों व कार्यक्रमों के अतिरिक्त मोदी ने अंतरिक्ष, आईटी, सेमीकंडक्टर, एआई, कृषि, उद्योग, शिक्षा, रक्षा, आंतरिक सुरक्षा जैसे विषयों पर जो दृष्टि और दृढ़ता दिखाई है उससे दुनिया भर के देशों में भारत का दबदबा बढ़ा है। टैरिफ जैसे मुद्दों पर मोदी सरकार के स्टैंड ने अमेरिकी राष्ट्रपति के स्वरों में भी परिवर्तन ला दिया है। राष्ट्र हित में सामाजिक क्षेत्र में भी मोदी सरकार के निर्णयों पर अपने देशज ज्ञान और उदात्त परंपराओं की गहरी छाप है। सामाजिक समरसता, जनजातियों का उत्थान, जनधन जैसी सर्वसमावेशी योजनाओं के माध्यम से वित्तीय अनुशासन आदि, ढेरों अनोखे कार्यक्रम मोदी जी की दूरदृष्टि का परिचय कराते हैं। हम सब जानते हैं कि मोदी जी अपने भाषणों में नानाजी की प्रेरणा का बार-बार उल्लेख करते रहे हैं।



मध्यप्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार भी पंडित जी और नानाजी के फूंके हुए मंत्रों पर देशानुकूल व युगानुकूल काम करने का प्रयास कर रही है। अपने राष्ट्र मंदिर में प्रगति के नए सोपान चढ़ने के लिए हम सर्वप्रथम लोकमन को संस्कारित करने का प्रयास कर रहे हैं। महाराज विक्रमादित्य एवं देवी अहिल्याबाई जनित देश में सुशासन के दो विश्वविख्यात मॉडल मध्य प्रदेश से ही अवतरित हुए। भारत के संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर भी इसी प्रदेश के सपूत थे। आज हमें अपने प्रधानमंत्री मोदी का भी भरपूर स्नेह मिल रहा है।

हमने वैदिक काल को तो स्मरण किया है लेकिन उसे युगानुकूल संदर्भों में रखने के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर समिट जैसे आयोजन भी किए। वोकल फॉर लोकलहोने के लिए क्षेत्रीय आधार पर भी निवेशकों को आमंत्रण दिया लेकिन आत्मनिर्भरता हमारा मूल मंत्र रहेगा, इस दृष्टि से मध्य प्रदेश शासन ने अपने प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों का समुचित व न्यायोचित उपयोग करने के लिए विभिन्न योजनाएं व कार्यक्रम चलाए हैं।

राज्य शासन ने प्रदेश को विकसित एवं समृद्ध बनाने के लिए अभी हाल में ही औद्योगिक संवर्धन नीति-2025 की स्वीकृति दी है । इसके अंतर्गत 10 सेक्टर विशिष्ट नीतियों यथा कृषि, डेयरी एवं खाद्य प्रसंस्करण नीति, टैक्सटाइल नीति, परिधान, फुटवियर, खिलौने और सहायक उपकरण नीति, एयरोस्पेस और रक्षा उत्पादन प्रोत्साहन नीति, फार्मास्यूटिकल्स नीति, बायोटेक्नोलॉजी नीति, मेडिकल डिवाइसेस नीति, ईवी विनिर्माण नीति, नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण नीति, और हाई वैल्यू एड विनिर्माता नीति को स्वीकृति दी गई है।

प्रदेश के युवाओं को विविध क्षेत्रों में दक्ष एवं कुशल बनाने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं व्यवसायिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री युवा स्वाभिमान योजना का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। नगरीय स्वच्छता को हमने सदैव प्राथमिकता सूची में ऊपर रखा है। देश का सबसे स्वक्ष शहर इंदौर स्वच्छ भारत मिशन के ईमानदार क्रियान्वयन का अनुकरणीय उदहारण है। आधुनिक तकनीक का हम अधिकाधिक इस्तेमाल कैसे कर सकें, इसके लिए हमारी सरकार अपने देश की प्रतिभा को आमंत्रित करने के लिए एक अनुकूल वातावरण बना रहे हैं, उनके लिए बुनियादी सुविधाएं जुटा रहे हैं। मसाला फसलों समेत विभिन्न उद्यानिकी फसलों के साथ दलहन उत्पादन में क्षेत्र में हम देश के सबसे बड़े राज्य हैं। दूध उत्पादन में देश के तीसरे बड़े राज्य हैं। 17.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्र से अधिक में प्राकृतिक खेती के साथ इसका सर्वाधिक रकबा मप्र में है। रोड नेटवर्क में पूरे देश को जोड़ने का जो गौरव मध्य प्रदेश को मिला है उसके लिए हम सड़कों के सुधार के लिए सदैव कृतसंकल्प हैं। बिजली के उत्पादन में मध्य प्रदेश सिर्फ आत्मनिर्भर ही नहीं, बल्कि दूसरे प्रदेशों को भी सरप्लस बिजली सप्लाई कर रहा है। लेकिन इसका श्रेय अकेले शासन व्यवस्था को ही हमारे पूरे समाज को जाता है जो चतुष्पुरुथार्थ की अवधारणा पर काम कर रहा है। हम सब मिलकर समाज जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट रूप से काम करते रहे, नाना जी को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

(लेखक मप्र के मुख्यमंत्री हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**मोटापा**
शिशिर शुक्ला



# स्वास्थ्य को लेकर पीएम मोदी की अहम पहल

आज मोटापे की समस्या दिन-ब-दिन मानव स्वास्थ्य के लिए एक गंभीरतम रूप लेती जा रही है। एक सीमा से अधिक मोटापा हर हालत में जानलेवा बीमारियों का कारण बनता है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोटापे के खिलाफ एक जागरुकता अभियान चलाया है। खास बात यह है कि इस अभियान में सहायता हेतु उन्होंने देश की जानी-मानी हस्तियों को नामित किया है। प्रधानमंत्री ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रत्येक देशवासी से अपने भोजन में तेल की खपत को दस फ़ीसदी तक कम करने का अनुरोध किया है। निश्चित रूप से किसी देश के मुखिया के द्वारा ऐसा कदम उठाया जाना एवं अपनी जनता से स्वास्थ्य संबंधी एक महत्वपूर्ण अपील किया जाना उनकी बुद्धिमत्तापूर्ण दूरदर्शिता का परिचायक है। गौरतलब है कि मोटापे की समस्या के पीछे उत्तरदायी कारकों में जो सबसे महत्वपूर्ण कारक है, वह है–अनियमित जीवन शैली एवं अनियंत्रित खान-पान। ये दोनों कारक आज के युवा एवं किशोरवर्ग के संदर्भ में कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं क्योंकि वे न तो किसी नियमित दिनचर्या का पालन कर रहे हैं एवं न ही कोई व्यवस्थित खानपान उनकी जीवन शैली का हिस्सा बन पा रहा है। एक रिपोर्ट बताती है कि कोल्ड ड्रिंक पीने एवं बर्गर व पिज़्ज़ा जैसे फास्ट फूड खाने की लत युवाओं को समय से पहले बूढ़ा कर रही है। नतीजा यह हो रहा है कि समय से पहले युवा मोटापे की चपेट में आकर अनेक बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी में हुए एक अध्ययन में बताया गया है कि ऐसे युवा जो नियमित रूप से चिप्स, बिस्किट, पिज़्ज़ा, कोल्ड ड्रिंक, बर्गर जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं उनके बीमार होने एवं सुस्त रहने की संभावना कहीं ज्यादा होती है। इटली के इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूरोलॉजिको के वैज्ञानिकों ने 22495 वयस्कों पर किए गए शोध के अनुसार निष्कर्ष निकाला है कि डिब्बाबंद खाना खाने से बुढ़ापा जल्दी आ सकता है। इसके साथ ही फास्ट फूड एवं डिब्बा बंद भोजन का सेवन करने से मोटापे की समस्या अनियंत्रित रूप से बढ़ती जाती है जो भविष्य में मधुमेह एवं कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों को भी खींच लाती है। एक बहुत पुरानी कहावत है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। मोटापा एक ऐसी समस्या है जो शरीर को उत्तम स्वास्थ्य से दूर करने का एक महत्वपूर्ण कारण बन जाता है। किसी देश के विकास के लिए यह परम आवश्यक है कि वहां का युवा शारीरिक एवं मानसिक रूप से पूर्णरूपेण सशक्त हो। मोटापे की समस्या कहीं न कहीं युवाओं के अंदर कार्य के प्रति लगन एवं उत्साह को भी क्षीण करने का कार्य करती है। नतीजा यह होता है कि वह स्वयं के विकास, परिवार के विकास, समाज की प्रगति एवं राष्ट्र की उन्नति में वह भूमिका नहीं निभा पाता जोकि उससे अपेक्षित होती है। एक रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2022 में भारत में लगभग सात करोड़ लोग मोटापे से ग्रस्त थे जिनमें 4.4 करोड़ महिलाएं एवं 2.6 करोड़ पुरुष थे। इससे भी ज्यादा चिंता की बात तो यह है कि इतनी बड़ी संख्या में 50 लाख से अधिक बालिकाएं एवं 70 लाख से अधिक बालक शामिल थे जिनकी आयु 19 वर्ष से कम थी।

आईसीएमआर की एक अन्य रिपोर्ट यह कहती है कि वर्तमान में भारत में बारह करोड़ से भी ज्यादा लोग ऐसे हैं जो मधुमेह, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल एवं सांस फूलने जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। सुस्पष्ट है कि ये सभी बीमारियां मोटापे की वजह से ही उत्पन्न होती हैं। आज के युवाओं की जीवनशैली से शारीरिक श्रम तो बिल्कुल गायब सा होता जा रहा है। उनका अधिकांश समय मोबाइल फोन, कंप्यूटर अथवा लैपटॉप पर कार्य करते हुए बीत जाता है। ऑफिस से घर एवं घर से ऑफिस वाली दिनचर्या उन्हें शारीरिक व्यायाम से कोसों दूर लेती जा रही है। निस्संदेह भारत के प्रधानमंत्री के द्वारा स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाने वाली मोटापे की समस्या की चिंता करते हुए उठाया गया कदम कई मायनों में महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके साथ ही भारत के प्रत्येक नागरिक को भी यह समझना होगा कि इस अभियान को सफल बनाना प्रत्येक व्यक्ति की निजी जिम्मेदारी है। जब तक हम स्वयं समस्या की गंभीरता एवं इसके प्रभावों के विषय में जागरूक नहीं होंगे, तब तक हम समाज एवं राष्ट्र के प्रति इस समस्या के संदर्भ में कोई योगदान नहीं कर सकते। यह एक कड़वा सच है कि समस्या का पूर्णरूपेण उन्मूलन तभी संभव है जब समाज का हर तबका एवं देश का हर नागरिक इस समस्या की जड़ तक जाते हुए इससे मुक्त होने का भरसक प्रयास करे।

(लेखक विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग एसएसपीजी कॉलेज, शाहजहांपुर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## प्रज्ञा के जागरण से बदलेगी दृष्टि



संकलित
**दर्शन**

आंख साफ है तो दुनिया साफ है। आंख में धुंधलापन है तो सारी दुनिया धुंधली हो जाती है। तर्कशास्त्र में 'द्विचंद्रबोध' की बात आती है। चांद है तो एक, किंतु दृष्टि दोष के कारण वह दो दिखाई देता है। जीवन-निर्माण में सबसे बड़ी बाधा है- दृष्टिकोण का विपर्यय। जीवन-निर्माण का सबसे बड़ा रहस्य-सूत्र है-दृष्टिकोण का निर्माण। प्रसिद्ध कहावत है- 'जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि।' पहले हम दृष्टि को बदलने की बात करें। सृष्टि को बदलने की बात पहले न करें। यदि दृष्टि बदलती है तो प्रयोजन पूरा हो जाता है। सृष्टि अपने आप बदल जाती है। उसके लिए इतनी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सबसे जटिल प्रश्न है दृष्टि को बदलना। यदि ध्यान के द्वारा दृष्टि बदल जाती है तो बहुत कुछ हो सकता है। मेरा विश्वास प्रतिदिन गहरा होता जा रहा है कि जिसने सच्चाइयों का साक्षात्कार कर लिया है, उसकी दुनिया बदल जाती है। जिसने सच्चाई का साक्षात्कार नहीं किया, वह हजार बार दुहाई देगा, पर बदलेगा नहीं। सबसे बड़ा प्रश्न है- सत्य का साक्षात्कार। दृष्टि बदलने का अर्थ है- सत्य का साक्षात्कार होगा। जो ज्ञान बाहर से पैदा होता है वह है- इंद्रिय ज्ञान। प्रज्ञा है- आंतरिक ज्ञान। वह 'आयसमुत्था' बाहर से पैदा नहीं होती। एक अनपढ़ आदमी बहुत प्रज्ञावान और बहुत ज्ञानी हो सकता है। एक पढ़ा-लिखा आदमी बड़ा मूर्ख हो सकता है। प्रज्ञा का जागरण भीतर होता है। शक्ति का जागरण भीतर होता है। हम बाहर शक्ति को खोजते हैं। किंतु मूल स्रोत हमारे भीतर है। प्राण शक्ति प्रबल होती है तो बाहर की शक्ति भी काम आती है। प्राण शक्ति नहीं है तो बाहर की शक्ति भी सहारा नहीं दे सकती।

## हर दिन को होगा सुखद और आनंददायक



संकलित
**प्रेरणा**

जीवन के हर दिन को आप सुखद बनना चाहते हैं लेकिन हर दिन आपका कैसा सुखद बनेगा। इस विषय में अगर आप सोच विचार कर रहे हैं तो सद्गुरु श्री मधुसूदन साई के बताए आध्यात्मिक मार्ग पर चलना चाहिए। वस्तुतः, आनंद प्रत्येक व्यक्ति का सच्चा लक्ष्य है। मनुष्य आनंद की लालसा करता है और इसे अनेक रीतियों से खोजने का प्रयास करता है। वह अच्छा भोजन करने में, मैत्रीपूर्ण सामाजिक समूहों में, स्नेही परिवार में, एक भारी-भरकम वेतन में, शानदार पर्यटन में, तथा सबसे बढ़िया घरों एवं कारों में आनंद प्राप्त करता है। फिर भी, अपनी आशा के अनुरूप प्राप्त कर लेने के उपरांत भी, उसकी प्रसन्नता स्थायी नहीं रहती है। जीवन के उतार-चढ़ाव उसे बार-बार झकझोरते रहते हैं। चाहे वह खाना हो, सोना हो, खेलना हो, प्रार्थना करना हो अथवा कार्य करना। अपनी सभी गतिविधियों को संतुलित करने से आपके जीवन में जो संतुलन आएगा, वह आपके जीवन के प्रत्येक दिन को पूर्णता से जीने में सहायता करेगा। वह करें, जिसके लिए आप जन्मे हैं। अपने जुनून को अपना पूर्णकालिक व्यवसाय बनाएं। आप प्रत्येक दिन संतुष्टि का अनुभव करेंगे तथा सदैव अपनी उत्कृष्टता की पराकाष्ठा प्राप्त करेंगे। आप अपनी आयु के आधार पर अपना परोपकार का चार्ट बना सकते हैं। परोपकार का आपकी वित्तीय व्यवस्था में एक अंश अवश्य होना चाहिए, क्योंकि केवल इसका समावेश ही आपको अद्वितीय संतोष की अनुभूति प्रदान कर सकता है।

## सटाका




## आज की पाती

### सड़क पर बेजा कब्जा

राजधानी की सड़कों के दोनों ओर दुकानदारों के बेजा कब्जे से सड़कों पर जाम लगने लगा है। सुबह और शाम के वक्त संतोषीनगर से रिंग रोड तक पहुंचना मुश्किल होता है। रिंग रोड के आसपास आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। खासकर दुकानदार कई फीट सड़क पर सामान रख रहे हैं। ऐसे में सड़कें संकरी हो जाती है और लोगों का गुजरना मुश्किल होता है। निगम और ट्रैफिक पुलिस एक-दो बार कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी कर लेते हैं। फिर स्थिति ज्यों की त्यों हो जाती है।

– **राजेंद्र कुमार**, संतोषीनगर

## ट्रेंड

### कन्नड़ के लिए गर्व का क्षण



कन्नड़ साहित्य के लिए गर्व का क्षण है। बानू मुश्ताक का कन्नड़ लघुकथा संग्रह अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार की लॉन्ग लिस्ट में शामिल हुआ है। यह हमारी भाषा और संस्कृति के लिए एक बड़ा सम्मान है!
-सिद्धारमैया, सीएम, कर्नाटक

### निवेशकों का भरोसा उठ रहा



देश के शेयर बाज़ार के लगातार गिरने का कारण यदि विदेशी निवेशकों का भारतीय बाज़ार से पैसा निकालना है तो ये दर्शाता है कि विदेशी निवेशकों का भारत की वर्तमान अर्थव्यवस्था से भरोसा उठ गया है। निवेश को आकर्षित करने के नाम पर जो करोड़ों ख़र्च किया जाता है, वो कितना निरर्थक है।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### बीएफआई का चुनाव



भारतीय मुक्केबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जरूरी है कि वे विदेश में अभ्यास करें। इसके लिए मजबूत महासंघ बनाने के लिए जल्द चुनाव कराने की जरूरत है। अगर कोई जिम्मेदारी मिलती है तो मुझे योगदान करने में खुशी होगी।
-विजेंदर सिंह, भारतीय मुक्केबाज

### थ्रिलर श्रृंखला की शूटिंग




कुछ रहस्य यूं ही नहीं खुलते, वे आपको अंदर खींच लेते हैं, आपको अनुमान लगाने पर मजबूर कर देते हैं और जाने नहीं देते। हमें इस मामले में एक सुराग मिल गया है। एक नई रहस्य थ्रिलर श्रृंखला बन रही है! इसकी शूटिंग शुरू हो गई है।
परिणीति चोपड़ा, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# इंटरनेट की लत से लड़ने में मदद के लिए एम्स में केंद्र

बच्चों और युवाओं को इंटरनेट तथा प्रौद्योगिकी की लत से लड़ने में मदद करने के लिए देश में अपनी तरह का पहला केंद्र अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली में स्थापित किया जाएगा। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने हाल ही में तकनीक के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग से संबंधित व्यसनकारी व्यवहार पर उन्नत शोध केंद्र (सीएआर-एबी) की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एम्स, दिल्ली में व्यवहार व्यसन क्लीनिक (बीएसी) के संकाय प्रभारी यतन पाल सिंह बल्हारा इस परियोजना का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग को एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में पहचाना गया है। डॉ बल्हारा ने कहा कि भारत के आर्थिक सर्वेक्षण (2024-25) में बच्चों और किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि को इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग से जोड़ा गया है और बच्चों एवं किशोरों को उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए इंटरनेट से दूर रखने के लिहाज से स्कूल एवं परिवार के स्तर पर हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र लत लगने संबंधी विभिन्न व्यवहारों पर समग्र रूप से ध्यान देगा।



## ऑफ बीट

# मंगल ग्रह का लाल रंग लौहयुक्त खनिज की उपस्थिति के कारण

एक नए अध्ययन के अनुसार मंगल ग्रह का लाल रंग लौह-युक्त खनिज की उपस्थिति के कारण हो सकता है, जिसके निर्माण के लिए ठंडे पानी की आवश्यकता होती है और इससे यह संभावना मजबूत होती है कि यह ग्रह अतीत में रहने योग्य रहा होगा। 'नेचर कम्युनिकेशन्स' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में सुझाव दिया गया है कि लाल ग्रह पर स्थित धूल विभिन्न खनिजों का मिश्रण है, जिसमें आयरन ऑक्साइड भी शामिल है, जिनमें से एक – फेरिहाइड्राइट – ग्रह के रंग का कारण हो सकता है। ब्राउन यूनिवर्सिटी, अमेरिका में पोस्टडॉक्टरल फेलो तथा अध्ययन के प्रमुख लेखक एडम वैलेंटिनास ने कहा, हम फेरिहाइड्राइट को मंगल ग्रह के लाल होने का कारण मानने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं, लेकिन अब हम अवलोकन डेटा और प्रयोगशाला के नए तरीकों का उपयोग करके इसका बेहतर परीक्षण कर सकते हैं, ताकि अनिवार्य रूप से प्रयोगशाला में मंगल ग्रह की धूल बनाई जा सके। उन्होंने कहा, हमारे विश्लेषण से, हमें विश्वास है कि फेरिहाइड्राइट धूल में हर जगह है और संभवतः चट्टान संरचनाओं में भी है। हालांकि, चूंकि फेरिहाइड्राइट ठंडे पानी की मौजूदगी में बनता है और पहले लाल रंग देने वाले माने जाने वाले हेमेटाइट जैसे खनिजों की तुलना में कम तापमान पर बनता है, इसलिए निष्कर्ष बताते हैं कि मंगल पर टिकाऊ तरल पानी को बनाए रखने में सक्षम वातावरण हो सकता है।



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

मंदिरों में हुए अभिषेक, हवन पूजन के बाद की आरती, देर रात तक भंडारों में प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे लोग

# उपनगर में धूमधाम से मनाई गई महाशिवरात्रि, जगह-जगह से निकली शिव बारात भोलेनाथ का अभिषेक करने सुबह से ही शिवालयों में लगी रही भक्तों की कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप





औद्योगिक नगर में महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा अर्धनारीश्वर मंदिर, पिपलेश्वर महादेव, शिव शक्ति और खेड़ापति मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भक्त जलाभिषेक करने के साथ ही पार्थिव शिवलिंग निर्माण, शिव चालीसा, रुद्र पाठ और हवन किए गए। इस महापर्व पर सुबह से ही मंदिरों में बम-बम भोले और ऊँ नमः शिवाय की स्वर गूंजते रहे। वहीं पटेल नगर शिव मंदिर से युवा शक्ति द्वारा भव्य शिव बारात का आयोजन किया गया।

तीन दिवसीय इस आयोजन के दौरान को पटेल नगर से भोलेनाथ की पालकी के साथ शिव बारात निकाली गई। जो विभिन्न मार्ग होते हुए दुर्गा चौक स्थित साहू मंदिर पहुंची, जहां पूजन अर्चना की गई। बारात में युवा शिक्ति के साथ बड़ी संख्या में मातृ शक्ति भोलेनाथ की भक्ति करते हुए चल रहीं थीं। वार्ड 24 में बिंदिया कॉलोनी में भी शिव बारात का आयोजन किया गया। बारात में नन्हे बालक शिव के रूप में आर्कषक का केन्द्र रहे। इसके अलावा बारात में भजनों पर युवा थिरकते चल रहे थे। इधर, सतलापुर में भी शिव बारात के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें।

## भगवान शिव का अभिषेक कर की पूजा, बांटा फलाहारी प्रसाद



**औबेदुल्लागंज।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार को सुबह से ही सभी शिवालयों पर उत्साह नजर आया। सुबह से ही शिवालयों पर भक्तों का ताता लगा रहा। वार्ड 12 श्री शिव मंदिर प्रांगण में स्व. देवेंद्र गुप्ता की पुण्य स्मृति में शिव महाभिषेक किया गया, जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, वार्ड 12 के पार्षद सुनील सेरिया, पूर्व पार्षद ऊषा पदम सिंह चौहान आदि लोग शामिल हुए। नगर के प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक पंडित संतोष तिवारी शास्त्री ने विधिवत शिव रुद्राभिषेक कराया। इस दौरान बचन सिंह लोधी, मुकेश कहार, अरुण भावसार, आरती यादव, विनोद नामदेव, मुन्नी साहू, मुकेश कहार, धर्मेंद्र चौरसिया ने पूजा-अर्चना और अभिषेक किया। इसके बाद फलाहारी भंडारे का आयोजन किया गया।

### खेड़ापति माता मंदिर में किया अभिषेक



हीरानिया खेड़ापति माता मंदिर में पूर्व साडा अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा ने शिव अभिषेक किया। नरेंद्र शर्मा, अवध नारायण दुबे, रामेश्वर नागर, कैलाश डब्बू नागर, उमेश नागर, वीरेंद्र नागर, दुर्गेश मेहरा, बंटी तिवारी, डॉ. माखन नागर, डॉ. नंदू नागर, रवि नागर, रेखा कपूर, बिजली विभाग के शिव मंदिर में व्यापार महासंघ के प्रदीप अरोरा, सोनू राय, अमित राय आदि ने शिव अभिषेक किया। राम मंदिर मैन रोड पर शिव अभिषेक नंदू शर्मा, पिंकू, भोले, सोनू पंजाबी, कृष्णा नरवरिया आदि ने किया।

### हिंदू उत्सव समिति ने किया अभिषेक



हिंदू उत्सव समिति ने सभी मंदिरों में पहुंच कर अभिषेक किया। अध्यक्ष राजेश खटीक, सोनू अग्रवाल, विक्रम सिंह धाड़ी, कमल नरेश मालवीय, संतोष गुप्ता, सुधीर कमल, बंटी जोशी, संजय खटीक, कमलेश लोधी, राहुल माहेश्वरी आदि ने पूजा-पाठ की आरती की। चौहान ढाबे पर माँ काली शिव मंदिर में भाजपा नेता महेंद्र चौहान एवं उनके मित्र मंडली ने भक्ति भाव से अभिषेक, पूजा-पाठ कर ऊं नमः शिवाय का जाप किया। वार्ड नंबर 13 में मैन रोड पर फलाहारी खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया गया।



### संतनगर में निकाली शिव बारात, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भंडारा

संतनगर। उपनगर में बम बम भोले की धुन पर श्रद्धालु झूम उठे यहां पर महाशिवरात्रि के अवसर पर कई धार्मिक आयोजन शिव अभिषेक सहित शिव-पार्वती बारात भी निकली। राजधानी के लिए लालवानी प्रेस रोड पर आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। स्वर्गीय चंदा देवी मोटवानी की स्मृति में इस भंडारे का आयोजन किया गया। वन ट्री हिल्स संबोधि में वेदांत संत लालसाईं की उपस्थिति में ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक कराया। महामृत्युंजय जाप पर भक्तों ने हवन कंड में आहुतियां डालीं। लालसाईं ने कहा कि महाशिवरात्रि प्रेम और भक्ति का पर्व है। लालसाईं ने यवाओं से आग्रह किया कि युवा सभी प्रकार के व्यसन छोड़कर ध्यान और समाधि के आनंद में डूबें।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से छात्र की मौत

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी में रेलवे मंगलवार शाम ट्रेन की चपेट में आने से आईटीआई के छात्र की मौत हो गई। उसने आत्महत्या की या फिर वह ट्रैक पार करते समय हादसे का शिकार हुआ पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सौरभ खत्री पिता श्यामलाल खत्री (22) पुरुषोत्तम नगर सेमरा में रहता था और आईटीआई की पढ़ाई कर रहा था। मंगलवार शाम करीब 7 बजे वह ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गया। उसे एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया था। वहां कुछ देर चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सौरभ की बाइक रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी पर खड़ी बरामद की है। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने बताया कि वह प्रतिदिन शाम को घर से निकलता था। मंगलवार शाम भी वह बाइक लेकर घर से निकला था।

### पार्टी के लिए रुपए नहीं देने पर युवक को पीटा

**भोपाल।** ऐशबाग इलाके में पार्टी के लिए रुपए नहीं देने पर तीन लोगों ने एक युवक के साथ जमकर मारपीट कर दी। जानकारी के अनुसार फरियादी खालिद खान पदम्मनाभ नगर में आटो डील का काम करते हैं। कुछ समय पहले उन्होंने सऊद को एक कार दिलवाई थी, जिसका कमीशन सऊद ने नहीं दिया था। मंगलवार दोपहर खालिद अपनी दुकान पर था, तभी सऊद अपने दोस्त अफजल और एक अन्य साथ पहुंचा। उसने खालिद से पार्टी के लिए पांच हजार रुपए की मांग की तो खालिद ने रुपए देने से इंकार कर दिया। इस पर सऊद और उसके दोस्तों ने हाथ मुक्कों और डंडे से खालिद के साथ जमकर मारपीट कर दी। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तो तीनों धमकी देते हुए वहां से भाग निकले।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 3849 | | |
| दिनः | 136 | 06 | 457 |
| रातः | 799 | 56 | 150 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 238 | 31 | 678 |
| रातः | 457 | 69 | 559 |

बरखेड़ी रोड पर वाइन शॉप के पास हुआ हादसा

# तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक सवार मां बेटों को मारी टक्कर, महिला की मौत

**स्कार्पियो का ड्राइवर खुद मां-बेटों को लेकर पहुंचा था अस्पताल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी रोड वाइन शॉप के पास मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक सवार मां बेटों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी मां को गंभीर चोट आई थी। स्कार्पियो का ड्राइवर खुद मां-बेटों को लेकर भानपुर स्थित निजी अस्पताल पहुंचा, वहां कुछ देर बाद डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली स्कार्पियो जब्त कर आरोपी चालक पर कार्रवाई कर रही है।

थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया कि मीराबाई अहिरवार पति सुंदरलाल अहिरवार (45) छोला मंडी गेट, करोंद में रहती थीं। मंगलवार दोपहर वह अपने बेटे अजय और हर्ष अहिरवार के साथ बाइक से रायसेन जाने के लिए निकली थीं। मां-बेटे बरखेड़ी रोड वाइन शॉप के पास मुख्य सड़क पर करीब चार बजे के आसपास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रही स्कार्पियो के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। मीराबाई बाइक पर पीछे बैठी थी और स्कार्पियो की टक्कर भी पीछे से लगी थी। लिहाजा उन्हें गंभीर चोट थी। स्कार्पियो सवार ने गाड़ी रोककर मां बेटों को भानपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां कुछ देर चले इलाज के बाद मीराबाई की मौत हो गई। अजय और हर्ष को चोट कम होने के कारण के उनकी स्थित खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### मायके पहुंचे पति ने पत्नी पर किया हंसिये से हमला

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित कल्याण नगर में मायके पहुंचे पति ने पत्नी पर हसिये से हमला कर दिया। हसिये का हमला हाथ से रोकने के कारण उसके दोनों हाथ में गंभीर चोट आई है, जबकि सिर और चेहरे पर भी चोट लगी है। महिला को मायके पक्ष के लोगों ने हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सरिता प्रजापति पति उमेश प्रजापति (36) गृहणी हैं। उसका पति उमेश मंगलवारा इलाके में रहता है। पति और पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा है। विवाद के कारण सरिता कल्याण नगर छोला में अपने मायके में रह रही है। उसने पुलिस को बताया कि बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे उसका पति घर पहुंचा था। उसने गाली-गलौज की और तलाक देने की बात कही। पत्नी ने गाली-गलौज करने का विरोध किया तो आरोपी हसिये से उस पर हमला कर दिया।

### ट्रैक्टर ने स्कूटर को मारी टक्कर, युवक की मौत पत्नी और बेटी घायल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित चर्च रोड बरखेड़ा में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे के समय एक्टिवा पर युवक उसकी बहन और भांजी थी। तीनों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान मंगलवार शाम युवक की मौत हो गई, जबकि बहन की हालत गंभीर है और उसका इलाज चल रहा है। भांजी को चोट कम होने के कारण उसे छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार गौरव गुप्ता (32) फ्लेट नंबर 3404 नक्षत्र इनक्लेव बीडीए रोड अवधपुरी में रहते हैं और डाक विभाग में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 24 फरवरी को वह एमपी नगर स्थित अपने ऑफिस गए हुए थे। दोपहर करीब ढाई बजे उनके साले सचिन गुप्ता के मोबाइल नंबर से कॉल आया। अज्ञात कॉलर ने बताया कि आपके रिश्तेदार का एक्सीडेंट हो गया है और उन्हें गंभीर चोट है। वे चर्च रोड बरखेड़ा पहुंचे तो उनका 31 साल का साला सचिन गुप्ता, उनकी पत्नी रुचि गुप्ता और बच्ची सानवी गुप्ता (गौरी) घायल पड़े हुए थे। आसपास भीड़ एकत्रित थी। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि उनकी एक्टिवा को तेज रफ्तार ट्रैक्टर टक्कर मारकर फरार हुआ है। वे तीनों को एंबुलेंस की मदद से एम्स लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान सचिन गुप्ता मंगलवार शाम मौत हो गई। रुचि गुप्ता को गंभीर चोट होने के कारण उनका इलाज चल रहा है।

ड्रग्स तस्करी से जुड़े मामले में ईडी ने की कार्रवाई

# हैदराबाद की अवैध इंटरनेट फार्मेसी की मप्र में जमीन और करीब 8 करोड़ की बैंक राशि कुर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हैदराबाद की एक अवैध इंटरनेट फार्मेसी के खिलाफ ड्रग्स तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिय मामले में संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की है। ईडी ने बुधवार को बताया कि जांच के तहत मध्य प्रदेश में जमीन और करीब 8 करोड़ की बैंक जमा राशि कुर्क की है। ईडी ने बताया कि जेआर इनफिनिटी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ईडी के अनुसार, हैदराबाद कार्यालय द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत फार्मेसी, उसके प्रमोटर आशीष जैन और परिवार के सदस्यों की संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क करने के आदेश दिया है।

**विदेशी ग्राहकों को निर्यात किए साइकोट्रोपिक पदार्थ**

ईडी का आरोप है कि जेआर इनफिनिटी के प्रमोटर आशीष जैन ने नारकोटिस्क डंग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंट एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। जैन ने विदेशी ग्राहकों को अवैध रूप से अल्प्राजोलम, ट्रामाडोल, डायजेपाम आदि जैसे साइकोट्रोपिक पदार्थों का निर्यात करने के लिए जेआर इनफिनिटी प्राइवेट लिमिटेड को शामिल किया। इस तरह जैन ने अपराध से आय अर्जित की।

### विदेशों में ड्रग्स की अवैध बिक्री कर प्राप्त किए 4.50 करोड़ रुपए

ईडी ने जांच में पाया कि जेआर इनफिनिटी के शामिल होने से पहले ही आशीष जैन और पारिवारिक सदस्यों ने अपने बैंक खातों में 4.50 करोड़ रुपए का विदेशी धन प्राप्त किया। ये धन विदेशों में ड्रग्स की अवैध बिक्री करके प्राप्त किया गया था। ईडी के अनुसार, अपराध से अर्जित की गई 12.76 करोड़ रुपए की आय की पहचान की गई है। जिसका उपयोग आशीष जैन और उसके पारिवारिक सदस्यों ने फिक्स डिपोजिट (एफडी) और अचल संपत्तियों की खरीद के लिए किया था।

**इन साइकोट्रोपिक पदार्थों का किया निर्यात**

ईडी ने बताया जेआर इनफिनिटी द्वारा अल्प्राजोलम, जोलपिडेम, लोराजेपम, क्लोनाजेपम, हाइड्रोकोडोन और ऑक्सीकोडोन जैसे साइकोट्रोपिक पदार्थों को टैबलेट के रूप में निर्यात किया जा रहा था। एजेंसी ने दावा किया कि फर्म ने टेलीमार्केटिंग कॉल सेंटर सेवाएं और 'सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन' सेवाएं प्रदान करने की आड़ में ऐसा किया। ईडी द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया के लिए आरोपी या उसके परिवार से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका।

### पहले एनसीबी ने दर्ज की थी शिकायत

बता दें कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने जेआर इनफिनिटी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मई 2022 में शिकायत दर्ज की थी। फर्म पर अवैध इंटरनेट फार्मेसी चलाने का आरोप लगाया गया था। जिसके बाद मामले की ईडी ने जांच शुरू की। जांच के दौरान संघीय एजेंसी को अवैध इंटरनेट फार्मेसी चलाने की शिकायत सही मिली।

**जैन और परिवार के सदस्यों के नाम पर मध्य प्रदेश में है संपत्ति**

ईडी के अनुसार, कुर्क की गई संपत्तियां जैन और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर मध्य प्रदेश के इंदौर में स्थित जमीन के रूप में हैं, जिसकी कीमत 6.52 करोड़ रुपए है। इसके अलावा बैंक बैलेंस और 1.46 करोड़ रुपए की एफडी भी है। इन संपत्तियों का कुल मूल्य 7.98 करोड़ रुपए है।

### मैनिट में एनर्जी इंटरनेट पर ट्रेनिंग प्रोग्राम, कई शोधार्थियों ने लिया हिस्सा

**भोपाल।** राजधानी स्थित मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग में पांच दिवसीय शॉर्ट टर्म कार्यक्रम की शुरुआत के दूसरे दिन कई पेशेवरों ने हिस्सा लिया। 24 से 28 फरवरी तक चलने वाले इस एनर्जी इंटरनेट फोर रिन्यूएबल एनर्जी इलेक्ट्रीफिकेशन में छात्रों, शोधार्थियों, फैकल्टी के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र से पेशेवरों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में मैनिट के डॉ. शैलेंद्र जैन, डीन स्टूडेंट वेलफेयर उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम की थीम को वर्तमान परिवेश विद्युत ऊर्जा इंटरनेट को रिसर्च और प्रौद्योगिक अनुकूल बताया। विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा गुप्ता ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से शोधार्थी नवाचार के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम के को-ऑर्डिनेटर डॉ. पूजन दोहरे एवं डॉ सिद्धार्थ देब रॉय ने संक्षिप्त विवरण दिया।

**विद्यार्थी स्वयं हार्डवेयर चला कर सीखेंगेः** कार्यक्रम के कन्वेनर डॉ. सुरेश कुमार गावरे और डॉ. जी श्रीनिवासलु ने खास जानकारी दी। बताया कि तकनीकी व्याख्यान के साथ प्रायोगिक सेशन भी है, जिसमें विद्यार्थी स्वयं हार्डवेयर चला कर सीखेंगे। कहा कि इसके साथ ही विद्यार्थियों को एनआईटीटीआर एवं सीपीआरआई संस्थानों का भ्रमण भी कराया जा रहा है।

## किसान ने पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या, नहीं मिला सुसाइड नोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित गांव इमलिया में एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव खेत पर पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। सुसाइड नोट नहीं मिलने के कारण आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार महेश मीना पिता भैयालाल मीना (48) ग्राम इमलिया थाना सूखी सेवनिया में रहते थे और खेती किसानी करते थे। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे वह खेत पर जाने का कहकर निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। दोपहर के समय परिजन उन्हें देखने के लिए खेत पर पहुंचे तो महेश एक पेड़ पर फांसी के फंदे से लटके मिले। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया।

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आशाराम नगर में हुई घटना

## लीकेज सिलेंडर में दीये से आग भड़की, बुजुर्ग सहित परिवार के 9 लोग झुलसे, अस्पताल में चल रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आशाराम नगर में बुधवार दोपहर गैस सिलेंडर में रिसाव होने से आग भड़क गई। आग भड़कने से एक ही परिवार के 9 लोगों झुलसे हैं। उनका एम्स और निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार आशाराम नगर निवासी बृज शुक्ला के घर गुरुवार दोपहर महा शिवरात्रि का पूजन चल रहा था। परिजन के लोग दीप जलाकर पूजा कर रहे थे, जबकि किचन में खाना बनाने वाले खाना बना रहा था। दोपहर करीब एक बजे के आसपास गैस सिलेंडर बदलते समय गैस तेजी से रिसने लगी। गैस का रिसाव तेज होने के कारण पता ही नहीं चला कि और गैस कमरों तक फैलने लगी। इस दौरान कमरे में जल रहे दीये तक गैस पहुंच गई। घर में गैस का वैक्यूम बना और एकाएक आग भभक गई। आग भभकने से पूजा पाठ कर रहे परिवार के 9 सदस्य बुरी तरह से झुलस गए। इस दौरान खाना बनाने वाले भी झुलसे हैं। झुलसे परिजन का एम्स और निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### यह सभी झुलसे

आगजनी की इस घटना में यहां रहने वाले बृज शुक्ला, नवल, लल्ली, रक्षित, श्रद्धा और पंडित बसंत बिल्लौरे झुलसे हैं। बृज शुक्ला का एम्स में इलाज चल रहा है, बाकि सभी निजी अस्पताल में भर्ती है। इस घटना में खाना बना रहे युवक भी झुलसे हैं।

नप में शिकायत के बाद भी जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

## वार्ड 14 में हर तरफ फैली गंदगी साफ-सफाई न होने से बढ़े मच्छर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज





नगर परिषद औबेदुल्लागंज के वार्ड 14 में बड़े नेता निवास करते हैं। नगर परिषद उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल का भी निवास यहीं पर है। वे ढाई साल से वार्ड 14 में निवास कर रहे हैं और वार्ड की स्वच्छता के लिए आवाज उठाते रहते हैं। मगर उनकी आवाल सुनने वाला नगर परिषद में कोई नहीं है। वार्ड 14 के स्वच्छता एम्बेस्टर भाजपा नेता पुरुषोत्तम शर्मा ने वार्ड में सफाई के लिए कई बार फोन किया, मगर उनकी बातों पर भी किसी ने ध्यान नहीं दिया।

भाजपा नेत्री कृष्णा नरवरिया का कहना है कि यहं रहवासियों के घरों में बारिश के पानी के साथ नालियों का पानी और कीचड़ घुस जाती है। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल का कहना है कि वार्ड 14 में जगह-जगह कचरे का ढेर लगा है और नालियां चोक होने से पानी निकल नहीं पाता। मैंने नगर परिषद दफ्तर में जाकर 10 से 15 बार आवेदन दिया, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। व्यापार महासंघ के वरिष्ठ रवि कमल, सुधीर कमल कहते हैं कि हमारी दुकान के सामने नाली जाम है, जिससे बदबू आती है, बड़े-बड़े मच्छर पनप रहे हैं। मगर नगर परिषद ध्यान नहीं देती। वरिष्ठ आकाश जैन, मंजू जैन ने कहा कि वार्ड 14 को स्वच्छ बनाने के लिए जिम्मेदार को आगे आना होगा। अनिल पंजाबी, भागचंद प्रजापति, राम वासवानी, सोनू वासवानी, पिंकू भोले, बल्लू अरोरा, दिनेश सेन, दीपक दुबे, सुधीर कमल आदि ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नपा अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद से मांग की है कि गर्मी का मौसम आने वाला है वार्ड में साफ-सफाई शीघ्र करवाई जाए, मच्छर मार दवाई डलवाई जाए। अगर सफाई नहीं हुई तो रहवासी आंदोलन करेंगे। वार्ड 14 के पार्षद दीपू परमार ने कहा कि मैंने सफाई के लिए पत्र लिखा है। प्रभारी सीएमओ राजकुमार शर्मा ने फोन पर कहा अभी मैं नया हूं मैं वार्ड का दौरा करूंगा।

रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज से पिपलानी पुलिस ने कानपुर से किया बरामद

# माता-पिता कुंभ स्नान के लिए नहीं ले गए तो खुद ही पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन से चली गई दसवीं की छात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर से दसवीं कक्षा की छात्रा 14 फरवरी की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजन उसकी तलाश करते रहे, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। अगले ही दिन परिजन ने पिपलानी थाने पहुंचकर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण हरकत में आई पुलिस ने परिजन से पूछताछ की तो पता चला कि वह कुंभ नहाने की जिद कर रही थी।

### जीआरपी की ली मदद

एएसआई अजय वाजपेयी ने बताया कि परिजन ने बताया था कि वह कुंभ जाने की जिद कर रही थी। लिहाजा रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए। इस दौरान नाबालिग कानपुर की तरफ जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस में बैठती हुई नजर आई। पुलिस ने भोपाल से लेकर कानपुर तक सभी जीआरपी थानों में संपर्क किया। भोपाल से ट्रेन छूटने के बाद सभी थानों पर जीआरपी ने सीसीटीवी कैमरे फुटेज चेक किए। इसके बाद कानपुर जीआरपी ने हुलिए के आधार पर छात्रा को बरामद कर पिपलानी पुलिस से संपर्क किया।

**कोर्ट से कराया सीडब्ल्यूसी भोपाल ट्रांसफर**

छात्रा के माता-पिता मजदूरी करते हैं। उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। चार दिन वे कानपुर रेलवे स्टेशन पर रहकर राजकीय बालगृह यूनिट टू के चक्कर काटते रहे, लेकिन बेटी उनके साथ जाने को तैयार नहीं थी। पुलिस की टीम पहुंची और राजकीय बालगृह के आलाधिकारियों से चर्चा कर छात्रा को कोर्ट में पेश कराया गया। कोर्ट में पेश कराने के बाद उसे भोपाल सीडब्ल्यूसी ट्रांसफर कराया। इस पूरी प्रक्रिया में तारीख 24 फरवरी हो गई थी। छह दिन पिपलानी पुलिस और एक सप्ताह परिजन बेटी को मनाते रहे। सीडब्ल्यूसी ने छात्रा की काउंसलिंग की और वह अपने माता-पिता के साथ जाने को तैयार हो गई।

### कुंभ में धुल जाते हैं पाप

दसवीं कक्षा की छात्रा काफी समय से माता-पिता से जिद कर रही थी कि महाकुंभ लेकर चलो। महाकुंभ में स्नान करने से पाप धुल जाते हैं, लेकिन माता पिता आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उसे लगातार टालते रहे। महाकुंभ 26 फरवरी को समाप्त होना था। इसलिए वह 14 फरवरी को ही घर से कुछ पैसे लेकर निकल गई थी। उसके पास मोबाइल नहीं था। बावजूद इसके पुलिस ने जीआरपी और सीसीटीवी कैमरों की मदद से उसे सकुशल बरामद कर लिया।

### सड़क मार्ग से पहुंची पुलिस

छात्रा के कानपुर में मिलने की बात परिजन को बताई गई और वे ट्रेन से कानपुर पहुंच गए। इस दौरान उनकी बेटी को जीआरपी ने राजकीय बालगृह सूर्यविहार, यूनिट टू थाना नवाबगंज कानपुर महानगर को सौंप दिया था। परिजन राजकीय बालगृह पहुंचे तो बेटी ने उनके साथ चलने से इंकार कर दिया। इधर, पुलिस की टीम में एएसआई अजय वाजेपेयी, महिला आरक्षक रेखा अहिरवार, आरक्षक अतर सिंह और आरक्षक अहिवरण पहुंच गए थे।



# ऋषभ रिखीराम की मधुर और भक्तिमय प्रस्तुति पर जमकर झूमे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

लोकगीत, संगीत व नृत्य के सांस्कृतिक स्वरूपों में दर्शाती शिव की महिमा, शिव के गीत-संगीत से भक्ति रस की पावन गंगा में मानो सुधिजन खो से गए और समा शिवमय हो गया। महाशिवरात्रि पर शिव भक्ति के रूप में इस संध्या का रसास्वादन किया भोजपुर स्थित विश्व प्रसिद्ध शिव मंदिर प्रांगण में। महोत्सव की प्रथम संध्या पर प्रदेश के डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, विधायक सुरेंद्र पटवा, विधायक प्रभुराम चौधरी मौजूद थे। इस अवसर पर देवड़ा ने कहा कि भोजपुर का मंदिर महाभारत कालीन है, इस मंदिर की प्रसिद्धी पूरे विश्व में है।



## तीन दिवसीय महादेव भोजपुर महोत्सव का शुभारंभ

### संगीत की अद्भुत दुनिया में पहुंचे श्रोता

भोजपुर महोत्सव में ऋषभ शर्मा ने अपनी मधुर और भक्तिमय प्रस्तुति से श्रोताओं को संगीतमयी यात्रा पर ले गए। प्रस्तुति की शुरुवात तिलक कामोद राग में अपने घराने की परम्परा की झलक पेश कर श्रोताओं को संगीत की एक अद्भुत दुनिया में प्रवेश कराया। इसके बाद, उन्होंने शंकरा की मनमोहक धुन से माहौल को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

### म्हारा भोले बाबा, जटा म गंगा की धारा...

तीन दिवसीय समारोह में आराध्य शाम की पहली सभा में खरगोन के शिव भाई गुप्ता का लोकगायन हुआ। उनकी सुमधुर वाणी ने निकले भक्ति गीतों ने श्रोताओं के अंतर्मन को भक्ति रस से भिगो दिया। बसंत की ढलती शाम के बीच उन्होंने महादेव की नगरी में जैसे ही भोले बाबा, म्हारा भोले बाबा, जटा म गंगा की धारा... गीत पेश किया, श्रोता उनकी स्वर लहरियों के बीच अलौकिक भक्ति में लीन हो गए।

### शिव तांडवम् में दिखी भारतीय संस्कृति की झलक

कार्यक्रम में आगे बढ़ते हुए, ऋषभ शर्मा ने ॐ नमः शिवाय की भक्ति में लीन प्रस्तुति दी, इसके बाद उन्होंने चाणक्य और कौटिल्य से जुड़ी रचनाएं प्रस्तुत कर दर्शकों को भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा की झलक दिखाई। अंत में, उन्होंने 'तांडवम' में जटा टवी गलज्जलप्रवाह पावितस्थले गलेऽव लम्ब्यलम्बितां... सुनाकर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी।

**बुंदेलखंड के बधाई नृत्य की प्रस्तुति रही खास :** शाम की ठंडी बयार के बीच अगली प्रस्तुति बुंदेलखंड की ऐतिहासिक धरा से जुड़े प्रसिद्ध बधाई नृत्य की हुई। अभिलाष चौबे और साथी कलाकारों ने लोकनृत्य के माध्यम से जनपदीय संस्कृति के उल्लास को मंच पर बिखेरा।



विक्रमोत्सव-2025 के शुभारंभ पर गायक हंसराज एवं आनंद मणि ने किए भजन प्रस्तुत

# सम्राट विक्रमादित्य हमारे लोकसिद्ध, कालसिद्ध जननायक, जिनका नाम बना पदनामः सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाशिवरात्रि के महापर्व पर राजाधिराज भगवान श्री महाकाल को दंडवत प्रणाम करते हुए कहा कि उज्जैन के आदर्श नायक सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन की तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष अपने अमृत काल में प्रवेश कर रहा है। भारत की धरती के महानायक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री वीर दुर्गादास राठौर को भी उन्होंने प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि हमारी धरती वीरों की धरती है। उज्जयिनी का हमेशा देश के नायकों में विशिष्ट स्थान रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात दशहरा मैदान, उज्जैन में विक्रमोत्सव-2025 के शुभारंभ अवसर पर कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य आदर्श व्यवस्था के पर्याय हैं। जब-जब सुशासन, धर्म, न्याय और कर्म की बात होती है, सम्राट विक्रमादित्य को स्मरण किया जाता है। अदम्य वीरता के साथ ही साथ महाराजा विक्रमादित्य अपने श्रेष्ठ शासन-प्रशासन के लिए विख्यात रहे हैं। महाराजा विक्रमादित्य ने अपनी संगठन शक्ति और शौर्य से विदेशी बर्बर आक्रान्ताओं जैसे शक, हूण, कुषाण अक्रांताओं को पराजित कर उनका समूल नाश किया। सम्राट विक्रमादित्य ने भारत वर्ष में विक्रम संवत की शुरूआत की और भारतीय काल गणना को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम भारतवंशी, विगत 2081 वर्षों से निरंतर विक्रम सम्वत को अपनाए हुए हैं। सम्राट विक्रमादित्य और उनके नाम से चल रहे विक्रम संवत की जैसी लोक ख्याति है, वैसी किसी दूसरे राजा या सम्वत्सर की नहीं है।

## सीएम और केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत ने विक्रमोत्सव एवं विक्रम व्यापार मेले का किया शुभारंभ



### शासन, प्रशासन, न्याय, अध्यात्म और कर्म प्रधानता के जो ऊंचे मापदंड

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने शासन, प्रशासन, न्याय, अध्यात्म और कर्म प्रधानता के जो ऊंचे मापदंड स्थापित किए हैं, हमारे प्रधानमंत्री मोदी भी उसी मार्ग का अनुसरण कर रहे हैं। श्री महाकाल महालोक, श्री काशी विश्वनाथ का कारिडोर, श्री केदारनाथ के साथ 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद भगवान रामलला का उनके मंदिर में विराजित होना, प्रधानमंत्री मोदी के काल में ही संभव हो सका।

### वर्ष-2028 में कुम्भ का आयोजन उज्जैन में

सीएम ने कहा कि वर्ष-2028 में कुम्भ का आयोजन उज्जैन में होना है, हम वृहद स्तर पर सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में अभी से जुट गए हैं। सिंहस्थ-2028 की तैयारी में जुटी मध्यप्रदेश सरकार भी दुनिया को प्रयागराज की तरह ही भव्यता और दिव्यता का अनुभव दे पाएं, ये सुनिश्चित करने के लिए हमने टास्क फोर्स का गठन किया है। सिंहस्थ-2028 की कार्य योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 500 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### विकसित की जा रही नई अधोसंरचनाएं

डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के लिए तेजी से नई अधोसंरचनाएं विकसित की जा रही हैं। हाल ही में उज्जैन में अशोक पुल का लोकार्पण किया गया है। 778 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से क्षिप्रा नदी के तट पर 29 किमी लंबे घाटों का निर्माण करवाया जा रहा है। इंदौर-उज्जैन के मध्य मेट्रो रेल भी चलाई जाएगी।

### बाबा महाकाल की धरती को नमनः शेखावत

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पद्मश्री आनंद मणि, महाशिवरात्रि एवं विक्रम महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर बाबा श्री महाकाल के चरणों में नमन। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025 का सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

### जिम्बाब्वे के उप मंत्री को किया सम्मानित

सीएम ने विक्रमोत्सव-2025 में आए जिम्बाब्वे के उद्योग एवं कॉमर्स उप मंत्री एमके मोदी का सम्मान किया। उप मंत्री मोदी ने कहा कि इस धरती पर आकर में धन्य हो गया। यहां मिले प्यार और सम्मान पाकर अभिभूत हूँ। विक्रमोत्सव-2025 की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विक्रम व्यापार मेला का भी शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर गायक हंसराज रघुवंशी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई।

ऋषभ रिखीराम शर्मा से हरिभूमि की खास चर्चा

# पेंडेमिक के दौरान मेरे दादा चल बसे तो ऐसे में मुझे डिप्रेशन व एंग्जायटी ने घेरा



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

पेंडेमिक के दौरान मेरे दादा चल बसे और ऐसे में मुझे डिप्रेशन और एंग्जायटी ने घेर लिया, ऐसे समय में मुझे म्यूजिक ने हील किया और तभी से मैंने म्यूजिक को पेंडेमिक के कठिन दौर में मानसिक स्वास्थ्य के लिए अहम माना और इसके लिए जागरुकता फैलाई। ताकी सभी कोविड काल में मानसिक रुप से कुछ ठीक महसूस करें। यह कहना है अमेरिका के राष्ट्रपति भवन में प्रस्तुति देने वाले प्रसिद्ध सितार वादक ऋषभ रिखीराम शर्मा का, जो बुधवार को भोजपुर में आयोजित महादेव समारोह में प्रस्तुति देने आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

हरिभूमि चर्चा

### मेरा परिवार इंस्ट्रूमेंट बनाता आया है

उन्होंने कहा कि यदि देखा जाए तो मेरे पहले गुरु मेरे पिता ही हैं क्योंकि उन्होंने मुझे सितार वादन सिखाया, जबकि हमारी फैमिली में 1920 से चार पीढ़ियों से सितार, गिटार जैसे म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बनाए जाते हैं और सितार बनाते-बनाते मुझे सितार बजाने से प्यार हो गया, तो यह कह सकते हैं कि बनाने वालों की फैमिली से मैं पहला ही बजाने वाला पैदा हुआ हूं।

### श्रृंगार का प्रतीक मेहंदी, इसलिए मेहंदी रचे हाथों में देता हूं प्रस्तुति

मेहंदी रचे हाथों में हमेशा अपनी प्रस्तुति देने वाले ऋषभ ने कहा कि मेहंदी श्रृंगार का एक रूप है और मैं चाहता हूं कि अपने इसी रूप में मैं प्रस्तुति दूं क्योंकि टैटू परमानेंट होते हैं और हमेशा एक जैसे बने रहते हैं लेकिन मेहंदी को आप डिफरेंट डिजाइन में लगवा सकते हैं इसीलिए मैं हमेशा ही मेहंदी लगाकर अपनी प्रस्तुति देता हूं।

### पिता के सितार सिखाने से गिटार-सितार पर आ गया

उन्होंने कहा कि वेस्टर्न कल्चर में गिटार को ही हमेशा प्राथमिकता दी जाती है और गिटार की तरफ ही लोगों का ध्यान जाता है, मैंने भी गिटार से ही शुरुआत की लेकिन जब पिता ने सितार वादन सिखाया तो मैं गिटार से सितार पर आ गया।

### मेरे कई नॉन इंडियन स्टूडेंट्स, जो करते हैं पूरी शिद्दत से सितार वादन

संयुक्त राज्य अमेरिका की सिटिजनशिप रखने वाले ऋषभ ने कहा कि फॉरेन कंट्रीज में भी लोगों को शास्त्रीय गायन और वादन से बेहद प्रेम है। इसका जीता जाता उदाहरण है कि मेरे पास कई नॉन इंडियन स्टूडेंट्स भी हैं जो पूरी शिद्दत से सितार वादन करते हैं।

दुष्यंत संग्रहालय में 'चायनामा' का आयोजन

# शहर की अनसुनी दिलचस्प कहानियां और दिलकश शायरी का चला दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

हैल्पबॉक्स फाउंडेशन के सोश्यो आर्ट इनिशिएटिव के तहत दुष्यंत संग्रहालय में चायनामा संवाद में बुधवार को दिलकश शायरी, भोपाल की जुबां में टप्पे, और भोपाली मिजाज़ में शहर की अनसुनी दिलचस्प कहानियों का दौर चला, जिसमें रफी शब्बीर ने भोपाली लहजे में कई लतीफे सुनाए।
रफी शब्बीर ने कहा कि भोपाल में पहले चाय नहीं पी जाती थी। इल्लामा इकबाल के ऊपर थियेटर की कहानी लिखते समय पता चला भोपाल में सबसे पहले उन्होंने चाय पीने की शुरुआत की।



### भोपाल की मिट्टी यहां आने वालों के पांव पकड़ती है

शायर बद्र वास्ती ने भोपाल पर कई उम्दा शेर सुनाए। भोपाल को समझना है तो कुछ दिन भोपाल के बाहर जाकर रहो, तब पता चलेगा शहर कितना लाजवाब है। भोपाल की मिट्टी यहां आने वालों के पांव पकड़ती है और वह यहीं का होकर रह जाता है।

### भोपाल की असल पहचान तो गालियों और क़िस्सों में

राजेश जोशी ने कहा कि भोपाल की असल पहचान तो गालियों और क़िस्सों में से ही होती है और क़िस्सों के शहर में जाने के लिए क़िस्सों के भीतर जाना पड़ता है।

# रवीन्द्र भवन में 4 से 9 मार्च तक आर्ट फेस्टिवल का होगा आयोजन

## इंडिमून्स आर्ट्स फेस्टिवल में होंगी कला, साहित्य, रंगमंच और सिनेमा से जुड़ी गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

कला, साहित्य, रंगमंच और सिनेमा पर केंद्रित इंडिमून्स आर्ट्स फेस्टिवल का शुभारंभ 4 मार्च को भोपाल में होगा। रवीन्द्र भवन सभागार में आयोजित यह छह दिवसीय फेस्टिवल वरिष्ठ रंगकर्मी स्व. आलोक चटर्जी को समर्पित रंग थियेटर, कल्चरल समूह की ओर से आयोजित होगा। यह जानकारी आर्ट्स फेस्टिवल के संयोजक बिजॉन मंडल ने बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में दी।



### क्लब लिटराटी की चर्चा के सत्र और ओपन स्टेज टैलेंट भी

बिजॉन ने बताया कि यह पहला अवसर है जब रंग थिएटर समूह इस वृहद फेस्टिवल का आयोजन कर रहा है। समारोह में एक तरफ जहां रंगमंचीय प्रस्तुतियां कलाप्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र होंगी, वहीं क्लब लिटराटी द्वारा कर्टेन कॉल में फिल्म, सिनेमा, रंगमंच, अभिनय के साथ ही को मायथोलॉजीः रूट्स ऑफ परफॉर्मेंस विषय पर विस्तृत चर्चा के सत्र होंगे। इसके साथ ही शहर के प्रतिभाशाली युवाओं के लिए ओपन स्टेज परफॉर्मेंस भी रखा गया है।

### समारोह का मुख्य आकर्षण बनेंगी ये नाट्य प्रस्तुतियां

**4 मार्च :** मारोह के पहले दिन 4 मार्च को वरिष्ठ अभिनेता नितीश भारद्वाज द्वारा अभिनीत नाटक चक्रव्यूह का मंचन होगा। इस नाटक का लेखन एवं निर्देशन अतुल सत्य कौशिक ने किया।

**5 मार्च :** समारोह के दूसरे दिन मकरंद देशपांडे द्वारा लिखित, निर्देशित और अभिनीत नाटक सर सर सरला का मंचन होगा। इस नाटक में उनके साथ आहना कुमरा अभिनय करते दिखाई देंगी।

**6 मार्च :** समारोह के तीसरे दिन 6 मार्च को फिल्म अभिनेता शरमन जोशी द्वारा अभिनीत नाटक राजू राजा राम और मैं का मंचन होगा। केदार शिंदे द्वारा निर्देशित नाटक प्रेम में धोखा, हत्या और उसके बाद हुई गफलत को हास्य व्यंग्य के माध्यम से प्रस्तुत करेगा।

**7 मार्चः** समारोह के चौथे दिन 7 मार्च को अभिनेता पंकज कपूर द्वारा अभिनीत नाटक दोपहरी का मंचन होगा। इस प्रस्तुति में पंकज कपूर स्वयं लिखित उपन्यास दोपहरी का पाठ करते हुए मंच पर प्रस्तुत करेंगे।

**8 मार्च :** समारोह में 8 मार्च को दिल है हिन्दुस्तानी और इंडियाज गॉट टैलेंट नामक शो का हिसा रह चुके मुंबई बेस्ड कंटेम्परारी एक्सपेरीमेंटल यूफोनी बैंड की प्रस्तुति होगी।

**9 मार्च :** समारोह के अंतिम दिन 9 मार्च को रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर डॉ. पलाश सेन के निर्देशन में भारत के पहले स्वदेशी बैंड यूफोरिया की लाइव प्रस्तुति होगी।

# गीत गुंजन का आयोजन 2 मार्च को रवीन्द्र भवन में

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

गुंजन फाउंडेशन का सालाना लोकप्रिय आयोजन गीत गुंजन इस बार 2 मार्च को रवीन्द्र भवन के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। गुंजन फाउंडेशन की अध्यक्ष रजनी यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शाम 5 बजे से होने वाली इस सदाबहार फिल्मी गीतों से सजी संगीतमय और सुरीली शाम में भोपाल के दो दर्जन से ज्यादा चिकित्सक, प्रोफेशनल्स, उद्योगपति और समाजसेवी एक दिन संगीत को देंगे।

### इन गायकों की होगी प्रस्तुति

इस शाम में भोपाल के जो खास गायक गायिकाएं भाग ले रहे हैं उनमें अनूप जलोटा के शिष्य और संगीत गुरु कैलाश यादव, अजय सक्सेना, सुनील श्रीवास्तव, मलय श्रीवास्तव, रंजीव साहनी, डॉ संजय कुमार, डॉ अरविंद नामदेव, राकेश तिवारी, प्रभाकांत कटारे, अश्विन कुमार उपमन्यु, मयंक सत्संगी, सुनील सैनी, अनुराग जैन, अजय अग्रवाल, दिनेश ताम्रकार, उअ सीए. रोशन मूंदड़ा, रेणु, डॉ संध्या गद्रे, रीटा देराश्री, मधु तिवारी, उज्जवल कटारे, स्मिता निगम आदि प्रमुख हैं।

मधुर वाणी के धनी इन गायकों के गीतों को संगीत से सजाने और संवारने का काम मुकेश कटारे, विक्रम सिरमौलिया, संजीव झा, संदीप वर्मा, अनिल ओझा, आनंद भट्टाचार्य, मूलचंद करेंगे। कार्यक्रम का संचालन बद्र वास्ती और साउंड संयोजन मनोज खरे का रहेगा।





राज्यपाल की उपस्थिति में 51वें खजुराहो नृत्य समारोह का समापन

# अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि के ओडिसी नृत्य में दिखी शिव आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

भारतीय संस्कृति की अनुपम धरोहर, शास्त्रीय नृत्य की पावन भूमि और दिव्य कला के भव्य उत्सव 51वें खजुराहो नृत्य समारोह का सिलसिला बुधवार को अपने अंजाम पर पहुंच गया। महाशिवरात्रि के पावन। पर्व पर नृत्य प्रस्तुतियों में शिव और शक्ति के सुंदर स्वरूपों की छवियां मंच पर साकार हुईं। समापन अवसर पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। अंतिम दिवस की पहली प्रस्तुति डॉ. पियूष राज और मिताली वरदकर की रही। कथक और ओडिसी के सौंदर्यपूर्ण सम्मिश्रण से उन्होंने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पार्वती परिणय की कथा की प्रस्तुति दी।







### रथ यात्रा पल्लवी को दर्शाती मीनाक्षी की प्रस्तुति

अगली प्रस्तुति सुप्रसिद्ध अभिनेत्री और नृत्यांगना मीनाक्षी शेषाद्रि की ओडिसी नृत्य की थी। 80 और 90 के दशक रंगीन पर्दे की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि जब मंच पर नमूदार हुईं तो पूरे उल्लास के साथ सुधिजनों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने पहली प्रस्तुति में भगवान शिव की स्तुति नृत्य के माध्यम से की, जो नटराज के रूप में नृत्य के अधिपति हैं। दूसरी प्रस्तुति रथ यात्रा पल्लवी की थी। तीसरी और अंतिम प्रस्तुति थी अष्टपदी संकलन।

### नटराज के रूप में भगवान शिव को समर्पित शिव स्तुति रही खास



अंतिम दिवस की तीसरी प्रस्तुति पद्मभूषण राधा-राजा रेड्डी, दिल्ली की कुचिपुड़ी की थी। आपने प्रथम प्रस्तुति 'शिव स्तुति' की थी, जो नटराज के रूप में भगवान शिव को समर्पित है। शिव, जिन्हें 'चिदंबरम नटराज' के नाम से भी जाना जाता है, उनके तांडव नृत्य से सम्पूर्ण सृष्टि गतिशील रहती है। यह प्रस्तुति शिव के उस दिव्य नृत्य की आराधना स्वरूप समर्पित थी, जिसमें सृजन, पालन और संहार का अनूठा समन्वय देखने को मिलता है।

# महाकुंभ में महाशिवरात्रि पर दिखे भारत के विविध रूप, झांझ की झंकार, पवित्र मंत्र और 'हर हर महादेव' की गूंज त्रिवेणी में घुल गई



**मंदिर पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा**

काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की लाइन लगी। लाखों श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने के लिए काशी पहुंचे हैं। भीड़ को कतारबद्ध कर दर्शन कराया जा रहा है। इस बीच सुरक्षा व्यवस्था चौकस है। मंदिर पर हेलीकॉप्टर के जरिए पुष्प वर्षा भी की गई।

सर्वसिद्धिप्रदः कुंभः महाकुंभ 2025

एजेंसी ▸▸ वाराणसी/प्रयागराज

प्रयागराज में पिछली 13 जनवरी को शुरू हुए आस्था के सबसे बड़े संगम महाकुंभ के अंतिम दिन महाशिवरात्रि पर देश के विभिन्न भागों से तीर्थयात्री पवित्र संगम स्थल पर डुबकी लगाने के लिए एकत्र हुए और झांझ की झंकार, पवित्र मंत्र, 'हर-हर महादेव' की गूंज और भारत के विविध रूप दिखाने वाले रंग त्रिवेणी संगम पर एक दूसरे में घुल-मिल गए। प्रयागराज में महाकुंभ पिछली 13 जनवरी (पौष पूर्णिमा) को शुरू हुआ था और इसमें नागा साधुओं के भव्य जुलूस और तीन 'अमृत स्नान' हुए। महाकुंभ का अंतिम स्नान पर्व बुधवार को 'हर हर महादेव' के उद्घोष के साथ प्रारंभ हुआ और तड़के से ही श्रद्धालुओं का गंगा और संगम में डुबकी लगाई। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को शाम छह बजे तक 1.44 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई तथा 13 जनवरी से अब तक स्नान करने वालों की संख्या 66.21 करोड़ पहुंच गई है। स्नानार्थियों पर गुलाब की 120 क्विंटल पंखुड़ियों की वर्षा कराई।

## संगम के ऊपर गरजे सुखोई-एएन-32 और चेतक, जय श्री राम के लगे नारे



महाकुंभ पर महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व के दौरान भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने पूरे आयोजन को महासलामी दी। बुधवार दोपहर वायुसेना के विमानों की तेज गर्जना सुन श्रद्धालुओं ने आसमान की ओर देख गर्व और उत्साह से तालियां बजानी शुरु कर दी। इस दौरान लोग जय श्री राम, हर हर गंगे, हर हर महादेव के साथ मोदी-योगी के भी जयकारे लगाने लगे। इसी के साथ वायुसेना के एयर शो के फोटो और वीडियो बनाकर श्रद्धालु सोशल मीडिया पर शेयर करने लगे। वायुसेना के एक अधिकारी के अनुसार, महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं का अंतिम स्नान पर्व पर संगम क्षेत्र के ऊपर भव्य एयर शो से अभिवादन किया गया। सुखोई, एएन 32 और चेतक हेलिकॉप्टर ने भरी उड़ान इस पावन अवसर पर जहां गंगा तट पर डेढ़ करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगा रहे थे, वहीं आकाश में सुखोई, एएन 32 और चेतक हेलिकॉप्टर आसमान से श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ा रहे थे। इस ऐतिहासिक पल ने श्रद्धालुओं को रोमांचित कर दिया।


### अंतिम दिन भी मुस्तैद रहे सीएम योगी

सीएम योगी महाकुंभ के अंतिम स्नान पर्व पर तड़के चार बजे से ही व्यवस्थाओं को देखने के लिए नियंत्रण कक्ष में पहुंच गए। गोरखनाथ मंदिर में ही नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया, जहां वह स्नान पर्व पर पल-पल की निगरानी करते नजर आए। उन्होंने महाशिवरात्रि पर लोगों को बधाई देते हुए 'एक्स' पर लिखा कि महाकुंभ 2025, प्रयागराज में भगवान भोलेनाथ की उपासना को समर्पित महाशिवरात्रि के पावन स्नान पर्व पर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पधारे सभी पूज्य साधु संतों एवं श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। त्रिभुवनपति भगवान शिव और पुण्य सलिला मां गंगा सभी का कल्याण करें, यही प्रार्थना है। हर हर महादेव।

### पूरा हुआ महाआयोजन

महाकुंभ के महाआयोजन में यूपी सरकार ने 1,800 एआई कैमरों समेत 3,000 से अधिक कैमरों, ड्रोन और 60,000 कर्मचारियों के हवाले से श्रद्धालुओं की सही संख्या बताने की बात कही है। श्रद्धालुओं की संख्या का मिलान करने के लिए एआई कैमरों के साथ ही हम रोडवेज, रेलवे और हवाईअड्डे के अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में रहे। महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 37,000 पुलिसकर्मी, 14,000 होमगार्ड के जवान तैनात रहे। इसके अलावा, तीन जल पुलिस थाने, 18 जल पुलिस कंट्रोल रूम और 50 'वाच टावर' स्थापित किए गए थे।

### टूटा पिछले साल का रिकॉर्ड, काशी में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



महाशिवरात्रि पर काशी विश्वनाथ मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु बाबा का दर्शन-पूजन कर रहे हैं। इस बार काशी विश्वनाथ के दर्शन करने 15 लाख से अधिक लोग पहुंचे हैं। इससे पहले मंदिर पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। काशी विश्वनाथ धाम में नागा संन्यासियों के पहुंचते ही हर-हर महादेव के नारे लगने लगे। इसके बाद नागा संन्यासियों ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। आज महाकुंभ में महाशिवरात्रि के साथ ही मेले का समापन भी हो जाएगा। इसके साथ ही लाखों श्रद्धालुओं के महाकुंभ से वाराणसी पहुंचने का सिलसिला जारी है।

### रात से ही दर्शन के लिए लाइन

महाशिवरात्रि पर्व पर काशी में लाखों की संख्या में भक्त बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए रात से ही सड़कों के किनारे खड़े थे तो वहीं दूसरी ओर सुबह सबसे पहले गेट नंबर 4 से जूना अखाड़ा के नागा संन्यासी दर्शन करने मंदिर पहुंच रहे हैं। जिनके साथ महामंडलेश्वर अवधेशानंद भी साथ रहे। इसके बाद साधु-संतों की पेशवाई शुरू हुई। 10,000 से ज्यादा नागा संन्यासी हाथ में गदा-त्रिशूल लिए पेशवाई करते हुए बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। बाबा विश्वनाथ धाम में जलाभिषेक के बाद बाद कैलाशानंद गिरि ने कहा कि इसी के साथ आज महाकुंभ की पूर्णाहूति हुई है।

### नागा संन्यासियों ने बाबा के दरबार में किया जलाभिषेक



महाकुंभ पर महाशिवरात्रि का यह संयोग बेहद अद्भुत है। जब एक तरफ लाखों की संख्या में बाबा के आम भक्त उनके दर्शन का इंतजार कर रहे हैं, तो वहीं सबसे ज्यादा बाबा को प्रिय उनके नागा संन्यासी बाबा के दर्शन को उनके धाम पहुंच रहे हैं। इस मौके पर सुबह से ही ढोल नगाड़े के साथ नागा साधुओं की पेशवाई शुरू हुई, जिसमें नाचते-गाते बाब विश्वनाथ को याद करते हुए भक्त पहुंचे। निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज रथ पर सवार होकर दर्शन के लिए निकले।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने सावरकर को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और भारत की आजादी की लड़ाई में उनके योगदान को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्र उनके अमूल्य योगदान को कभी नहीं भूल सकता जो त्याग, साहस और संघर्ष से भरा हुआ था। जिनका पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था।

### सीएम ने नगा आदिवासी अदालत की वकालत की



**कोहिमा।** नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने समय से न्याय प्रदान करने के लिए बुधवार को पारंपरिक कानूनों को बढ़ावा देने और एक शीर्ष आदिवासी अदालत की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया। रियो ने किसामा में अंगामी नगा जनजाति के सेक्रेनी महोत्सव के अवसर पर संबोधन के दौरान यह टिप्पणी की।

### दुर्घटना में बाल बाल बचीं सांसद महुआ मांझी



**रांची।** झारखंड के लातेहार जिले में बुधवार तड़के महाकुंभ से लौटते समय झामुमो सांसद महुआ मांझी की कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराने से वे घायल हो गईं। पुलिस ने बताया कि राज्यसभा सांसद मांझी की बाईं कलाई में फ्रैक्चर हो गया है। उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवार के सदस्यों को मामूली चोटें आई हैं।

### आप ने संजीव अरोड़ा को बनाया रास उम्मीदवार



**चंडीगढ़।** लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने संजीव अरोड़ा को अपना उम्मीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी के हलका लुधियाना पश्चिम से विधायक गुरप्रीत गोगी बस्सी का जनवरी में देहांत हो गया था। विधायक गोगी एक बेबाक अंदाज में जीने वाले व्यक्ति थे। अरोड़ा ने आप नेतृत्व आभार जताया।

## बिहार में चुनाव से 7 महीने पहले मंत्रिमंडल का विस्तार

# बिहार के अखाड़े में संतुलन का दांव: 7 भाजपा विधायक बने मंत्री, क्षेत्र और जातियों को साधा

**राज्य में एनडीए सरकार का 13 महीने में यह तीसरा विस्तार**

एजेंसी ▸▸ पटना

लंबे समय से मंत्री बनने का इंतजार कर रहे विधायकों का सपना आखिरकार पूरा हो ही गया। मुख्यमंत्री नतीश कुमार ने भाजपा के सात मंत्रियों को मंत्री बना दिया। सोमवार को राजभवन में विधिवत शपथ भी हो गई। सात भाजपा विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। ये सभी भाजपा के कोटे से मंत्री बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह में कृष्ण कुमार मंटू, विजय मंडल, राजू सिंह, संजय सारावगी, जीवेश मिश्रा, सुनील कुमार और मोतीलाल प्रसाद ने मंत्री पद की शपथ ली। विधानसभा चुनाव से 7 महीने पहले भाजपा के इन सातों विधायकों को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। इससे भाजपा की बिहार सरकार में भूमिका और मजबूत हुई है। जानकारों के मुताबिक इसे भाजपा का बड़ा दांव माना जा रहा है। साथ ही जानकार मानकर चल रहे है कि राज्य में क्षेत्र, जाति को साधने का प्रयास है।

बिहार में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से 7 महीने पहले बुधवार को नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। 7 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इनमें से 4 मिथिलांचल इलाके से हैं। इन्हें मिलाकर अब मिथिलांचल से 6 मंत्री हो गए हैं। सोमवार को मंत्री बनाए गए सभी विधायक भाजपा के हैं। इनमें 3 पिछड़े, 2 अति पिछड़े और 2 सवर्ण समुदाय से हैं। राज्य में एनडीए सरकार का 13 महीने में यह तीसरा विस्तार है। नीतीश सरकार में अब 36 मंत्री हैं। इनमें भाजपा के 21, जेडीयू के 13, बाकी एक हम से और एक निर्दलीय हैं। दरभंगा से भाजपा विधायक संजय सरावगी ने सबसे पहले शपथ ली। इसके बाद सुनील कुमार (बिहार शरीफ), जीवेश मिश्रा (जाले), राजू सिंह (साहेबगंज), मोतिलाल प्रसाद (रीगा), कृष्ण कुमार उर्फ मंटू (अमनौर), विजय मंडल (सिकटी) मंत्री बने।

**बिहार में एनडीए ने शुरू की विधानसभा चुनाव की तैयारी**

**जातिगत संतुलन**

- 3 पिछड़े, 2 अति पिछड़े और 2 सवर्ण समुदाय से मंत्री बनाए गए हैं।

**क्षेत्रीय संतुलन**

- इनमें से 4 मिथिलांचल इलाके से मंत्री बनाए गए हैं। इन्हें मिलाकर अब मिथिलांचल से 6 मंत्री हो गए हैं।

**नीतीश सरकार में अब 36 मंत्री**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 21 |
| जेडीयू | 13 |
| हम | 01 |
| निर्दलीय | 01 |



### मिथिलांचल एनडीए का गढ़, गठबंधन के 30% विधायक यहीं से

बिहार में कुल 243 सीटें हैं। एनडीए के पास 131 सीटें हैं। इनमें से 40 सीटें मिथिलांचल से हैं। इसलिए मिथिलांचल को एनडीए का गढ़ कहा जाता है। मिथिलांचल के 6 जिलों (सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, वैशाली) में 60 सीटें आती हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में यहां से एनडीए को 40 सीटें मिली थीं। आगामी चुनाव को देखते हुए यहां से 4 विधायक मंत्री बनाए गए हैं। दो पहले से मंत्री हैं। मंत्री बने एक विधायक बिहार शरीफ (दक्षिण बिहार) से हैं।

### अपनी रणनीतियों पर काम कर रही पार्टियां

दरअसल, विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही सभी पार्टियां अपनी रणनीतियों पर काम कर रही हैं। भाजपा का यह कदम भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भाजपा ने कैबिनेट विस्तार में जातिगत संतुलन का ध्यान रखा है। अति पिछड़ी जातियों से लेकर अगड़ी जातियों तक को प्रतिनिधित्व दिया गया है।

### चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती पार्टियां

भाजपा के इस कदम से साफ है कि वह चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। जातिगत समीकरणों को साधकर पार्टी अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रही है। कैबिनेट विस्तार के बाद बिहार की राजनीति में नई गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। विपक्षी दल भी अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं। आने वाले दिनों में बिहार की राजनीति और भी दिलचस्प होने वाली है।

### 6 मंत्री पद खाली थे जायसवाल के इस्तीफे के बाद 7 हो गए

नीतीश मंत्रिमंडल में 6 मंत्रियों की जगह खाली थी। बुधवार को दिलीप जायसवाल के मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद 7 जगह खाली हो गईं। बुधवार सुबह राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल ने इस्तीफे के बाद कहा- भाजपा में एक व्यक्ति एक पद का फॉर्मूला है, इसलिए मैंने मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। ये मुख्यमंत्री जी का अधिकार है। इसमें जातीय समीकरण का भी ध्यान रखा जाएगा।

## तमिलनाडु में स्टालिन पर बरसे शाह

# बोले- यहां जल्द भाई भतीजावाद की दुकान बंद हो जाएगी

एजेंसी ▸▸ कोयंबटूर



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके सरकार पर जोरदार हमला बोला। गृह मंत्री ने सरकार और उसके नेताओं पर भ्रष्टाचार और कुशासन का आरोप लगाया। कोयंबटूर, तिरुवन्नामलाई और रामनाथपुरम में भाजपा जिला कार्यालयों के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में डीएमके के सभी नेताओं के पास मास्टर डिग्री है। उनका एक नेता नौकरी के लिए पैसे के मामले में फंसा है, दूसरा मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध रेत खनन में शामिल है और तीसरा आय से अधिक संपत्ति से संबंधित आरोपों का सामना कर रहा है। तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन के आरोपों को खारिज करते हुए शाह ने कहा कि एमके स्टालिन के बयान में कोई सच्चाई नहीं है।। मोदी सरकार ने पिछले पांच सालों में तमिलनाडु को 5 लाख करोड़ रुपए दिए हैं।

### असली अन्याय तो यूपीए सरकार ने किया था

उन्होंने आगे कहा कि सीएम अक्सर दावा करते हैं कि राज्य को केंद्र के हाथों अन्याय का सामना करना पड़ा है। हालांकि, यूपीए और एनडीए के तहत वितरित धन की तुलना से पता चलता है कि असली अन्याय यूपीए शासन में हुआ था। डीएमके का मजाक उड़ाते हुए शाह ने कहा कि भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को एमके स्टालिन की पार्टी के सदस्यता अभियान में शामिल होना चाहिए।

### परिसीमन के बाद सीटें नहीं होंगी कम

गृह मंत्री ने कहा कि कभी-कभी ऐसा लगता है कि जैसे डीएमके ने सदस्यता अभियान के जरिए समाज के सभी भ्रष्ट लोगों को डीएमके में शामिल कर लिया है। एमके स्टालिन और उनके बेटे वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कई मुद्दे उठा रहे हैं। वे परिसीमन को लेकर बैठक करने जा रहे हैं। पीएम मोदी ने साफ़ कर दिया है कि परिसीमन के बाद भी दक्षिण के किसी भी राज्य की सीटें कम नहीं होंगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# भूस्वामी को जमीन के उपयोग से वंचित नहीं रखा जा सकता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



किसी भूस्वामी को अनिश्चित काल तक भूमि के उपयोग से वंचित नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए बुधवार को यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा, भूमि मालिक को वर्षों तक भूमि के उपयोग से वंचित नहीं रखा जा सकता। एक बार जब किसी भूमि मालिक पर किसी विशेष तरीके से भूमि का उपयोग न करने का प्रतिबंध लगा दिया जाता है, तो उक्त प्रतिबंध को अनिश्चित काल तक खुला नहीं रखा जा सकता। शीर्ष अदालत एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रही थी जिसमें एक खाली भूखंड के मालिकों ने 2.47 हेक्टेयर के विकास के लिए भूमि विकास योजना प्रस्तुत की थी। योजना को मंजूरी दे दी गई और शेष क्षेत्र को 1993 में अधिनियम के तहत संशोधित विकास योजना में निजी स्कूल के लिए आरक्षित दिखाया गया।

## दोषी सांसदों-विधायकों पर आजीवन प्रतिबंध की याचिका

**सांसदों-विधायकों के चुनाव पर आजीवन प्रतिबंध का विरोध किया**

# केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा- 6 साल काफी हैं, यह पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में ही आता है

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दोषी सांसदों-विधायकों के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की याचिका का विरोध किया है। सरकार ने तर्क दिया कि सजा की अवधि सीमित रखना संवैधानिक है और अपराध रोकने में मदद करता है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दोषी सांसदों-विधायकों के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका का विरोध किया है। सरकार का कहना है कि सजा की अवधि सीमित रखना संवैधानिक है। इससे कठोरता से बचते हुए अपराध रोकने में मदद मिलती है। यह मामला अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका से जुड़ा है। जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 8 और 9 को चुनौती दी गई है। सरकार ने कहा कि संसद को सजा की अवधि तय करने का अधिकार है। मामले में 4 मार्च को सुनवाई करेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने लंबित आपराधिक मामलों की संख्या पर काफी चिंता व्यक्त की



### याचिकाकर्ता की मांग

यह हलफनामा अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका के जवाब में दायर किया गया है। उपाध्याय ने अपनी याचिका में जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 8 और 9 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। याचिका में दोषी सांसदों-विधायकों पर चुनाव लड़ने के लिए आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

### धारा 8-9 में ये हैं प्रावधान

धारा 8 के तहत, दोषी सांसद-विधायक अपनी सजा पूरी करने के बाद 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ सकते। धारा 9 के तहत, भ्रष्टाचार या राज्य के प्रति निष्ठाहीनता के लिए सरकारी सेवा से बर्खास्त किए गए व्यक्ति बर्खास्तगी की तारीख से 5 साल तक चुनाव नहीं लड़ सकते।

### केंद्र सरकार ने दीं दलीलें

केंद्र ने कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। इसमें कहा है कि दोषी सांसदों-विधायकों की अयोग्यता की अवधि 6 साल तक सीमित रखने का प्रावधान 'आनुपातिकता और तर्कसंगतता' के सिद्धांतों पर आधारित है। सरकार का तर्क है कि संसद को सजा की अवधि तय करने का विशेषाधिकार है। कानून मंत्रालय की ओर से मंगलवार को दायर हलफनामे में कहा गया कि विवादित धाराओं के तहत अयोग्यता संसदीय नीति के अनुसार समयबद्ध है।

## मई में रूस का दौरा कर सकते हैं पीएम मोदी

पीएम मोदी का दौरा ऐसे समय होगा, जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम को लेकर बातचीत हो रही है। दोनों देशों के बीच पहले चरण की वार्ता इसी महीने सऊदी अरब के शहर रियाद में हुई है। पीएम मोदी पहले भी रूस और यूक्रेन दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से मिलकर शांति की अपील कर चुके हैं

# 80वीं 'महान देशभक्ति युद्ध परेड' में होंगे अतिथि, दोस्त 'पुतिन' से भी होगी मुलाकात, भारतीय सेना का एक दल भी होगा शामिल

*द्वितीय विश्व युद्ध में रूस के हाथों जर्मनी की हार हुई थी, 9 मई के दिन महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध समाप्त*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी मई में एक बार फिर रूस का दौरा कर सकते हैं। रूसी मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी मॉस्को के रेड स्कवायर पर आयोजित होने वाली 80वीं ग्रेट पैट्रियोटिक वॉर (महान देशभक्ति युद्ध) परेड में बतौर अतिथि शामिल होंगे। यह कार्यक्रम द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। जिसे महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध भी कहा जाता है। पीएम मोदी का दौरा ऐसे समय होगा, जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम को लेकर बातचीत हो रही है। दोनों देशों के बीच पहले चरण की वार्ता इसी महीने सऊदी अरब के शहर रियाद में हुई है। पीएम मोदी पहले भी रूस और यूक्रेन दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से मिलकर शांति की अपील कर चुके हैं। उम्मीद की जा रही है कि इस दौरान पीएम मोदी की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं।

**उन सभी का स्वागत जो विजय दिवस का महत्व जानते: रूस**

### अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी आएंगे

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावारोव ने कहा है कि पीएम मोदी के अलावा कई अन्य देशों के राष्ट्र प्रमुख भी ग्रेट पैट्रियोटिक वॉर परेड में बतौर अतिथि शामिल हो सकते हैं। कई आमंत्रित देशों ने 9 मई को होने वाली परेड में आने की पुष्टि कर दी है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने भी कहा है कि कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों को परेड में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है। उन्होंने कहा कि रूस उन सभी विदेशी मेहमानों का स्वागत करेगा जो विजय दिवस के महत्व को समझते हैं।

### एक माह पहले जाएगी सेना

*इसके अलावा, भारतीय सेना की एक टुकड़ी भी इस परेड में शामिल हो सकती है। सैन्य सूत्र ने बताया कि रेड स्क्वायर पर होने वाले परेड में भारतीय सशस्त्र बलों की एक औपचारिक टुकड़ी की भागीदारी पर भी काम किया जा रहा है, जिसे रिहर्सल के लिए कम से कम एक महीने पहुंचना चाहिए। सूत्र ने यह भी बताया कि भारतीय सैन्यकर्मियों को रूस भेजने से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा चल रही है। भारतीय सेना का दल परेड से एक महीने पहले ही रूस जा सकता है ताकि परेड की रिहर्सल कर सके।*



फाइल फोटो

### पिछले साल दो बार रूस गए थे पीएम

अगर पीएम मोदी रूस जाते हैं तो यह 2025 की उनकी पहली आधिकारिक रूस यात्रा होगी। बता दें, पीएम नरेंद्र मोदी साल 2024 में दो बार रूस की यात्रा पर गए थे। जुलाई में पीएम मोदी का द्विपक्षीय दौरा था, जबकि अक्टूबर में वे रूस की अध्यक्षता में हुए 16वें ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल हुए थे।

### करीब 4 साल चला था युद्ध

*बता दें, द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान रूस और नाजी जर्मनी के बीच लड़े गए युद्ध को ग्रेट पैट्रियोटिक वॉर (महान देशभक्ति युद्ध) के नाम से जाना जाता है। यह युद्ध 22 जून 1941 से 9 मई 1945 तक चला था। यह मानव इतिहास के सबसे बड़े और खूनी युद्धों में से एक माना जाता है। जर्मनी की हार के साथ इस युद्ध की समाप्ति हुई थी।*

## खबर संक्षेप

### सिंगापुर में भारतीय मूल के पांच लोगों को मिली सजा

**सिंगापुर।** एक होटल में पूर्व बाउंसर की मौत के कारण हुए दंगे में शामिल होने के आरोप में भारतीय मूल के पांच लोगों को दो से तीन साल की जेल और बेंत से मारने की सजा सुनाई गई है।



श्रीधरन एलंगोवन को 36 महीने की जेल और बेंत से छह बार मारने की सजा दी गई, मनोज कुमार वेलायनथम को 30 महीने की जेल और चार स्ट्रोक की सजा दी गई, शशिकुमार पकिरसामी को 24 महीने की जेल और दो स्ट्रोक की सजा दी गई, पुथेनविला कीथ पीटर को 26 महीने की जेल और तीन स्ट्रोक की सजा सुनाई गई है और राजा ऋषि को 30 महीने की जेल और चार कोड़े मारने की सजा मिली।

### जम्मू-कश्मीर में पहली ई-एफआईआर दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को पुलवामा के अवंतीपोरा में ईमेल और वॉट्सएप से खीव पुलिस स्टेशन एफआईआर दर्ज करने वाला प्रदेश का पहला स्टेशन बन गया।



अवंतीपोरा पुलिस ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि अवंतीपोरा पुलिस ने ईमेल से की गई शिकायत के बाद पहली ई-एफआईआर दर्ज की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, न्यू कॉलोनी खीव निवासी मुश्ताक अहमद भट ने आदिल अहमद भट और बिलाल अहमद भट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने हमले में परिवार के घायल होने का आरोप लगाया।

## भारत ने दी चीन को सीधी चुनौती, बड़ी परियोजना का किया ऐलान

# अरुणाचल सीमा पर बनेगा 1400 किमी लंबा हाईवे, अब किसी भी मौसम में पहुंचेगी सेना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन सीमा के पास केंद्र सरकार ने बड़े हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी है। इससे सीमांत इलाकों तक संपर्क में इजाफा होगा, इसके अलावा सुदूर अरुणाचल प्रदेश से अन्य राज्यों तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा। अरुणाचल प्रदेश पर तवांग नाम से चीन दावा करता रहा है। ऐसे में उसके लिए इतने बड़े प्रोजेक्ट का ऐलान कर भारत ने उसे सीधा संदेश दिया है। मोदी सरकार के मंत्री किरेन रिजिजू ने अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में लगे एक मेले के दौरान इसका ऐलान किया।

उन्होंने कहा कि यह हाईवे चीन और भारत सीमा पर 12 जिलों से होकर गुजरेगा। यह एक सपने के पूरे होने जैसा होगा और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों के लिए यह गेमचेंजर बनेगा। रिजिजू ने कहा कि इस हाईवे पर 42,000 करोड़ रुपए की लागत आने वाली है। यह अकेला ऐसा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है, जिसके लिए केंद्र सरकार ने एक बार में ही इतने बड़े फंड को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे रणनीतिक रूप से बेहद अहम होगा।

*केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि इस हाईवे पर 42,000 करोड़ की लागत आने वाली है। यह अकेला ऐसा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है, जिसके लिए केंद्र सरकार ने एक बार में ही इतने बड़े फंड को मंजूरी दी है। अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे रणनीतिक रूप से बेहद अहम होगा*

**42,000 करोड़ रुपए की लागत से होगा तैयार**

### चीन और भारत सीमा पर 12 जिलों से गुजरेगा हाईवे




### पीएम मोदी ने दी मंजूरी

*रिजिजू ने कहा कि इससे पहले भी पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे, कोलकाता-चेन्नई हाईवे और जयपुर दिल्ली कॉरिडोर आदि पर बड़ी लागत लगी है, लेकिन रणनीतिक रूप से अहम प्रोजेक्ट्स की बात करें तो यह सबसे अहम होगा। यह हाईवे अरुणाचल प्रदेश के रणनीतिक रूप से संवेदनशील ईस्ट कामेंग, बिशोम, अपर सुबानसिरी, शी-योमी, अनजॉ और चांगलांग जैसे जिलों से होकर निकलेगा। रिजिजू ने कहा कि इतना अहम प्रोजेक्ट पीएम नरेंद्र मोदी के चलते ही मंजूर हुआ है।*

### चीन की सीमा से 20 किमी दूर

रिजिजू ने बताया कि इस हाईवे की कुल लंबाई 1400 किलोमीटर होगी और कई जगहों पर तो यह चीन की सीमा से महज 20 किलोमीटर की दूरी पर होगा। अरुणाचल प्रदेश के जिस मेले में रिजिजू ने इस हाईवे का ऐलान किया, उसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद थे। बोसीमला मेले को संबोधित करते हुए रिजिजू ने कहा कि यह इलाका नेशनल हाईवे से दूर है। इसके बाद भी यहां उपराष्ट्रपति पहुंचे तो यह अहम बात है और इसे इतिहास में दर्ज किया जाएगा।

### पूरा होने वाला है रिजिजू का सपनाः उपराष्ट्रपति

*उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह अरुणाचल प्रदेश के लोगों के लिए गर्व की बात है। यह रिजिजू का सपना था कि एक ऐसा हाईवे अरुणाचल के लिए मंजूर हो और अब वह पूरा होने वाला है। उन्होंने कहा कि फंड को मंजूरी मिल चुकी है और अब पास काम शुरू होना है। उन्होंने कहा कि रिजिजू ने पीएम मोदी को आश्वस्त कर दिया है कि अरुणाचल प्रदेश में 50,000 मेगावॉट बिजली उत्पादन और 5 लाख करोड़ के निवेश की संभावनाएं हैं। न्योकुम योलो नाम के जिस मेले में रिजिजू और उपराष्ट्रपति मौजूद थे, वह अरुणाचल प्रदेश की निशी जनजाति का सबसे प्रमुख त्योहार माना जाता है।*




विदेश मंत्री ने 'बिजनेस फोरम' को वर्चुअली संबोधित किया

# भारत और अफ्रीका आपसी लाभकारी भागीदारी से जुड़े

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बुधवार को 'जापान-इंडिया-अफ्रीका बिजनेस फोरम' को वर्चुअली संबोधित किया। जिसमें उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जापान और निक्केई (टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज का एक शेयर बाजार सूचकांक) का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह फोरम न केवल दोनों देशों के बीच बढ़ती द्विपक्षीय गतिविधियों को मजबूती प्रदान करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। बल्कि अफ्रीका और उसके बाहर विकास व आर्थिक विकास के लिए साझेदारी को भी प्रोत्साहित करता है।

उन्होंने कहा कि अफ्रीका का विकास और समृद्धि केवल उनके अपने लोगों के लिए ही लाभदायक नहीं है। इसका अंतरराष्ट्रीय स्थिरता और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने में भी अहम योगदान है। भारत-जापान अपनी अतिरिक्त ताकत की वजह से अफ्रीका के सतत, समावेशी विकास को लेकर अच्छी स्थिति में हैं। जयशंकर ने विश्वास जताते हुए कहा कि इस चर्चा से मूल्यवान जानकारी मिलेगी।

### भारत का तकनीकी हस्तांतरण पर विश्वास



विदेश मंत्री ने कहा कि अफ्रीका को लेकर हमेशा से ही भारत की सोच दीर्घावधि और आपसी लाभकारी भागीदारी से गहराई से जुड़ी प्रतिबद्धता के जरिए निर्देशित होती है। जिसमें सामने से केवल प्राप्त करने का मॉडल शामिल नहीं है। भारत क्षमता, कौशल विकास और तकनीक हस्तांतरण पर विश्वास रखता है। अफ्रीकी देशों को लाभ मिलने के अलावा आत्म-विकास का इकोसिस्टम विकसित कर सकते हैं। इंडियन टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन (आईटीईसी) कार्यक्रम, समूचे अफ्रीका में फैला ई-नेटवर्क प्रोजेक्ट और हाई इंपैक्ट कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (एचआईसीडीपी) शिक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में स्थानीय क्षमताओं को मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

### अफ्रीका में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई

जयशंकर ने कहा कि भारत अपने अफ्रीकी भागीदारों तक वर्चुअल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए 2019 में ई-विद्या भारती और ई-आरोग्य भारती नेटवर्क लांच किया गया था। इस कार्यक्रम के तहत 19 अफ्रीकी देशों के युवाओं ने स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा कोर्स में दाखिला लिया। भारत का विश्वास है कि मानव पूंजी में निवेश अफ्रीका के साथ एक सच्ची आपसी लाभकारी भागीदारी है। भारत द्वारा तय किया गया तीव्र आर्थिक विकास जापानी कंपनियों के लिए एक आदर्श केंद्र है। जिसे अफ्रीका और मध्य एशिया तक विस्तार होगा। जापान का निवेश, भारत का मजबूत औद्योगिक बेस, डिजिटल क्षमताएं और अफ्रीका की प्रतिभा व उपभोग क्षमता एक साथ सभी हितधारकों के लिए फायदेमंद परिणाम ला सकती है।

### नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



*काठमांडू। महाशिवरात्रि के अवसर पर नेपाल के काठमांडू में बागमती नदी के तट पर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा और दर्शन के लिए मंगलवार देर रात से ही लोगों की कतारें लगने लगी थीं। 'पशुपति क्षेत्र विकास न्यास' के सदस्य सचिव मिलन कुमार थापा ने बताया कि मंदिर मंगलवार देर रात सवा दो बजे खुला और भक्तों को चारों द्वारों से मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई। पशुपतिनाथ मंदिर में बुधवार को नेपाल और भारत से 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और मंदिर में पूजा-अर्चना के सुचारू संचालन के लिए 4,000 सुरक्षा कर्मियों और 10,000 स्वयंसेवकों को तैनात किया गया है।*

पठानकोट में बीएसएफ की बड़ी कार्रवाई

## घुसपैठ की साजिश हुई नाकाम एक पाकिस्तानी को मार गिराया

एजेंसी ▶▶ पठानकोट

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को बुधवार को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पंजाब के पठानकोट में पाकिस्तान से सटे एरिया में एक घुसपैठिए को बीएसएफ ने मार गिराया। बीएसएफ के जवानों ने ये कार्रवाई की।

सूत्रों के अनुसार,पठानकोट के अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया बॉर्डर क्रॉस करने की तैयारी में था। आरोपी भारतीय सीमा में घुस चुका था। बीएसएफ के जवानों ने उसे देखा और रुकने की चेतावनी दी।



### घुसपैठिए की पहचान की जा रही

बीएसएफ के अनुसार, '26 फरवरी की सुबह ताशपतन बॉर्डर पोस्ट पर जवानों ने सीमा के पार संदिग्ध गतिविधि देखी। वह भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था। सतर्क जवानों ने उसे चेतावनी दी लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया और आगे बढ़ता रहा। ऐसे में खतरे को भांपते हुए बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया।

स्वदेशी आईडीडीएम श्रेणी के तहत होगी खरीदी

## एसीएडीए की खरीद के लिए एलएंडटी कंपनी के साथ किया 80.43 करोड़ रु. का समझौता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मौजूदा वक्त में युद्ध की तेजी से बदलती तकनीक के बीच भारतीय सेना ने बुधवार को स्वचालित रासायनिक एजेंट पहचान और चेतावनी (एसीएडीए) प्रणाली की खरीद के लिए मेसर्स लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड (एलएंडटी) के साथ 80.43 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसके जरिए कंपनी से कुल 223 एसीएडीए की खरीद की जाएगी।



### डीआरडीओ की अहम भूमिका

मंत्रालय ने बताया कि समझौते को स्वदेश में डिजाइन, विकास और निर्माण से जुड़ी रक्षा खरीद प्रक्रिया की आईडीडीएम श्रेणी के तहत क्रियान्वित किया जाएगा। एसीएडीए को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के ग्वालियर स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान ने डिजाइन के साथ विकसित किया है। यह प्रणाली रासायनिक, जैविक, रेडियोधर्मी विकिरण वाले पदार्थों और आणविक हमलों से सुरक्षा के लिए राष्ट्र की पहल की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## ट्रंप का ऐलानः अमेरिका में नागरिकता पाने के लिए अब देना होगी मोटी रकम

# ईबी-5 वीजा की जगह लेगा गोल्ड कार्ड, भारतीयों को देने होंगे 43 करोड़ रुपए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिकी नागरिकता पाने के लिए लांच किए गए गोल्ड कार्ड ने ग्रीन कार्ड की इच्छा रखने वाले भारतीयों को चिंता में डाल दिया है। क्योंकि यह गोल्ड कार्ड अमेरिका की करीब 35 साल पुरानी ईबी-5 वीजा की जगह लेगा। बीते मंगलवार देर रात एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर के बाद इसकी घोषणा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हमने अमेरिका की नागरिकता पाने के लिए गोल्ड कार्ड लांच किया है, जिसकी कीमत 50 लाख डॉलर होगी। मौजूदा ग्रीन कार्ड के भी कई फायदे मिलेंगे। गोल्ड कार्ड खासतौर पर उन अमीर लोगों के लिए अमेरिका की स्थायी नागरिकता पाने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। वहां निवेश के अलावा करों के भुगतान के साथ रोजगार का सृजन करेंगे। यहां बता दें कि ईबी-5 रोजगार, पारिवारिक प्रायोजक या निवेश के जरिए अमेरिका में स्थायी निवास का मार्ग प्रशस्त करता है। जबकि गोल्ड कार्ड से इसे सीधे 50 लाख डॉलर खर्च कर हासिल किया जा सकता है।



### 14 दिनों में प्रभावी हो जाएगा 'गोल्ड कार्ड'

अमेरिकी प्रशासन के व्यापार सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि गोल्ड कार्ड आगामी दो सप्ताह में ईबी-5 की जगह ले लेगा। इससे संबंधित कार्यक्रम को जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने वर्ष 1990 में अमेरिकी कांग्रेस द्वारा बनाए गए इस विदेशी निवेशक वीजा कार्ड को गलत बताया। बीते समय में इसके दुरुपयोग को लेकर इसकी काफी आलोचना की गई थी।

### यूक्रेन और अमेरिका के बीच दुर्लभ खनिजों को लेकर समझौता

यूक्रेन और अमेरिका दुर्लभ खनिजों के दोहन संबंधी समझौते समेत एक व्यापक आर्थिक करार की रूपरेखा पर सहमत हो गए हैं। यूक्रेन के तीन वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मामले से परिचित एक अधिकारी ने बताया कि कीव को उम्मीद है कि समझौते पर हस्ताक्षर होने से यूक्रेन के लिए उस अमेरिकी सैन्य सहायता का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित हो जाएगा जिसकी उसे तत्काल आवश्यकता है। यूक्रेन के एक अधिकारी ने बताया कि समझौते पर शुक्रवार को हस्ताक्षर होने की संभावना है और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए वाशिंगटन जाने की योजना बनाई जा रही है।

### पहले अवैध प्रवासियों को किया बाहर

गौरतलब है कि पिछले महीने 20 जनवरी को दोबारा अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने कई सरकारी योजनाओं में तब्दीली की युद्धस्तर पर कवायद शुरू की है। इसमें सबसे पहले उन्होंने अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों को सख्ती के साथ बाहर का रास्ता दिखाया गया। जो लोग अवैध तरीके से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। उन्हें भी ट्रंप ने बाहर कर उनके देश रवाना कर दिया। इसमें भारत के अलावा कुछ अन्य एशियाई देशों के नागरिक भी शामिल हैं। अब वह अमीरों के लिए अमेरिकी नागरिकता लेने के लिए गोल्ड कार्ड लेकर आए हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी बधाई

## डीआरडीओ-नौसेना ने किया एंटी शिप मिसाइल का सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से पहली स्वदेशी एंटी शिप मिसाइल (एनएएसएम-एसआर) का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और नौसेना को इसके लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैन-इन-लूप फीचर से जुड़ा यह सफल परीक्षण अपने आप में काफी अनोखा है। जो मिसाइल को उड़ान के दौरान लक्ष्य पर निशाना लगाने की क्षमता प्रदान करता है। परीक्षण में मिसाइल ने अपने सभी तय




उद्देश्यों को सफलता के साथ पूरा किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि पिछले मंगलवार को किए गए इस परीक्षण के दौरान एनएएसएम-एसआर मिसाइल को नौसेना के सीकिंग हेलिकॉप्टर से जहाज के एक निर्धारित लक्ष्य पर दागकर उसकी क्षमता की जांच की गई। जिसमें मिसाइल तमाम फीचर्स पर खरा उतरा।

# 51 साल की उम्र में भी नहीं बदला तेंदुलकर का अंदाज, मास्टर्स की लगातार दूसरी जीत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए भले ही लंबा समय हो गया है, लेकिन अभी भी उनके खेलने का अंदाज नहीं बदला है। सचिन फिलहाल अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग में हिस्सा ले रहे हैं, जहां वह इंडिया मास्टर्स की कप्तानी संभाल रहे हैं। सचिन ने इंग्लैंड मास्टर्स के खिलाफ 21 गेंदों पर 34 रन की पारी खेली जिससे इंडिया मास्टर्स ने नौ विकेट से जीत दर्ज की।

### चौकों-छक्कों से झूमे दर्शक

मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में इंडिया मास्टर्स ने 132 रन का लक्ष्य 11.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान तेंदुलकर ने क्रिस शॉफील्ड की गेंद पर आउट होने से पहले पांच चौके और एक छक्का लगाकर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों का मनोरंजन किया। सचिन ने बल्लेबाजी के दौरान कई शानदार शॉट्स खेले और अपने खेलने के दिनों की याद दिला दी। सचिन की पारी देखकर स्टेडियम पर मौजूद दर्शक खुशी से झूम उठे।



### मास्टर्स की लगातार दूसरी जीत

घरेलू टीम के लिए गुरकीरत सिंह मान ने 35 गेंद में नाबाद 63 रन की पारी खेली, जबकि युवराज सिंह 14 गेंद में 27 रन बनाकर नाबाद रहे जिससे इंडिया मास्टर्स ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। तेंदुलकर की अगुवाई वाली टीम ने इंग्लैंड मास्टर्स को आठ विकेट पर 132 रन पर रोक दिया। तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने तीन जबकि तेज गेंदबाज अभिमन्यु मिथुन और बाएं हाथ के स्पिनर पवन ने दो-दो विकेट लिए।

### सचिन का करियर

सचिन तेंदुलकर के नाम टेस्ट और वनडे में सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड है। मास्टर ब्लास्टर ने भारत के लिए 200 टेस्ट मैच खेले जिनमें 15921 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 51 शतक और 68 अर्धशतक लगाए। वहीं, 463 वनडे मैचों में उनके बल्ले से 18426 रन निकले जिनमें 49 शतक और 96 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा सचिन ने भारत के लिए एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेला है।

### कोहली तोड़ सकता है सौ शतक का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मुंबई के धुरंधर वसीम जाफर का मानना है कि विराट कोहली अगले तीन चार साल और खेल सकता है और सचिन तेंदुलकर का सौ अंतरराष्ट्रीय शतकों का रिकॉर्ड भी तोड़ सकता है। छत्तीस वर्ष के कोहली ने दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में पाकिस्तान पर छह विकेट से मिली जीत में अपना 82वां अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया। जाफर ने इंडिया कारपोरेट टी20 बैश के लांच के मौके पर कहा, 'एक क्रिकेटप्रेमी के तौर पर आप विराट को ज्यादा से ज्यादा खेलते देखना चाहते हैं। मुझे यकीन है कि सभी चाहते हैं कि वह तीन चार साल और खेलकर सारे रिकॉर्ड तोड़े। वह शतकों का रिकॉर्ड तोड़ सकता है। जब सचिन तेंदुलकर ने सौ शतक बनाए तो लगा था कि इसे कोई नहीं तोड़ सकेगा लेकिन 2010 से जिस तरह से विराट ने रन बनाए हैं तो लगता है कि वह इस असंभव को संभव कर सकता है। अगर विराट रिकॉर्ड तोड़ता है तो सचिन तेंदुलकर को बहुत खुशी होगी।'



## खबर संक्षेप



### वित्तीय सहायता देने के संबंध में समिति गठित

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारत के सामने आने वाली चुनौतियों और 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी की देश की दावेदारी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय खेल महासंघों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के मानदंडों में संशोधन करने के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल करेंगे। इसमें कार्यकारी निदेशक (टीम) रितु पथिक, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के सीईओ एनएस जोहल, पूर्व टॉप्स सीईओ कमोडोर (सेवानिवृत्त) पीके गर्ग और भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव शामिल हैं।

### पिंक लेडीज़ कपः कोरिया से हारी भारतीय टीम

**शारजाह।** भारत की सीनियर महिला टीम बुधवार को यहां अल हमरिया स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में पिंक लेडीज कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच में कोरिया से 0-3 से हार गई। फीफा रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद कोरियाई टीम मध्यांतर तक 2-0 से आगे थी। कोरिया की तरफ से चोई यूजुंग (आठवें) और चोई डागयेओंग (27वें) ने पहले हाफ में गोल किए। उसकी तरफ से तीसरा गोल मुन यूनजु ने 81वें मिनट में किया। भारत ने इस टूर्नामेंट में तीन मैच खेले। उसने अपने पहले मैच में जॉर्डन को हराया था लेकिन इसके बाद उसे रूस और कोरिया से हार का सामना करना पड़ा।




### अभियान पटरी पर लाने के लिए उतरेगा आरसीबी

**बेंगलुरु।** पिछले मैच में सुपर ओवर में मिली हार को भुलाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु गुरुवार को यहां महिला प्रीमियर लीग में अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर चल रही गुजरात जॉइंट्स की टीम के खिलाफ जीत दर्ज करके अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने पहले दो मैच जीतकर इस सत्र में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसे लगातार दो मैच में मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स से हार का सामना करना पड़ा।



### फखर और अयूब की कमी खलीः आकिब

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच और राष्ट्रीय चयनकर्ता आकिब जावेद ने बुधवार को कहा कि सैम अयूब और फखर जमां के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से चैंपियंस ट्रॉफी में राष्ट्रीय टीम के अभियान पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। आकिब ने कहा कि सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने के बावजूद टीम अपने अभियान का जीत के साथ अंत करने के लिए प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान गुरुवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में बांग्लादेश से खेलेगा।



### एक गेंद शेष रहते रोमांचक मुकाबले में आठ रन से हराया

# जदरान और उमरजइ ने अफगानिस्तान को दिलाई जीत, इंग्लैंड चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

एजेंसी ▶▶| लाहौर

इब्राहिम जदरान के रिकार्ड 177 रन और तेज गेंदबाज अजमतुल्लाह उमरजइ के पांच विकेट की मदद से अफगानिस्तान ने एक रोमांचक मुकाबले में बुधवार को इंग्लैंड को आठ रन से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर कर दिया। इंग्लैंड की टीम दो मैच हार चुकी है और अब उसे ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच में दक्षिण अफ्रीका से खेलना है जिसके आस्ट्रेलिया के बराबर तीन अंक हैं। अफगानिस्तान के अब दो अंक है और उसे अगले दौर में पहुंचने के लिए आखिरी ग्रुप मैच में आस्ट्रेलिया को हराना होगा।

जीत के लिए 326 रन के लक्ष्य के जवाब में इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दो विकेट 30 रन पर गंवा दिए। उमरजइ ने 58 रन देकर पांच अहम विकेट लिए और एक गेंद बाकी रहते इंग्लैंड की पूरी टीम 317 रन पर आउट हो गई। जो रूट ने 111 गेंद में 120 रन बनाए। उन्होंने बेन डकेट (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 68 रन की और कप्तान जोस बटलर के साथ पांचवें विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की। इस मैच की विजेता टीम की ग्रुप बी से सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदें बरकरार रहेंगी और दूसरी टीम बाहर हो जाएगी।




### जादरान चैंपियंस ट्रॉफी के सर्वश्रेष्ठ स्कोरर

अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इंब्राहिम जादरान ने लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए चैंपियंस ट्रॉफी के पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। जादरान 146 गेंदों पर 12 चौकों और छह छक्कों की मदद से 177 रन बनाकर आउट हुए। यह चैंपियंस ट्रॉफी इतिहास में किसी खिलाड़ी का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। उन्होंने इंग्लैंड के बेन डकेट को पीछे छोड़ा जिन्होंने पिछले मुकाबले में इसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 165 रनों की पारी खेली थी।

### चैंपियंस ट्रॉफी में टॉप स्कोर

| रन | बल्लेबाज | बनाम | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 177 | इब्राहिम जादरान | इंग्लैंड | 2025 |
| 165 | बेन डकेट | ऑस्ट्रेलिया | 2025 |
| 145* | नाथन एश्ले | अमेरिका | 2004 |
| 145 | एंडी फ्लावर | भारत | 2002 |
| 141* | सौरव गांगुली | द.अफ्रीका | 2000 |

### जदरान का तूफान

सलामी बल्लेबाज जदरान के 177 रन की मदद से अफगानिस्तान ने सात विकेट पर 325 रन बनाए।जदरान ने 146 गेंद की अपनी पारी में 14 चौके और छह छक्के जड़े। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने उनका पूरा साथ निभाते हुए 67 गेंद में 40 रन बनाए और चौथे विकेट की साझेदारी में 103 रन भी जोड़े। अजमतुल्लाह उमरजइ ने 31 गेंद में 41 रन बनाए और पांचवें विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी की। बाद में जदरान ने मोहम्मद नबी के साथ छठे विकेट के लिए 111 रन जोड़े। नबी ने 24 गेंद में 40 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

| अफगानिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहमानुल्लाह गुरबाज बो आर्चर | 06 | 15 | 0 | 0 |
| जदरान का आर्चर बो लिविंगस्टोन | 177 | 146 | 12 | 6 |
| सेदिकुल्लाह पगबाधा बो आर्चर | 04 | 04 | 1 | 0 |
| रहमत शाह का रशीद बो आर्चर | 04 | 09 | 0 | 0 |
| हशमतुल्लाह शाहिदी बो रशीद | 40 | 67 | 3 | 0 |
| उमरजइ का बेंटोन बो ओवरटन | 41 | 31 | 1 | 3 |
| नबी का रूट बो लिविंगस्टोन | 40 | 24 | 2 | 3 |
| गुलबदिन नायब नाबाद | 01 | 03 | 0 | 0 |
| राशिद खान नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, योग : 50 ओवर में 325/7
गेंदबाजी : आर्चर 10-0-64-3, वुड 8-0-50-0, ओवरटन 10-0-72-1, रशीद 10-0-60-1, रूट 7-0-47-0, लिविंगस्टोन 5-0-28-2.

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल साल्ट बो उमरजइ | 12 | 13 | 2 | 0 |
| बेन डकेट पगबाधा बो राशिद | 38 | 45 | 4 | 0 |
| जैमी स्मिथ का उमरजइ बो नबी | 09 | 13 | 2 | 0 |
| रूट का गुरबाज बो उमरजइ | 120 | 111 | 11 | 1 |
| हैरी ब्रूक का और बो नबी | 25 | 21 | 3 | 0 |
| बटलर का रहमत बो उमरजइ | 38 | 42 | 0 | 2 |
| लिविंगस्टोन का गुरबाज बो नायब | 10 | 08 | 2 | 0 |
| ओवरटन का नबी बो उमरजइ | 32 | 28 | 3 | 0 |
| आर्चर का नबी बो फारूकी | 14 | 08 | 2 | 0 |
| रशीद का जदरान बो उमरजइ | 05 | 07 | 0 | 0 |
| मार्क वुड नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, योग : 49.5 ओवर में 317/10
गेंदबाजी : फारुकी 10-0-62-1, उमरजइ 9.5-0-58-5, नबी 8-0-57-2, राशिद 10-0-66-1, अहमद 10-0-51-0, नायब 2-0-16-1.


### रणजी ट्रॉफी फाइनल

# मालेवार का नाबाद शतक विदर्भ की दमदार वापसी

एजेंसी ▶▶| नागपुर

युवा बल्लेबाज दानिश मालेवार के नाबाद शतक और अनुभवी करुण नायर के साथ 215 रन की साझेदारी की मदद से दो बार के चैंपियन विदर्भ ने खराब शुरुआत से उबर कर केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन बुधवार को यहां चार विकेट पर 254 रन बनाए। मालेवार 138 रन बनाकर खेल रहे हैं जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यह दूसरा शतक है।

नायर भी शतक के करीब थे लेकिन दिन के खेल के अंतिम ओवरों में वह आपसी गफलत के कारण रन आउट हो गए। उन्होंने 86 रन बनाए। इन दोनों ने तब जिम्मेदारी संभाली जब विदर्भ तीन विकेट पर 24 रन के स्कोर पर संकट में दिख रहा था। मालेवार और नायर ने चौथे विकेट के लिए बड़ी साझेदारी के दौरान 414 गेंद खेली। जब लग रहा था कि यह दोनों दिन का खेल समाप्त होने तक नाबाद रहेंगे तब वे एक अनावश्यक रन के लिए दौड़ पड़े और नायर को अपना विकेट गंवाना पड़ा। उन्होंने अपनी पारी में 188 गेंद का सामना किया तथा आठ चौके और एक छक्का लगाया। मालेवार अभी तक 259 गेंद का सामना कर चुके हैं। उनकी पारी में 14 चौके और दो छक्के शामिल हैं।



### निधिश ने चटकाए दो विकेट

इससे पहले केरल ने टॉस जीत कर विदर्भ को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और शुरू में ही उसे तीन झटके दिए। केरल की तेज गेंदबाजी के अगुआ एमडी निधिश ने दो विकेट लिए जबकि नई गेंद के उनके जोड़ीदार ईडन एप्पल टॉम ने एक विकेट लिया। निधिश ने मैच की दूसरी ही गेंद पर पार्थ रेखाडे (00) को आउट कर दिया लेकिन इसका श्रेय कप्तान सचिन बेबी को जाता है, जिन्होंने मैदानी अंपायर द्वारा पगबाधा की जोरदार अपील को ठुकराने के बाद रिव्यू लेने का फैसला किया। दर्शन नालकंडे (01) ने खराब शॉट खेल कर निधिश को अपना विकेट इनाम में दिया जबकि ईडन एप्पल टॉम ने ध्रुव शोरे (16) को विकेट के पीछे कैच कराकर केरल को बड़ी सफलता दिलाई।

### वनडे रैंकिंग

# गिल शीर्ष पर मजबूत कोहली 5वें स्थान पर



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत को चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने आईसीसी एक दिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

गिल ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 101 और पाकिस्तान के खिलाफ 46 रन की पारी खेली थी। उन्हें इससे 21 रेटिंग अंक मिले और अब उनके 817 रेटिंग अंक हो गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे स्थान पर अब उनसे 47 अंक पीछे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाने वाले विराट कोहली पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि केएल राहुल 15वें स्थान पर आ गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाने वाले न्यूजीलैंड के विल यंग आठ पायदान चढ़कर 14वें और टॉम लैथम 11 पायदान चढ़कर 30वें स्थान पर आ गए है। वहीं रचिन रविंद्र 18 पायदान चढ़कर अब 24वें स्थान पर हैं। आस्ट्रेलिया के एलेक्स कारी चार स्थान के फायदे के साथ 50वें और जोश इंगलिस 18 स्थान के फायदे के साथ 81वें स्थान पर हैं। गेंदबाजों में केशव महाराज और मैट हेनरी शीर्ष पांच में और एडम जम्पा शीर्ष दस में पहुंच गए हैं।

### भारतीय टीम को जीतनी चाहिए चैंपियंस ट्रॉफी

**शारजाह।** भारत के पूर्व बल्लेबाज और कोच लालचंद राजपूत ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम को निर्मम करार देते हुए कहा कि उसे चैंपियंस ट्रॉफी जीतनी चाहिए। भारत ने 2007 में राजपूत के कोच रहते हुए ही पहले टी20 विश्व कप में जीत हासिल की थी। राजपूत ने कहा, 'भारतीय टीम निर्मम नजर आ रही है। वह हर मैच में दबदबा बना कर जीत हासिल करना चाहती है। वह विरोधी टीम को मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं देना चाहते हैं। यही सही रवैया है। भारतीय टीम जिस तरह से खेल रही है उससे मुझे लगता है कि उसे आसानी से चैंपियंस ट्रॉफी जीतनी चाहिए।'

## बीएफआई चुनाव जल्द कराने की जरूरत, मैं खुद लड़ने को तैयार

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक जीतने वाले भारत के पहले और एकमात्र पुरुष मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के जल्द से जल्द नए सिरे से चुनाव कराने की अपील करते हुए कहा कि अगर मौका मिला तो वह चुनाव लड़ने में संकोच नहीं करेंगे। बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता 39 वर्षीय विजेंदर अभी पेशेवर सर्किट में खेल रहे हैं हालांकि उन्होंने 2022 के बाद से कोई मुकाबला नहीं लड़ा है। विजेंदर ने कहा, 'जब भी चुनाव हों, मैं उनमें खड़ा होना चाहूंगा। मैंने पूरी जिंदगी संघर्ष किया है, यह मेरे लिए एक और लड़ाई होगी। मुझे नहीं पता कि मुझे समर्थन मिलेगा या नहीं, लेकिन मैं चुनाव लड़ने से नहीं डरता। अगर मुझे बदलाव करने का मौका मिलता है तो मैं अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं एक खिलाड़ी के रूप में संन्यास लेने जा रहा हूं। ऐसा मैं कभी नहीं करुंगा।'



# कतर ओपन जीतने के 3 दिन बाद दुबई में पहले दौर में हारे रुबलेव

एजेंसी ▶▶| दुबई

रूस के तीसरी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव कतर ओपन खिताब के तीन दिन बाद दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर क्वेंटिन हेलिस से 3-6, 6-4, 7-6 (5) से हारकर बाहर हो गए। विश्व में 77वीं रैंकिंग के खिलाड़ी हेलिस की शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। उनका अगला मुकाबला रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट से होगा।

एक अन्य मैच में शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 7-6 (4) से हराया। उनका अगला मुकाबला जियोवानी एमपेत्शी पेरिकार्ड से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर 2014 के अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच से 6-2, 3-6, 6-3 से हार गए। नूनो बोर्जेस ने आठवीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 6-2, 6-1 से हराया। दूसरे दौर में पहुंचने वाले अन्य खिलाड़ियों में पांचवीं वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट, माटेओ बेरेटिनी, फेलिक्स ऑगर अलियासिमे और क्वालीफायर क्रिस्टोफर ओकोनेल शामिल हैं।



### दो मैच में करारी हार झेलने के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर

# जीत के साथ अंत करने उतरेंगे पाकिस्तान और बांग्लादेश

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

अपने पहले दो मैच में करारी हार झेलने के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीम गुरुवार को यहां होने वाले ग्रुप ए के मैच में जब आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी के अपने अभियान का जीत के साथ अंत करना होगा।

मेजबान पाकिस्तान ने पहले दोनों मैच में लचर प्रदर्शन किया तथा न्यूजीलैंड और भारत से करारी हार झेलने के बाद उसका अपनी धरती पर चैंपियन बनने का सपना चकनाचूर हो गया। यही कहानी बांग्लादेश की रही जिससे इन दोनों टीमों के बीच होने वाला मैच औपचारिक रह गया है। इस मैच में अब दोनों टीम प्रतिष्ठा की खातिर एक दूसरे का सामना करेंगी। पाकिस्तान 29 साल बाद किसी वैश्विक प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है लेकिन टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अब देश के क्रिकेट ढांचे में आमूल चूल बदलाव करने की मांग उठ रही है। यह लगातार तीसरा अवसर है जबकि पाकिस्तान सीमित ओवरों की क्रिकेट के किसी वैश्विक प्रतियोगिता के पहले दौर में बाहर हो गया। इससे पहले 2023 में वनडे विश्व कप और 2024 में टी20 विश्व कप में भी पाकिस्तान की टीम पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। ऐसे समय में जबकि अन्य टीम बेखौफ और आक्रामक रवैया अपना रही है तब लगता है कि पाकिस्तान अतीत में जी रहा है। उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बेहद रक्षात्मक रवैया अपना रहे हैं।



### फॉर्म में नहीं बल्लेबाज

पिछली बार चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाला बांग्लादेश भी भारत और न्यूजीलैंड से हार के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है। पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने भी अभी तक निराश किया है। उसके बल्लेबाजों में केवल तौहीद हृदोय, कप्तान नजमुल हसन और जाकर अली ही थोड़ा प्रभाव छोड़ पाए हैं। गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में भी बांग्लादेश का प्रदर्शन औसत रहा है।

# सीबीएसई : दो बार परीक्षा की योजना पर अभिभावकों और शिक्षाविदों ने कहा... निर्णय स्वागत योग्य, राहत से भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने परीक्षाओं को लेकर बड़े बदलाव की तैयारी की है। नए बदलाव के तहत अब 10वीं की परीक्षा दो बार कराई जाएगी। दो बार होने वाली इन परीक्षाओं का ड्राफ्ट सीबीएसई ने जारी कर दिया है। सीबीएसई ने हाल ही में ड्राफ्ट पॉलिसी जारी कर दी है, जिस पर 9 मार्च तक सुझाव मांगे गए हैं। बताया जा रहा है कि ये योजना विद्यार्थियों में परीक्षा के दबाव को कम करने और छात्रों को अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का अवसर देगी।

इसका उद्देश्य परीक्षा से संबंधित तनाव को कम करना है, साथ ही अधिक समग्र मूल्यांकन प्रणाली सुनिश्चित करना है। नए बदलाव के तहत 2026 में होने वाली 10वीं की परीक्षा का पहला राउंड 17 फरवरी 2026 से शुरू होकर 6 मार्च 2026 तक चलेगा। दूसरे राउंड की बोर्ड परीक्षा 5 मई 2026 से 20 मई 2026 तक चलेगी। हालांकि इस पर अंतिम मुहर लगना बाकी है। सीबीएसई के इस निर्णय को अभिभावकों और प्राचार्यों ने स्वागत योग्य बताते हुए सुविधा जनक कहा है। उनका कहना है कि दो बार परीक्षा होने से विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे, क्योंकि सभी विद्यार्थियों की परिस्थितियां और क्षमता समान नहीं होती हैं।

## पालक महासंघ बोला, कोचिंग जैसी व्यवस्थाओं पर प्रभावी रोक और कार्यालयों में पारदर्शिता पर भी हो विशेष ध्यान




### विद्यार्थी तनाव रहित रहेंगे, उनका प्रदर्शन भी बेहतर होगा



यह निर्णय वास्तविकता में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को राहत देने वाला है। इस निर्णय से न केवल विद्यार्थी तनाव रहित रहेंगे, बल्कि उनका बेहतर प्रदर्शन भी परिणामों में नजर आएगा। फिलहाल इस पर सुझाव मांगे गए हैं और अंतिम निर्णय अभी बाकी है। हमारी सीबीएसई से यही मांग है कि दोनों परीक्षाओं में बच्चे की बेहतर अंकों वाली मुख्य अंकसूची जारी जाए। ताकि विद्यार्थियों के मन एक परीक्षा में कम अंक आने पर किसी प्रकार की गिलानी मन में न रहे। निश्चित तौर पर सीबीएसई नई शिक्षा नीति के अनुसार, कई नवाचार कर रहा है। हालांकि शिक्षा के क्षेत्र में अभी बहुत काम होना जरूरी है। हमारा यह भी मानना है कि कोचिंग जैसी व्यवस्थाओं पर प्रभावी रोक और शिक्षा विभाग के कार्यालयों में पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

**प्रबोध पंडया**, महासचिव पालक महासंघ, मप्र

### विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार परीक्षा में शामिल हो सकेंगे



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड लगातार नई शिक्षा नीति पर काम कर रहा है। इसके साथ ही कई प्रकार के नवाचार किए जा रहे हैं, ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई में बेहतर बनाने के साथ ही कौशल आधारित और तनाव रहित शिक्षा मुहैया कराई जा सके। सीबीएसई का यह निर्णय स्वागत योग्य होने के साथ ही विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए भी राहत से भरा है। दो बार परीक्षा होने से विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे, क्योंकि सभी विद्यार्थियों की परिस्थियां और क्षमता समान नहीं होती हैं। ऐसे में विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। यह निर्णय बहुत ही बेहतर और व्यवहारिक है। हालांकि फिलहाल इस पर सुझाव मांगे गए हैं, अंतिम निर्णय अभी बाकी है।

**डॉ. राजेश शर्मा**
शिक्षाविद एवं प्राचार्य

# दुकानदारों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट का केस दर्ज

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद पुलिस ने ऑटो पार्ट्स की दुकान चलाने वाले दो दुकानदारों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। दोनों ही दुकानदार ब्रांडेड कंपनी के नाम पर लोकल कंपनी का माल बेच रहे थे। जानकारी के अनुसार मुंबई निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह ईआईपीआर इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि हैं। उनका काम टाटा मोटर्स पार्ट्स कंपनी से संबंधित उत्पाद की मार्केटिंग को चैक करना है। देवेंद्र ने पुलिस को लिखित शिकायत की थी कि इलाके की दो दुकानों पर उनकी कंपनी के नाम पर लोकल कंपनी का माल बेचा जा रहा है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने जब दोनों दुकानों पर कार्रवाई की तो वहां से लोकल कंपनी की क्लच प्लेट, बैरिंग समेत अन्य सामान जब्त हुआ। इस पर दुकानदार सुनील चुघ और कुशाल अरोरा के खिलाफ कापी राइट एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों से पूछताछ की जाएगी।

# माशिमं : दसवीं का आज हिंदी का पेपर प्रदेश के 9.53 लाख विद्यार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। बारहवीं के बाद अब गुरुवार को कक्षा दसवीं के पेपर की शुरूआत होगी। कक्षा दसवीं का पहला पेपर हिंदी का होगा। इस साल हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) परीक्षा में 9 लाख 53 हजार 777 विद्यार्थी शामिल होंगे। वहीं बारहवीं कक्षा का 28 फरवरी को अंग्रेजी का पेपर होगा।

इस परीक्षा में करीब 7 लाख 6 हजार 475 विद्यार्थी शामिल हो रहे। दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं में इस बार करीब 16.60 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 12 बजे निर्धारित किया गया है। खास बात यह भी है कि इस बार परीक्षा केंद्रों पर ईमानदारी की पेटी रखी जा रही हैं। मंडल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर एक पेटी रखी गई हैं। प्रदेश के लगभग 3 हजार 887 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस बार दोनों कक्षाओं की परीक्षा के लिए 562 संवेदनशील व अति संवेदनशील केंद्र बनाए गए हैं। भोपाल जिले में 103 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

नकल की रोकथाम के लिए ब्लॉक स्तर पर 2, जिला स्तर पर 2 टीमें जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बनाई गई हैं। वहीं जिला प्रशासन की 5 से 6 टीमें भी एसडीएम क्षेत्रों के हिसाब से निरीक्षण कर रही हैं। वहीं माशिमं एवं लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा भी संभागीय स्तर पर भी टीमें बनाई गई हैं।

### सीबीएसई 10वीं का उर्दू, बंगाली का पेपर होगा

*सीबीएसई बोर्ड की 15 फरवरी से परीक्षाएं शुरू हो गई है। गुरुवार को 10वीं का उर्दू, बंगाली सहित अन्य भाषाओं का पेपर होगा। वहीं सीबीएसई 12वीं कक्षा का केमिस्ट्री का पेपर होगा। परीक्षा का समय सुबह 10:30 से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। बता दें कि प्रदेशभर में 10वीं के 1.17 लाख और 12वीं के करीब 78 हजार विद्यार्थी सीबीएसई परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इनके लिए परीक्षा 493 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। भोपाल की बात करें तो यहां लगभग 40 केन्द्रों पर करीब 12 हजार स्टूडेंट परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इनमें भोपाल के 105 स्कूलों के 10वीं के 11,247 और 12वीं के 9463 विद्यार्थी हैं।*

महाशिवरात्रि मेले का उद्घाटन कर खजुराहो नृत्य महोत्सव को किया संबोधित

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने खजुराहो के मतंगेश्वर मंदिर में किया दर्शन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर खजुराहो पहुंचकर मतंगेश्वर महादेव के दर्शन-पूजन कर खजुराहो मेले का शुभारंभ किया और मेले में स्वच्छता अभियान में शामिल हुए।

वीडी मतंगेश्वर महादेव मंदिर में शिव बारात के मुकुट का पूजन कर खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव में शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने इससे पहले छतरपुर जिले के गढ़ा में स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा आयोजित 251 कन्याओं के सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होकर वर-वधुओं को सफल दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि खजुराहो में फिल्म सिटी निर्माण के साथ स्थानीय कलाकारों को बेहतर अवसर देने की मध्यप्रदेश सरकार की पहल सराहनीय है। खजुराहो वर्ल्ड हेरिटेज सिटी है और यहां दुनियाभर के पर्यटक आते हैं। खजुराहो दुनियाभर के पर्यटकों का पसंदीदा स्थान है। खजुराहो के विकास में चार चांद लगाएंगे।

# बीयू ने बढ़ाई परीक्षा आवेदन जमा करने की तारीख, अब 5 मार्च तक होंगे जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रथम वर्ष के लिए वार्षिक परीक्षा पद्धति से होने वाली परीक्षा के लिए आवेदन की तारीख बढ़ा दी है। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी (होम साइंस), बीए मैनेजमेंट, बीबीए, बीसीए, बीपीईएस के पहले और दूसरे वर्ष के विद्यार्थी अब सामान्य फीस के साथ 5 मार्च तक फार्म जमा कर सकेंगे। बीयू ने परीक्षा आवेदन जमा करने की तिथि को दूसरी बार बढ़ाया है।










+Terms and conditions apply. #Cashback Offer is available on purchase of any Honda two wheeler model includes 5% cashback upto maximum of ₹5000 on EMI transactions using HDFC bank credit card and IDFC FIRST bank credit card through Pine Labs machines only. #The scheme is available in selected outlets only. #Cashback offer is valid until 31st March 2025. **The finance scheme is at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. **The offers may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Schemes of Scratch & Win with assured gift and ₹2000 Exchange Bonus on all models are offered by Authorised Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of all models from Authorised Main Dealers and Associate Dealers. *This scheme is for both Finance & Cash Customers. *The offers are applicable in Uttar Pradesh, Uttarakhand, Madhya Pradesh, Chhattisgarh only. *Scheme can be withdrawn from the market without prior notice. *Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776, 8349032276, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; **BHOPAL:** Surana Honda - 4074455, 7566665646; Sai Samarth Honda - 07554253222, 9109103832; BGS Honda - 4044441, 7440654321, 4044441,2; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504, 8889592345; BGS Honda (Karondh) - 8319133403, 8889994503; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834, 9109103824; Power Honda (Gulmohar) - 4256062 , 7880055510; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932, 9425019567; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 9907404050, 9691222282; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda - 7415382282 (Kurawar); Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281, 09111005258; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 252244, 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 07482 292222, 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102, Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458, 9302205644; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda Makronia - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8823016566; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Shiv Shakti Honda (Keolari) - 9407848143: **BETUL:** Aaditya Honda - 231218, 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni, Malwa) - 9425476181; 9144332299; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 9425132725; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081/82/85; RR Honda (Aron) - 9907700774, Seth and Sons (Raghogarh) 9644008082, 9644008089; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **INDORE:** Kasliwal Honda - 4228999, 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 2461212, 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 2877101; 9827658000; Shyam Honda - 4757200, 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 2616222, 9009550955; Shree Mangalam Honda - 6232446444, 6232388955, 6232388956; Doshi Honda - 9669266999, 4009600; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; 4025247; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999, 4036444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 8770657728; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213, 9993768111; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471, 8827751007; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055, 241266; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; 228034; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 07282-241421, 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902, 9111002910; Sethi Honda (Chhanera) 9111002903, 7415345652; **DEWAS:** Sadguru Honda - 257499, 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721, 9893821721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh, Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396, 9425102858; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 223355, 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 236809, 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695, Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **KALAPIPAL:** Shree Balaji Honda - 9926028916; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Moti Honda - 78794534435; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909, 8109057750; Ujjain Honda - 8109068222, 9713454399, 07342555326; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701, 9827890387; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481, 9425332717; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963, 9340896405; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 07423-404110, 225110; 9575751616; Savita Honda (Manasa) - 9993773232, 07421-243081, Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646, 9827394646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441, Dhudhar Honda (Pichore) -7024325555; Jain Honda (Karera) - 8602760034; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **MHOW:** Radha Honda - 07324-275543; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802, 7389049040; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110, 9406523110; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437, 9926186413; Sumedha Honda - 8718819740, 8718819752; Divya Sai Honda - 09644204111, 9644207111; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 09827534200; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999, 8839257016; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698, 7755801125; **RAGHOGARH:** 9644008089, 07747-919669; **MORENA:** The Roshan Honda - 9300422900; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045 .

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930